www.epaper.azadsipahi.in
मां कात्यायनी
* ओड़िशा संस्करण
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही
Happy Durga Puja
रांची | 28 सितंबर, 2025, रविवार, वर्ष 10, अंक 338, आश्विन, शुक्ल पक्ष, षष्ठी, संवत 2082, पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00







# मां का मोहक रूप, पंडाल की भव्यता देखने को बेचैन रांची



**आजाद सिपाही संवाददाता**

- लुभा रहे मनमोहक पंडाल, उमड़ा दर्शनार्थियों का सैलाब


**रांची।** राजधानी में दुर्गोत्सव का रंग चटक हो गया है। लगभग प्रमुख पूजा पंडालों के पट खुल गये हैं। प्रसिद्ध मंदिर, स्मारको और शिक्षाप्रद संदेश देते एक से बढ़ कर एक कलाकृतियों के क्या कहने। ऐसा प्रतीत हो रहा मानो धरा पर स्वर्ग उतर आया हो। जिस ओर भी जाएं, उस ओर वातावरण में मनोहारी छटा बिखेरते पंडालों की खूबसूरती देखते ही बन रही है। कहीं बालाजी तो कहीं भूज के स्वामी नाथ मंदिर और वृंदावन के प्रेम मंदिर आदि का अलग ही आकर्षण है। शनिवार को दिनभर व्रत-उपवास और पूजा-पाठ कर श्रद्धालु मां की आराधना में रमे रहे। सांझ ढलते पूरा शहर रंग-बिरंगी विद्युत साज-सज्जा से जगमगा उठा। कर्णप्रिय भक्ति गीतों की स्वरलहरियो से वातावरण गुंजायमना हो गया। मौसम खराब रहने के बावजूद मां के दर्शन को आतुर भक्तों का सैलाब उमड़ा। सड़क से लेकर पंडालो तक देर रात तक मां भवानी के भक्तों का रेला सा लगा रहा। दर्शनार्थी आते मनमोहक पंडाल को अपलक निहारते और मां का दर्शन कर भक्ति मेले में खो से जाते। अब यह सिलसिला विजयदशमी तक नित्य चलेगा। दिनभर पूजा-पाठ कर भक्ति और सांझ ढलते दुर्गोत्सव की मस्ती चहुंओर छायी रहेगी।




## पीएम ने ओड़िशा में कई योजनाओं की शुरुआत की

# कांग्रेस अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रही : मोदी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को ओड़िशा के झारसुगुड़ा पहुंचे। उन्होंने जनता को करीब 38 मिनट तक संबोधित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भर भारत, जीएसटी बचत उत्सव, कांग्रेस शासन में भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि टेलीकॉम सेक्टर की शुरुआत हुई, तो भारत पीछे रह गया था। सोशल मीडिया पर चुटकुले चलते थे। जाने क्या-क्या लिखा जाता था। अब भारत स्वदेशी 4जी टेक्नोलॉजी वाला पांचवां देश बन गया है। मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार ने टैक्स घटा दिया, लेकिन हिमाचल में कांग्रेस सरकार जनता तक इसका लाभ नहीं पहुंचा रही है। वह अपना टैक्स लगाकर लूट में लगी है। कांग्रेस अभी भी हरकत से बाज नहीं आ रही। प्रधानमंत्री का 15 महीनों में छठा ओड़िशा दौरा था। उन्होंने 60 हजार करोड़ रुपये के कई बड़े रेल, शिक्षा और स्वस्थ्य क्षेत्र से जुड़ी परियोजनाओं की शुरुआत की। साथ ही बीएसएनएल के स्वदेशी 4जी टेक्नोलॉजी की भी शुरुआत की। इस मौके पर एनडीए शासित आठ राज्यों के मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल हुए। प्रधानमंत्री ने वर्चुअली अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखायी। यह ट्रेन ओड़िशा को गुजरात से जोड़ेगी। मोदी ने झारसुगुड़ा में रोड शो भी किया।

**कांग्रेस के लूट तंत्र से देश को बाहर निकाला:** मोदी ने कहा कि हमने देश को कांग्रेस के लूट तंत्र से बाहर निकाला। भाजपा सरकार में डबल बचत और डबल कमाई का दौर आया है। कांग्रेस सरकार में दो लाख की कमाई तक इनकम टैक्स देना पड़ता था। ये 2014 तक चला। जब आपने मुझे सेवा का मौका दिया, तब हमने 12 लाख की सालाना कमाई टैक्स फ्री की। 22 सितंबर से देश में ओड़िशा में जीएसटी के नये रिफॉर्म लागू हुए। इन सुधारों में आप सभी को जीएसची बचत उत्सव का उपहार दिया है। माताओं के लिए रसोई चलाना और सस्ता हो गया है। जरूरत के दाम और कम हो गये।

### विकसित ओड़िशा का संकल्प है

प्रधानमंत्री ने कहा कि डेढ़ साल पहले विधानसभा चुनाव में ओड़िशा के आप लोगों ने एक नये संकल्प के साथ आगे बढ़ने का प्रण लिया था। ये संकल्प था विकसित ओड़िशा। आज हम देख रहे हैं कि ओड़िशा डबल इंजन की रफ्तार से बढ़ रहा है। आज फिर एक बार ओड़िशा के विकास के लिए देश के विकास के लिए हजारों करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट का काम शुरू हुआ।

### भाजपा गरीबों को सशक्त बना रही

भाजपा सरकार गरीब की सेवा करने वाली गरीब को सशक्त करने वाली सरकार है। हमारा पूरा जोर गरीबों को दलितों को पिछड़ों को आदिवासियों को मूल सुविधाएं पहुंचाने पर है। आज इस कार्यक्रम में हम इसके साक्षी बन रहे हैं। मुझे अभी यहां अंत्योदय योजना लाभार्थियों को सर्टिफिकेट देने का मौका मिला। एक गरीब परिवार को पक्का घर मिलता है तो वर्तमान के साथ भावी पीढ़ियों का जीवन भी आसान हो जाता है।

### एशिया कप फाइनल मैच आज 41 साल बाद भारत-पाकिस्तान पहली बार आमने-सामने

**नयी दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान 41 साल में पहली बार एशिया कप के फाइनल में आमने-सामने होने जा रहे हैं। ग्रुप और सुपर-4 स्टेज में टीम इंडिया ने एकतरफा अंदाज में पाकिस्तान को हराया था। दोनों मैच दुबई में खेले गये, अब फाइनल भी दुबई में ही रविवार को होगा। फॉर्म के लिहाज से टीम इंडिया इस समय पाकिस्तान से काफी आगे नजर आ रही है। हालांकि, भारत से दो मैच हारने के बावजूद पाकिस्तान ने अच्छी वापसी की। उसने बांग्लादेश और श्रीलंका को हराकर फाइनल में पहुंचा है।

### जेसोवा ने मुख्यमंत्री को दिवाली मेला के लिए किया आमंत्रित

**रांची (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन से शनिवार को उनके आवासीय कार्यालय में झारखंड आइएएस ऑफिसर्स वाइव्स एसोसिएशन (जेसोवा) के प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार मुलाकात की। उन्होंने इस अवसर पर जेसोवा की ओर से रांची के मोरहाबादी मैदान में 9 अक्टूबर से 13 अक्टूबर - 2025 तक आयोजित होनेवाले पांच दिवसीय दिवाली मेला में सम्मिलित होने के लिए मुख्यमंत्री को आमंत्रण पत्र सौंपा। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों में जेसोवा की सचिव मनु झा, कोषाध्यक्ष शिवानी सिंह, कार्यकारिणी समिति सदस्य निक्की टोप्पो, जेसिना सिद्दीकी और ऋचा वर्णवाल शामिल थीं।






## अधिक भुगतान पर सवाल, जवाबदेही किसकी

# तेलोटाड़ अंडरपास में 1.61 करोड़ की अनियमितता: यह चुप्पी क्यों?

- कागजी रिपोर्ट बोल रही काम 'पूर्ण', जमीनी हकीकत 'भ्रष्टाचार'

**सुनील भंडारी/समिद खान**



**महुदा/तेलोटाड़ (आजाद सिपाही)।** आद्रा रेल मंडल के तहत खानुडीह-महुदा रेल लाइन के तेलोटाड़ के पास बने अंडरपास और उससे जुड़ी सड़क निर्माण परियोजना में सामने आये तथ्यों ने एक चौंकाने वाला सच उजागर किया है। स्थानीय आरटीआइ कार्यकर्ता महेश कुमार ने 27 अगस्त 2025 को सूचना का अधिकार अधिनियम (आरटीआइ) के तहत रेल विभाग से कुल 17 बिंदुओं पर जानकारी मांगी थी। विभाग की ओर से महेश कुमार को प्राप्त जवाब एवं दस्तावेजों के मुताबिक, इस परियोजना के लिए जहां 5.93 करोड़ रुपये की स्वीकृति थी, वहां अब तक 7.55 करोड़ रुपये का भुगतान ठेकेदार को किया जा चुका है। यानी 1.61 करोड़ रुपये का अधिक भुगतान। यह आंकड़ा कोई मामूली त्रुटि नहीं है। महेश ने इसे एक सुनियोजित घोटाला कहा है। मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। उन्होंने दावा किया है कि इस पूरी परियोजना में सरकारी धन की खुली लूट हुई है। विभागीय चुप्पी ने और भी संदिग्ध बना दिया है।

**कागजों में काम पूरा दिखा रहा:** जांच की मांग करने पर विभाग का सीधा जवाब है कि 'कार्य पूर्ण हो चुका है।' स्थानीय लोगों की मानें तो न तो सड़क की गुणवत्ता संतोषजनक है, न अंडरपास की स्थिति।

**विभाग ने कई बातों पर चुप्पी साधी:** महेश बताते हैं कि विभाग कई सवालों पर चुप्पी साध रखी है। जैसे, भुगतान की स्वीकृति किसने दी? गुणवत्ता की जांच किसने की? तकनीकी निरीक्षण क्यों नहीं हुआ? मजदूरों के भुगतान और निर्माण प्रक्रिया की पारदर्शिता बरती गयी है या नहीं?



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
200000 Subscribers
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



# बिहार में एनडीए ने दिया 'ट्रिपल एम' का फार्मूला

## ■ महिला, मोदी और मंदिर के मुद्दे पर खुलेगा भाजपा की जीत का द्वार

## ■ महिलाओं पर केंद्रित इस 'मंत्र' से ही निकलता है जीत का रास्ता

## ■ बिहार से पहले के चुनावों में भी महिलाओं ने ही पलटी है पूरी बाजी

**आजाद सिपाही विशेष**

महिलाएं जिस पार्टी के पक्ष में एकजुट हो जायें, चुनाव में उसकी जीत को भला कौन रोक सकता है। यह चुनावी विजय की कामना एक ऐसा 'मंत्र' है, जिसका जाप देश भर में चल रहा है। पिछले कुछ चुनावों पर नजर डालें, तो भाजपा ने सबसे पहले महिलाओं पर केंद्रित ऐसी योजनाएं लागू कीं, जिससे उसे चुनावों में अपार सफलता मिली। इसके बाद अन्य दलों ने भी इसी 'मंत्र' का अनुसरण करते हुए चुनावों में जीत हासिल की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से बिहार में शुक्रवार 26 सितंबर को 75 लाख महिलाओं को प्रदेश सरकार की एक योजना के तहत 10-10 हजार रुपये की वित्तीय सहायता का हस्तांतरण किया गया। यह भाजपा सहित अन्य दलों की ओर से विभिन्न राज्यों में अपने प्रतिद्वंद्वियों पर बढ़त हासिल करने के लिए अपनायी गयी एक सफल रणनीति का हिस्सा है। बिहार में महिलाओं को आकर्षित करने के लिए एनडीए जो तरीका इस्तेमल कर रहा है, वह पहले कई अन्य राज्यों में भी इस्तेमाल किया गया है और इसने चुनावों में सफलता भी दिलायी है। कर्नाटक में महिलाओं को मासिक वित्तीय सहायता का भुगतान कांग्रेस की उन पांच गारंटी में शामिल था, जिनकी बदौलत पार्टी को 2023 में भाजपा को राज्य में सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाने और अपनी सरकार बनाने में मदद मिली। झारखंड में इसी तरह की योजना ने 2024 में झारखंड मुक्ति मोर्चा को राज्य में अपनी सत्ता बरकरार रखने में अहम भूमिका निभायी। हालांकि अन्य दलों के मुकाबले कल्याणकारी योजनाओं से राजनीतिक फायदा लेने में भाजपा अधिक माहिर साबित हुई है। पार्टी के सटीक लक्ष्य निर्धारण, प्रभावी संचार तथा मजबूत संगठन के कारण यह सफल होती है। बिहार की मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना कुछ अन्य राज्यों में लागू नकद हस्तांतरण योजनाओं से अलग है, क्योंकि इसका उद्देश्य महिलाओं के बीच रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देना है, लेकिन गरीब महिलाओं के प्रत्यक्ष वित्तीय सशक्तिकरण के लक्ष्य के चलते इसका सार समान है। महिलाओं के लिए नकद हस्तांतरण योजना को सभी राजनीतिक दलों ने अपनाया है, जो चुनाव मैदान में इसके प्रभाव को दर्शाता है। पिछले कुछ वर्षों में ऐसी योजनाओं के अधिक प्रचलित होने के बाद संपन्न विधानसभा चुनावों के नतीजों के विश्लेषण से पता चलता है कि भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन की चुनावी सफलता में महिलाओं को वित्तीय मदद की पेशकश की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। बिहार में नवंबर में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले इस योजना की शुरुआत को महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि राज्य में महिला मतदाताओं की संख्या काफी अधिक है। क्या है चुनावी जीत में महिलाओं की भूमिका और बिहार में क्या हैं संभावनाएं, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के संपादक राकेश सिंह।**



**राकेश सिंह**
संपादक

बिहार विधानसभा चुनाव में महिला मतदाताओं की अहमियत हर राजनीतिक दल को समझ आ रही है। एनडीए हो या इंडिया गठबंधन, दोनों महिलाओं को रिझाने की कोशिश में जुटे हैं। आंकड़े बताते हैं कि बिहार में महिला वोटर जिसे ज्यादा वोट करती हैं, सरकार उसी की बनती है। यही कारण है कि राजनीतिक मंचों पर जगह बनाने के लिए जद्दोजहद करने वाली महिलाएं बिहार में राजनीतिक मंचों के केंद्र में हैं। बिहार में विधानसभा चुनाव दरवाजे पर है और राजनीतिक दलों में महिलाओं को लेकर संवेदनशीलता बढ़ गयी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 26 सितंबर को बिहार की 75 लाख महिलाओं को 10-10 हजार रुपये दिये, जो नीतीश कुमार सरकार की एक नयी योजना का हिस्सा है। पिछले एक साल में बिहार में महिलाओं के लिए चार योजनाएं शुरू की जा चुकी हैं, जिनका जबरदस्त राजनीतिक असर पड़ने की संभावना दिखाई दे रही है।

### अमित शाह का 'ट्रिपल एम' फार्मूला

बिहार चुनाव में महिला वोटरों के महत्व को इस बात से भी समझा जा सकता है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने बिहार प्रवास के दौरान पार्टी नेताओं को जो मंत्र दिया है, उसमें 'ट्रिपल एम' का फार्मूला सबसे अहम है। पटना में हुई बैठक में उन्होंने स्पष्ट संदेश दिया कि आगामी चुनाव में भाजपा और एनडीए का लक्ष्य 225 सीटें जीतना है। इसके लिए कार्यकर्ताओं को जनता से गहरा जुड़ाव बनाने और हर महिला तक पहुंचने की जिम्मेदारी निभाने को कहा गया। शाह ने पार्टी नेताओं को संबोधित करते हुए 'ट्रिपल एम', यानी महिला, मोदी और मंदिर का मंत्र दिया। उन्होंने कहा, महिला परिवार की धुरी होती हैं, इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता को हर महिला तक पहुंचना होगा और एनडीए सरकार की योजनाओं की जानकारी देनी होगी। शाह ने यह भी स्पष्ट किया कि जाति, धर्म और विचारधारा से ऊपर उठकर केवल जनता से संवाद किया जाये और उन्हें विश्वास दिलाया जाए कि एनडीए ही विकास और स्थिरता की गारंटी है। अमित शाह ने नेताओं को निर्देश दिया कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में कम से कम 225 बार जनसंपर्क अभियान चलाया जाये। उनका कहना था कि जीत केवल संगठन की मजबूती और जनता से प्रत्यक्ष संवाद से संभव है।

### बिहार की राजनीति के केंद्र में हैं महिलाएं

बिहार में महिलाएं पहले तो अपने पति को ही संपत्ति समझती थीं, लेकिन आज पति अपनी पत्नी को लखपति समझते हैं। पहले घर के पुरुष बाहर काम करते थे, अब उन्हें भी महिलाओं ने वापस बुला लिया है। अब दोनों मिल कर काम करते हैं। इससे साबित होता है कि बिहार की महिलाएं अब राजनीति के केंद्र में हैं। ऐसे में सवाल है कि आखिर क्यों हर दल महिलाओं को अपने पाले में लाने के लिए जी तोड़ कोशिश कर रहा है।



### क्यों महत्वपूर्ण हैं महिला मतदाता

बिहार में महिला मतदाता पुरुषों के मुकाबले ज्यादा वोट करती हैं। 2010 के चुनाव में 51.12% पुरुषों ने वोट किया था, तो 54.49 % महिलाएं वोट के लिए बाहर आयी थीं। 2015 के चुनाव में 53.32% पुरुष और 60.48% महिलाओं ने वोट किया था। पिछले विधानसभा चुनाव में 54.45 % पुरुषों के मुकाबले 59.69 % महिलाएं वोट के लिए बाहर निकली थीं, यानी पिछले तीन चुनावों में हर बार महिलाओं ने ज्यादा वोट किया है। आंकड़े यह बताने के लिए काफी हैं कि महिला मतदाता क्यों महत्वपूर्ण हैं।

### नीतीश ने महिला मतदाताओं को कैसे साधा

2005 में सरकार बनाने के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पंचायती राज में 50% आरक्षण दिया। स्कूल जाने वाली लड़कियों को साइकिल दी। बाद में 10वीं और 12वीं, ग्रेजुएशन पास करने पर प्रोत्साहन राशि का भी एलान किया। इन फैसलों ने महिलाओं को उनसे जोड़ा। शराबबंदी का फैसला भी महिलाओं की मांग पर किया, जबकि इससे राज्य को भारी आर्थिक नुकसान हुआ। नीतीश कुमार के इन फैसलों के कारण महिला मतदाताओं ने उन्हें सबसे ज्यादा वोट किया। इसे पिछले चुनाव के परिणामों से भी समझा जा सकता है। पहले फेज में पुरुषों (56.8%) ने महिलाओं (54.4%) के मुकाबले 2.4% अधिक वोटिंग की। इस फेज में महागठबंधन ने 71 में से 47 सीटें जीत लीं। हालांकि दूसरे चरण में महिलाओं ने पुरुषों के मुकाबले करीब छह फीसदी अधिक वोट डाले। तब 94 में से महागठबंधन 42 सीटें ही जीत पाया और एनडीए को ज्यादा सीटें मिली। तीसरे चरण में दोनों का अंतर 11% हो गया और महागठबंधन को बुरी हार मिली। तीसरे चरण की 78 सीटों में से एनडीए को 52 सीटें मिली यानी करीब दो तिहाई। आंकड़े बताते हैं कि महिला मतदाताओं ने जब-जब अधिक वोट किया है, एनडीए को जीत मिली है और कम वोट तो हार। इसलिए इस वर्ग को अपने साथ बनाये रखने के लिए इस बार सरकार ने 10 हजार रुपये भेजने समेत कई अन्य एलान किये हैं।

### नीतीश का वोट बैंक, महागठबंधन की नजर

महागठबंधन के दल जानते हैं कि महिला मतदाताओं को अपने पाले में लाये बगैर वे सत्ता में नहीं आ सकते हैं। इसलिए उन्होंने महिलाओं के खाते में ढाई हजार रुपये महीना देने का एलान किया है। इस तरह की योजनाएं महाराष्ट्र, झारखंड, मध्यप्रदेश तक में गेम चेंजर रही हैं। प्रियंका गांधी ने भूमिहीन परिवारों को तीन से पांच डिसमिल जमीन देने का एलान किया है। इस जमीन का मालिकाना हक महिलाओं के पास होगा। पार्टी इसे 10 हजार रुपये की काट मान रही है। प्रियंका गांधी ने बिहार में अपनी सभा में कहा, क्या वे हर महीने 10 हजार देंगे? चुनाव खत्म होने दीजिये, यह भी बंद हो जायेगा। आप समझदारी से हर पार्टी को पहचानो। हम हर महीने ढाई हजार देंगे। पार्टी को लगता है कि महिलाओं के लिए घोषणाएं महिला नेता करे, तो इससे महिलाएं ज्यादा जुड़ाव महसूस करेंगी। इसलिए इसका एलान प्रियंका गांधी से कराया गया।

### किधर जायेंगी बिहार की महिला मतदाता

बिहार की महिलाओं का कहना है कि एक बार 10 हजार रुपये मिलने से ज्यादा फायदा महीने-महीने ढाई हजार मिलने में है। कुछ महिलाएं इसलिए 10 हजार के मुकाबले 30 हजार सालाना को अधिक महत्व दे रही हैं। कांग्रेस भले ही सिर्फ एक बार 10 हजार रुपये बनाम 30 हजार सालाना का नैरेटिव बना रही हो, लेकिन महिलाओं के एक वर्ग को लंबे समय से नीतीश कुमार की योजनाओं का लाभ मिलता रहा है। इसलिए देखना दिलचस्प होगा कि नीतीश कुमार के इस वोट बैंक में महागठबंधन कितना सेंध लगा पाता है।

---

# वर्ल्ड फूड इंडिया 2025 : झारखंड पवेलियन में लोगों को लुभा रहे हैं प्राकृतिक उत्पाद

**रागी का लड्डू, नमकीन, महुआ, बांस की करेल का अचार और मशरूम का अचार आकर्षण का केंद्र**



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के भारत मंडपम में चल रहा वर्ल्ड फूड इंडिया 2025 फूड और फूड प्रोसेसिंग के लिए देश का सबसे बड़ा एक्सपो होता है। इस एक्सपो में उद्योग विभाग, झारखंड सरकार द्वारा लगाये गये मंडप में झारखंड के खाद्य पदार्थों एवं उत्पादों की प्रदर्शनी सह बिक्री की जा रही है। झारखंड राज्य अपनी प्राकृतिक समृद्धि और आदिवासी सभ्यता के लिए जाना जाता है। ऐसे में यहां बहुतायत उत्पाद प्राकृतिक ही होते हैं। आदिवासी समुदाय बहुत सरल और परिश्रमी होते हैं। वर्तमान में बहुत सी संस्थाएं उनको जोड़ कर खुद के व्यापार के साथ उनका भी विकास कर रहे है।

**झारखंड के प्राकृतिक उत्पाद किसानों को बना रहे हैं सशक्त :** पवेलियन में रागी के लड्डू और अन्य खाने के उत्पाद की खूब बिक्री हो रही है। कई संस्थाएं रागी को करीब 26000 किसानों से लेकर रागी को प्रोसेसिंग करके झारखंड के विभिन्न हिस्सों में पहुंचा रही है। साथ ही देश के कोने कोने में ऑनलाइन के माध्यम से भी पहुंचा रही है। ऐसे ही मशरूम से बने अचार, जेली, चॉकलेट भी लोगो को लुभा रहे हैं। प्राकृतिक होने के कारण से कटहल, फुटहल, ओल, महुआ, बांस के करेल, इमली, संघान आदि के अचार आकर्षण का केंद्र बने हुए है। वर्तमान की जीवनशैली ने लोगों का ऑर्गेनिक उत्पादों पर जोर देने के कारण महुआ, रागी, जामुन का पावडर, सिरका आदि की बिक्री भी बड़ी मात्रा हो रही है।

दिल्ली के प्रगति मैदान में चल रहे (वर्ल्ड फूड इंडिया 2025) में बनाये गये झारखंड पवेलियन में आज खाद्य एवं प्रसंस्करण मंत्रालय भारत सरकार के सचिव, अभिनाश पुरुषोत्तम दास जोशी और संयुक्त सचिव, देवेश देवल ने अवलोकन किया और प्रदर्शित किये गये उत्पादों की सराहना की।

इस अवसर पर जियाडा के प्रबंध निदेशक एवं उद्योग विभाग झारखंड सरकार के निदेशक ने उन्हें पवेलियन के सभी उपादान से अवगत कराया।

---

# बीसीसीएल आउटसोर्सिंग के प्रोजेक्ट ऑफिसर को अपराधियों ने मारी गोली, जांच में जुटी पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद में बीसीसीएल के आउटसोर्सिंग कंपनी के एक प्रोजेक्ट ऑफिसर पर हमला हुआ है। अधिकारी पर गोली चली है। जिले में बीसीसीएल के आउटसोर्सिंग कंपनी के एक प्रोजेक्ट ऑफिसर पर गोलीबारी की गई। वारदात को अंजाम देने के बाद अपराधी फरार हो गये। पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है। घटना मुनीडीह पुलिस स्टेशन से कुछ ही दूरी पर अंजाम दिया गया है। मुनीडीह पुलिस स्टेशन से कुछ ही दूरी पर डीएवी मुनीडीह स्कूल रोड स्थित काली मंदिर के पास बाइक सवार अपराधियों ने बीसीसीएल द्वारा संचालित इंदु आउटसोर्सिंग कंपनी के एक प्रोजेक्ट ऑफिसर पर गोली चलायी है। अधिकारी की जांघ में गोली लगी है, जिसके बाद उन्हें तुरंत एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।



### ड्राइवर ने बताया घटनाक्रम

प्रोजेक्ट ऑफिसर के ड्राइवर ने बताया कि वे मुनीडीह पुलिस स्टेशन क्षेत्र स्थित काली मंदिर से निकले थे। प्रोजेक्ट ऑफिसर गोपाल रेड्डी कार में सवार होकर कुछ ही दूर आगे बढ़े थे कि अपराधियों ने फायरिंग शुरू कर दी। एक गोली उनकी कार के अगले हिस्से में लगी, जबकि दूसरी पिछले दरवाजे को भेदती हुई गोपाल रेड्डी की जांघ में लगी। अपराधी मोटरसाइकिल पर था, लेकिन उसने उसे थोड़ी दूरी पर पार्क कर दिया था। वह पैदल आया और गोलीबारी शुरू कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद, अपराधी फरार हो गया। गोपाल रेड्डी को इलाज के लिए अशर्फी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### जांच जारी : डीएसपी

घटना के बाद डीएसपी नौशाद आलम घटनास्थल पर पहुंचे और अपराधी की तलाश शुरू कर दी। पुलिस काली मंदिर के पास की दुकानों में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है। घटना की सूचना मिलते ही इंदु आउटसोर्सिंग कंपनी के अधिकारी और कर्मचारी बड़ी संख्या में वहां जमा हो गये।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
200000 Subscribers
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 29.3 °c | 22.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 17.41 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.39 बजे | |



# दुर्गोत्सव: प्यारा सजा है मां का दरबार, आस्था अपरंपार

रांची (आजाद सिपाही)। राजधानी में चहुंओर मां का प्यारा दरबार सज चुका है। एक से बढ़ कर एक भव्य दरबार में मां भवानी अन्य देवी-देवताओं संग आशीष बरसा रही हैं। आस्था अपरंपार है। शनिवार को मां के पांचवें स्वरूप की पूजा-आर्चना हुई। अराधना कर भक्त देर रात तक मां भवानी की भक्ति में रमे रहे। सांझ ढलते लगभग पूजा पंडालों के पट खुले, तो दुर्गोत्सव रंग और भी चटक हो गया। धरा का कोना-कोना रंग-बिरंगी लाइटों से जगमगा उठा। विद्युत साज-सज्जा से आभा बिखते एक से बढ़ कर एक पंडाल की खूबसूरती के क्या कहने। भक्त आते और अपलक पंडाल और मां को निहारते। शिल्पकारी का बेजोड़ नमूना सबके मन को भा रहा है। बानगी ऐसी है कि सेल्फी और तस्वीर खींच कर यादगार पल को सहेजने की होड़ सी लगी है। मां का दर्शन पाकर, श्रद्धालु भक्ति के मेले में देर रात तक खोये रहे। रविवार को महापष्ठी है। बंग्ला मंडपों और पूजा पंडालों में आओ मां आओ... आह्वान से अकालबोधन और नवपत्रिका प्रवेश की संघोषणा होगी। आद्याशक्ति मां का दिव्य स्वरूप से धरा का कोना-कोना प्रकाशमान हो जायेगा। विजयदशमी तक मां के लाडले पूजनोत्सव का जम कर लुफ्त उठायेंगे।





बकरी बाजार दुर्गा पूजा समिति, रांची के भव्य पूजा पंडाल में मां के दर्शन को उमड़े श्रद्धालु।





राजस्थान मित्र मंडल दुर्गा पूजा समिति, रांची के पूजा पंडाल में दर्शन करने को लगा है भक्तों का तांता।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| | |
|---|---|
| मेष | महत्वपूर्ण काम पूरा होगा,रोजी-रोजगार के क्षेत्र में उलझनों का निवारण, आर्थिक स्थिति में सुधार। |
| वृष | जोखिम भरा काम नहीं करना चाहिए। स्वजनों के स्वास्थ्य की चिन्ता होगी, सामान्य आर्थिक लाभ होगा। |
| मिथुन | परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होगा। परिश्रम का पूरा फल मिलेगा, शारीरिक स्वास्थ्य सामान्य रहेगा। |
| कर्क | संकल्पित काम पूरे होंगे, भौतिक सुख-सुविधा बढ़ेगी, उद्योग-धंधे में सफलता। मन प्रसन्न रहेगा। |
| सिंह | वाक-पटुता एवं चतुराई से बिगड़े हुए काम पूरे होंगे, आर्थिक स्थिति सुदृढ़, निर्माण कार्य में प्रगति। |
| कन्या | निराशा का समापन, नये लोगों से सम्पर्क, महिला मित्र के माध्यम से लाभ, शुभ समाचार मिलेगा। |
| तुला | कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी। |
| वृश्चिक | चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे। |
| धनु | आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा। |
| मकर | नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा। |
| कुंभ | रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क। |
| मीन | किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय। |

## कात्यायनी



देवी माँ का छठा रूप का नाम है, देवी कात्यायनी है। हमारे सामने जो कुछ भी घटित होता है, जिसे हम प्रपंच का नाम देते हैं, जरूरी नहीं कि वह सब हमें दिखाई दे। वह जो अदृश्य है, जिसे हमारी इन्द्रियाँ अनुभव नहीं कर सकती वह हमारी कल्पना से बहुत परे और विशाल है। सूक्ष्म जगत जो अदृश्य, अव्यक्त है, उसकी सत्ता माँ कात्यायनी चलाती हैं। वह अपने इस रूप में उन सब की सूचक हैं, जो अदृश्य या समझ के परे है। माँ कात्यायनी दिव्यता के अति गुप्त रहस्यों की प्रतीक हैं। क्रोध किस प्रकार से सकारात्मक बल का प्रतीक है और कब यह नकारात्मक आसुरी शक्ति का प्रतीक बन जाता है? इन दोनों में तो बहुत गहरा भेद है। आप केवल ऐसा मत सोचिए कि क्रोध मात्र एक नकारात्मक गुण या शक्ति है। क्रोध का अपना महत्व, एक अपना स्थान है। सकारात्मकता के साथ किया हुआ क्रोध बुद्धिमत्ता से जुड़ा होता है, और वहीं नकारात्मकता से लिप्त क्रोध भावनाओं और स्वार्थ से भरा होता है। सकारात्मक क्रोध एक प्रौढ़ बुद्धि से उत्पन्न होता है। क्रोध अगर अज्ञान व अन्याय के प्रति है तो वह उचित है। अधिकतर जो कोई भी क्रोधित होता है वह सोचता है कि उसका क्रोध किसी अन्याय के प्रति है अतः वह उचित है! किंतु अगर आप गहराई में, सूक्ष्मता से देखेंगे तो अनुभव करेंगे कि ऐसा वास्तव में नहीं है। इन स्थितियों में क्रोध एक बंधन बन जाता है। अतः सकारात्मक क्रोध जो अज्ञान, अन्याय के प्रति है, वह माँ कात्यायनी का प्रतीक है। आपने बहुत सारी प्राकृतिक आपदाओं के बारे में सुना होगा। कुछ लोग इसे प्रकृति का प्रकोप भी कहते हैं। उदाहरणतः बहुत से स्थानों पर बड़े झ्र बड़े भूकम्प आ जाते हैं या तीव्र बाढ़ का सामना करना पड़ता है। यह सब घटनाएँ देवी कात्यायनी से संबंधित हैं। सभी प्राकृतिक विपदाओं का संबंध माँ के दिव्य कात्यायनी रूप से है। वह क्रोध के उस रूप का प्रतीक हैं जो सृष्टि में सृजनता, सत्य और धर्म की स्थापना करती हैं। माँ का दिव्य कात्यायनी रूप अव्यक्त के सूक्ष्म जगत में नकारात्मकता का विनाश कर धर्म की स्थापना करता है। ऐसा कहा जाता है कि ज्ञानी का क्रोध भी हितकर और उपयोगी होता है,जबकि अज्ञानी का प्रेम भी हानिप्रद हो सकता है। इस प्रकार माँ कात्यायनी क्रोध का वह रूप है, जो सब प्रकार की नकारात्मकता को समाप्त कर सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है।

### माँ कात्यायनी की पूजा में कौन से मन्त्र का जप करें?

*ॐ ऐं ह्रीं क्लीं कात्यायनायै नमः॥ के जप से आप माँ दुर्गा के छठें स्वरूप माँ कात्यायनी का आवाहन कर सकते हैं ।*







राम लला दुर्गा पूजा समिति, रांची में मां के दर्शन को उमड़े श्रद्धालु।



पंच मंदिर दुर्गा पूजा समिति, हरमू रांची का पूजा पंडाल दर्शनार्थियों को कर रहा है आकर्षित।

( सभी तस्वीरें प्रदीप ठाकुर की)





आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 28 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in


# विशिष्ट जन सम्मान बढ़ते भारत और बदलते भारत में योगदान का सम्मान है: संजय सेठ

### आत्मनिर्भर भारत का संकल्प जन जन के सहयोग से होगा पूरा : आदित्य साहू

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सेवा पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत प्रदेश भाजपा ने शनिवार को रांची में विशिष्ट जन सम्मान समारोह का आयोजन किया। इसमें समाज सेवा, कला, संस्कृति और लोकहित में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। इस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ उपस्थित रहे। संजय सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज का भारत बढ़ता भारत , बदलता भारत है। देश तीव्र गति से तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। सेठ ने कहा कि 2014 के पहले भारत की सुरक्षा विदेशी हथियारों पर निर्भर थी लेकिन आज 11 वर्षों में भारत रक्षा क्षेत्र में केवल आत्मनिर्भर ही नहीं बना बल्कि 100 देशों में भारत रक्षा सामग्रियों का निर्यात भी कर रहा।

आदित्य साहू ने कहा कि भारत आज तेजी से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। इस संकल्प को पूरा करने में सबका साथ महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि 2047 का आत्मनिर्भर भारत बनाने में सभी क्षेत्र के लोगों का बहुमूल्य योगदान मिले तभी संकल्प की सिद्धि होगी। उन्होंने कहा कि भारत के प्रत्येक नागरिक को अपनी सकारात्मक भूमिका सुनिश्चित करने की आवश्यकता है।



**मोदी सरकार परफॉर्मेंस की सरकार है: सीपी सिंह :** भाजपा के वरिष्ठ नेता और विधायक सीपी सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार अपनी नीतियों ,कार्यक्रमों को धरातल पर उतार रही। आज गांव, गरीब किसान आदिवासी दलित पिछड़े सभी विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहे। यह सरकार घोषणाओं की नहीं परफॉर्मेंस की सरकार है।

मुख्य सचेतक नवीन जायसवाल ने कहा कि विशिष्ट जन को सम्मानित करके पार्टी सम्मानित महसूस कर रही। विशिष्ट जन का सहयोग देश की प्रगति में निरंतर मिलता रहे, नयी पीढ़ी इनके विशिष्ट समाजिक सांस्कृतिक कार्यों से प्रेरित होते रहे।

वरिष्ठ पत्रकार अनुज सिन्हा ने कहा कि भाजपा की यह पहल सराहनीय है। आज देश को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रूप में ऐसा नेतृत्व मिला है जिसने भारत का सम्मान विश्व में बढ़ाया है। आज दुनिया भारत की तीव्र प्रगति से ईर्ष्या कर रही। पद्मश्री मुकुंद नायक ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में विरासत के साथ विकास नया आकार ले रहा है। उन्होंने लोगों से अपनी भाषा, संस्कृति, भोजन, भेष, भाषा पर गर्व करने का आह्वान किया। कहा कि हमें प्रकृति और संस्कृति दोनो को बचाने का संकल्प लेकर आगे बढ़ना है। इस कार्यक्रम में कई अन्य विशिष्ट जन ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व मंत्री नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने और धन्यवाद ज्ञापन वरुण साहू ने किया। कार्यक्रम में विशेष तौर पर जिला अध्यक्ष वरुण साहू, राधा गोविंद विश्वविद्यालय के कुलपति बैजनाथ प्रसाद, बलराम सिंह, जितेंद्र वर्मा सहित भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी और बड़ी संख्या में विशिष्टजन शामिल हुए।

### इन लोगों को किया गया सम्मानित

सम्मानित होनेवाले में मुख्य रूप से कला क्षेत्र से रमन गुप्ता, वर्षा लकड़ा, मनोज शहरी, राजू केरकेट्टा, अनीता बाड़ा, सरिता देवी, सामाजिक कार्यकर्ता रवि पीटर, पत्रकारिता में अनुज कुमार सिन्हा, नवेंदु उन्मेश, सोनाली दास, पीपी पाठक, सुनील सिंह, हर्ष सिन्हा, प्रमोद झा, इसरो के गुरु कमल सिंह जगदेव, साहित्य प्रतिमा त्रिपाठी, मनीषा सहाय, विभा वर्मा, रंजना वर्मा उन्मुक्त, रुणा रश्मि दीप्त, सीए जितेंद्र कुमार, अभिनय सिंह, रमेश चौधरी, धर्मेंद्र कुमार सिन्हा, योग कोच रजनी बक्शी, मनमीत सिंह गिल, अधिराज कुमार, सरिता कुमारी, पूजा रानी, नीलांजना, मोहित कुमार, रोहित कुमार, नृत्य विपुल नायक, देव ज्योति नाहा, सेपक टकरा खेल राजकुमार महतो, भोला कुमार लॉन बॉल, अभिषेक लकड़ा, प्रिंस कुमार महतो, दिनेश कुमार, कृष्णा खलखो, लवली चौबे, बसंती कुमारी, सुनील बहादुर, साइ नाथ यूनिवर्सिटी धीरेंद्र हेमंत, डॉ अशोक कुमार सिंह, अजीत कुमार गुप्ता, डॉ एहसान रब्बानी, अंकित कुमार वर्मा, डॉ संतोष कुमार, डॉ साजिद अंसारी, तूलिका कुमारी, मोत्या कुमारी, सुनीता कुमारी, रुपसी, अक्षय स्नेहिल राज, अधिवक्ता लाल अजय नाथ शाहदेव, कुमार विमल, प्रदीप कुमार चौरसिया, सुरोजित कुमार राय, डॉ सुमन श्रीवास्तव, अरविंद कुमार सिन्हा शामिल हैं।

# सोनम वांगचुक : उम्मीद की एक और किरण सलाखों के पीछे : हेमंत सोरेन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** लेह और लद्दाख क्षेत्र के जाने माने पर्यावरण कार्यकर्ता और शिक्षाविद् सोनम वांगचुंक की गिरफ्तारी पर राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर लिखा है- जल, जंगल, जमीन, भाषा, संस्कृति और अधिकार की रक्षा एवं देश के लिए समर्पित एक और मजबूत आवाज को गुमनाम बनाने के लिए किए जा रहे षडयंत्रों पर पूरे देश की नजर है।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की यह प्रतिक्रिया गंभीर संकेत देती है।





मालूम हो कि वांगचुक भी लद्दाख की पहचान, जमीन और भाषा-संस्कृति की लड़ाई लड़ रहे हैं। इस लड़ाई को लेकर वह पिछले दिनों अनशन पर चले गए थे। लेकिन 24 सितंबर को लद्दाख क्षेत्र में भड़की हिंसा के बाद उन्हें गिरफ्तार कर राजस्थान के जोधपुर केंद्रीय कारा में नजरबंद कर दिया गया है। इसके बाद पूरे देश में विचारधारा की नयी लड़ाई शुरू हो गयी है। क्षेत्रीयता के समर्थकों का केंद्र की भाजपा सरकार पर गुस्सा फूटने लगा है।

# वांगचुक की सच्ची आवाज कैद हुई : डॉ तनुज

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** लेह-लद्दाख के सुप्रसिद्ध शिक्षाविद्, पर्यावरणविद् और सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी लोकतांत्रिक मूल्यों पर सीधा हमला है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य डॉ. तनुज ने कहा कि यह घटना केवल एक व्यक्ति की गिरफ्तारी नहीं, बल्कि लद्दाख की जनता की भावनाओं और भारत के लोकतंत्र की गिरफ्तारी है।

सोनम वांगचुक ने शिक्षा सुधार से लेकर पर्यावरण संरक्षण तक और सीमाओं की सुरक्षा को लेकर देश को लगातार सचेत किया। डॉ तनुज ने कहा कि वांगचुक जी के आइस स्तूप जैसे नवाचारों ने पूरी दुनिया को टिकाऊ विकास का रास्ता दिखाया। उन्होंने चीन के अतिक्रमण के



खिलाफ सबसे पहले आवाज बुलंद की थी, लेकिन दुख की बात है कि केंद्र सरकार ने उस आवाज को दबाने का काम किया। डॉ तनुज ने कहा कि सीमा सुरक्षा और लद्दाख के अधिकारों पर सवाल उठाना कोई अपराध नहीं, बल्कि यह राष्ट्रहित का काम है।

लद्दाख की जनता की मांगें - राज्य का दर्जा, छठी अनुसूची में शामिल कर आदिवासी-सांस्कृतिक अधिकारों की सुरक्षा, और स्थानीय युवाओं के रोजगार की गारंटी - पूरी तरह से लोकतांत्रिक और न्यायोचित हैं। डॉ तनुज ने कहा कि इन मांगों की अनदेखा कर केंद्र सरकार ने जनता के साथ विश्वासघात किया है। हम स्पष्ट कहना चाहते हैं कि सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी तुरंत रद्द होनी चाहिए। लद्दाख की जनता के साथ सम्मानजनक संवाद शुरू किया जाये। लोकतांत्रिक आंदोलनों को दबाने की बजाय सुना और समझा जाये। डॉ तनुज ने कहा कि सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी लोकतंत्र की आत्मा पर प्रहार है। झारखंड मुक्ति मोर्चा और सभी लोकतंत्रप्रेमी नागरिक उनके संघर्ष के साथ खड़े हैं

# सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी साजिश का हिस्सा : झामुमो

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने लद्दाख के शिक्षाविद सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी की आलोचना की है। उन्होंने शनिवार को झामुमो कैंप कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस कर कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पिछली विधानसभा की कार्यवाही के दौरान भी वांगचुक के साथ कुछ अनहोनी की आशंका व्यक्त की थी। सुप्रियो ने कहा कि वांगचुक की गिरफ्तारी अडानी-अंबानी जैसे बड़े कॉरपोरेट घरानों के इशारे पर की गयी है। उन्होंने ने कहा कि सोनम




वांगचुक को शिक्षा के क्षेत्र में 30 से अधिक अंतरराष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हैं और उनके नवाचारों से भारतीय सेना भी लाभान्वित हुई है। उन्होंने याद दिलाया कि वांगचुक ने सैनिकों के लिए विशेष सोलर टेंट का आविष्कार किया था, जिसे डीआरडीओ ने अपनाया। उन्होंने आरोप लगाया कि सोलर ऊर्जा और लिथियम भंडार जैसे प्राकृतिक संसाधनों पर कॉरपोरेट कब्जा कराने की मंशा से केंद्र सरकार लद्दाख में जन आंदोलनों को कुचल रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने 2020 के चुनाव में लद्दाख को छठी अनुसूची के तहत पूर्ण राज्य का दर्जा देने का वादा किया था, लेकिन अब उसे भुला दिया गया। इसके विपरीत क्षेत्र को यूनियन टेरिटरी बनाकर जनता की मांगों को दबाया गया है। भट्टाचार्य ने आरोप लगाया कि लद्दाख की सामरिक और प्राकृतिक संपदाओं को कॉरपोरेट हित में सौंपने की कोशिश की जा रही है और सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी उसी साजिश का हिस्सा है।

# झामुमो ने केंद्रीय समिति का विस्तार किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झामुमो के 13वें केंद्रीय महाधिवेशन के बाद शनिवार को केंद्रीय समिति का विस्तार किया गया है। इस संबंध में केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने शनिवार को सूची जारी कर दिया है। इसमें केंद्रीय सदस्य के रूप में मनोनीत होने वाले सदस्यों में बबलू सिंह, मिथिलेश घोष, ताला मरांडी, बिजय रजवार, बीके चौधरी, इकबाल अहमद, गुरूचरण बास्की, मो तस्लीम अंसारी, देवेंद्र नाथ मंडल, केदार हाजरा, सुमित कुमार, यासीन खान, तारिणी प्रसाद, अंतु तिर्की, समनूर मंसूरी, हेमलाल मेहता, रोज प्रतीमा सोरेंग, अलीम खान, अशोक उरांव, नीरू शांति भगत, राधा तिर्की, सरिता भगत, अमृत हेंब्रम, सुधीर महतो, ओम प्रकाश लायेक, देवनाथ मधैया, गणेश महली, रानी हेंब्रम, धर्मराज पासवान, हाजी शमीम अख्तर, जुगल किशोर चंद्रवंशी, मोहन गंझू, जिरा देवी, जुनैद अहमद शामिल है। सदस्यों को नियुक्त करते हुये विनोद पांडेय ने कहा कि पार्टी ने नवनियुक्त केंद्रीय सदस्यों से अपेक्षा की है कि वे अपने संगठनात्मक कौशल का उपयोग करते हुए संगठन को मजबूत बनाने के लिए काम करेंगे और अनुशासन के भीतर रहते हुए कार्यकताओं के साथ अच्छे संबंध बनाएंगे।

# प्रधानमंत्री ने ब्रह्मपुर-उधना अमृत भारत एक्सप्रेस को दिखायी हरी झंडी

### सूरत में बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट की समीक्षा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची/सूरत।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज ओडिशा के ब्रह्मपुर और गुजरात के उधना के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस का शुभारंभ किया। यह नई पीढ़ी की ट्रेन लंबी दूरी की यात्राओं को किफायती, सुरक्षित और आरामदायक बनाने के उद्देश्य से शुरू की गयी है।

अमृत भारत एक्सप्रेस की प्रमुख विशेषताओं में आधुनिक एर्गोनॉमिक सीटिंग, पूरी तरह से कनेक्टेड कोच और ट्विन-इंजन कॉनफि गरेशन शामिल हैं। किराया सामान्य श्रेणी के लिए 495 रुपए और गैर-वातानुकूलित शयनयान श्रेणी के लिए 795 रुपए तय किया गया है। यह ट्रेन गुजरात, महाराष्ट्र,



छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश और ओडिशा सहित 5 राज्यों के 22 जिलों को जोड़ते हुए 1700 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करेगी। नई सेवा से युवाओं, उद्यमियों और तीर्थयात्रियों को विशेष लाभ मिलने की उम्मीद है।

इसी बीच, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सूरत में उधना स्टेशन पुनर्विकास और हाई स्पीड रेल परियोजना की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि स्टेशन को आधुनिक रुप दिया जा रहा है और प्लेटफॉर्म और पिट लाइनों की क्षमता बढ़ाई जा रही है।

सूरत-बिलिमोरा खंड में हाई-स्पीड रेल का सिविल वर्क लगभग पूरा हो चुका है। पटरियों पर आधुनिक तकनीक, रोलर बेयरिंग और मिश्रित सामग्री के स्लीपर का उपयोग किया गया है। साथ ही, शोर और कंपन कम करने के लिए विशेष डैम्पर्स लगाए जा रहे हैं। मंत्री ने बताया कि परियोजना पूरी होने पर सूरत से मुंबई की यात्रा मात्र एक घंटे में संभव होगी। यह आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के साथ रेलवे प्रौद्योगिकी में नए मालक स्थापित करेगी।

### रांची विवि अंतर कॉलेज कबड्डी प्रतियोगिता का समापन

# सेंट जेवियर्स और डोरंडा कॉलेज बने विजेता

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज रांची में आयोजित तीन दिवसीय रांची विश्वविद्यालय अंतर कॉलेज कबड्डी (महिला-पुरुष) टूर्नामेंट 2025 का समापन शनिवार 27 सितंबर को हुआ। महिला वर्ग से सेंट जेवियर्स कॉलेज विजेता और बीएस कॉलेज लोहरदगा उप विजेता बने, वहीं पुरुष वर्ग में डोरंडा कॉलेज को विजेता और मारवाड़ी कॉलेज को उप विजेता का खिताब मिला।

प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ डीके सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि हार ही जीत का दूसरा पायदान है। नयी शिक्षा नीति में खेल को पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है।



महिला वर्ग से टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में सेंट जेवियर्स कॉलेज रांची ने बीएस कॉलेज लोहरदगा को 22 अंकों से हराया, वहीं पुरुष वर्ग में डोरंडा कॉलेज ने मारवाड़ी कॉलेज को 6 अंकों से मात दी। महिला वर्ग से रांची वीमेंस कॉलेज की रोमन कुमारी और पुरुष वर्ग से मारवाड़ी कॉलेज के अंकित कुमार को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट से सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट में सेंट जेवियर्स की स्नेहा थापा और डोरंडा कॉलेज के आदित्य सिंह को प्लेयर ऑफ द मैच से सम्मानित किया गया। समापन पर खिलाड़ियों को पदक, प्रमाण पत्र तथा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में रांची विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू डॉ सुदेश कुमार साहू, उप प्राचार्य डॉ फादर अजय अरुण मिंज एसजे, डोरंडा कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजकुमार शर्मा, सचिव प्रो राम मुर्मू , डॉ राजेश गुप्ता, डॉ संजय सिन्हा, डॉ शिव कुमार, डॉ सुशील पांडेय, डॉ फादर प्रभात केनेडी सोरेंग, डॉ सुमित रॉय सहित सेलेक्टर और विभिन्न कॉलेज के कोच उपस्थित रहे।


## महत्वपूर्ण खबरें

### रिम्स स्थानीय विस्थापित फुटपाथ दुकानदार संघ के अध्यक्ष बने राजू राम



रांची (आजाद सिपाही)। रिम्स स्थानीय विस्थापित फुटपाथ दुकानदार संघ का रिम्स परिसर में बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता शीला तिर्की ने किया इस बैठक में सर्वसम्मति से रिम्स स्थानीय विस्थापित फुटपाथ दुकानदार संघ श्री राजू राम को अध्यक्ष मनाया गया। राजू राम ने बोला कि रिम्स स्थानीय विस्थापित फुटपाथ दुकानदार संघ विगत 20-30 साल से फुटपाथ में लगा कर अपना जीवन व्यतीत कर रहा है ये दुकानदार संघ पूरा पूरा हक दिलाने की कोशिश करेंगे। रिम्स स्थानीय विस्थापित फुटपाथ दुकानदार संघ में कमिटी में मुख्य संरक्षक संजय तिर्की, कार्यकारिणी अध्यक्ष सतीश तिर्की, उपाध्यक्ष किशन मिश्रा, कोषाध्यक्ष शीला तिर्की, सह कोषाध्यक्ष संगीता कच्छप, सचिव कैलू लकड़ा, सह सचिव रवि यादव, रोहित गाड़ी, सदस्य गोपाल प्रसाद सिन्हा, कैलाश गुप्ता,सुधीर झा,ईशवर साहू,रूपा खलखो, लक्ष्मी देवी,मनोज यादव,शिमा गोस्वामी, शोभा देवी, बब्लू योगी, प्रमोद गुप्ता, गुड़िया देवी,नरेश शाह, मनोज नाग,संजय प्रसाद, आदि रिम्स स्थानीय विस्थापित फुटपाथ दुकानदार संघ के लोगों उपस्थित थे।

### मेरी हेलो किड्स स्कूल में डांडिया और दुर्गा पूजा उत्सव का आयोजन




रांची (आजाद सिपाही)। कांके ब्लॉक इस्थित मेरी हेलो किड्स स्कूल में शनिवार को डांडिया एवं दुर्गा पूजा महोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया। विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगी सजावट, आकर्षक लाइटों और मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा से सुसज्जित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विधिवत पूजन और आरती से हुई, जिसके बाद विद्यार्थियों ने दुर्गा स्तुति, सांस्कृतिक नृत्य एवं गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण डांडिया और गरबा नृत्य रहा, जिसमें नन्हें छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक परिधानों में मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। बच्चों के साथ स्कूल मैनेजमेंट ने भी डांडिया में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। स्कूल की प्रिंसिपल विमल सिन्हा ने स्कूल के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों को भारतीय संस्कृति से जोड़ने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास, अनुशासन और सामूहिकता की भावना भी विकसित करते हैं। स्कूल के डायरेक्टर ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों को परंपराओं से परिचित कराना और उन्हें अपनी सांस्कृतिक धरोहर पर गर्व करना सिखाना है। अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। पूरे कार्यक्रम ने उत्सव, भक्ति और उल्लास का अनूठा संगम प्रस्तुत किया और सभी के लिए यादगार क्षण बन गया।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने किया 'द हंगरी आवर' कैफे का उद्घाटन



रांची (आजाद सिपाही)। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने शनिवार को शहर के नगरा टोली (सर्कुलर रोड) स्थित 'द हंगरी आवर' कैफे का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने संदेश में कहा कि राजधानी रांची शहर की आबादी तेजी से बढ़ रही है। बढ़ती जनसंख्या को देखते हुए होटल, रेस्टोरेंट और कैफे भी खुल रहे हैं। लोग घरों की बजाय होटल, रेस्टोरेंट एवं कैफे में लजीज व्यंजन का लुत्फ उठाने में अधिक रुचि लेने लगे हैं। कैफे और रेस्टोरेंट अधिक संख्या में खुलने से लोगों को काफी सुविधा होती है। उद्घाटन अवसर पर डॉ प्रकाश वर्मा, सीपी संतन, अरुण मिश्रा (पप्पू) सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

### कांग्रेस ने जीएसटी संशोधनों को बताया सतही समाधान, जीएसटी 2.0 लागू करने की मांग



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने भाजपा द्वारा वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में हालिया संशोधनों का श्रेय लेने की कोशिश की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि ये बदलाव जनता को हुए महत्वपूर्ण संकट का केवल सतही समाधान हैं, जबकि राज्यों की विस्तारित मुआवजे की मांग जैसे अहम मुद्दे अब भी अधूरे हैं। शाहदेव ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने कई स्लैबों वाली जटिल कर प्रणाली थोप दी है और पिछले आठ वर्षों में जीएसटी से 55 लाख करोड़ रुपये से अधिक की वसूली की है। उन्होंने कहा कि जनता भोजन और चिकित्सा आपूर्ति जैसी आवश्यक वस्तुओं पर लगाये गये जीएसटी को नहीं भूलेगी और सरकार को इसके लिए सार्वजनिक माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस प्रवक्ता ने प्रधानमंत्री मोदी पर जीएसटी परिषद के फैसलों का श्रेय लेने का आरोप लगाया और सरकार से एक सरल व सुधारित 'जीएसटी 2.0' लागू करने की मांग की।

### बिरला हनुमान मंदिर में दुर्गापूजा में इंडियन ओवरसीज बैंक की विशेष पूजा



रांची (आजाद सिपाही)। बिरला हनुमान मंदिर, जोडा तालाब रोड बरियातु रानी बागान के प्रांगण में दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर इंडियन ओवरसीज बैंक के जोनल मैनेजर सहित अन्य सदस्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर बैंक के स्टाफ ने फूल मालाओं से सजाकर बैंक का आधुनिकतम उपकरण स्थापित किया। बैंक परिवार द्वारा मंदिर में स्थापित देवी-देवताओं की पूजा कराकर प्रसाद का वितरण आम जनता के बीच किया गया। मुख्य संरक्षक दयानंद सिंह की अगुवाई में फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर बिजेंद्र सिंह, डीएन सिंह, विक्रमादित्य सिंह, उदयभान सिंह, राजेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, आशुतोष, अंजय मिश्रा, दीपक सिंह उर्फ सोनू, सच्चिदानंद पांडेय, सूरज किशोरी पांडेय सहित अन्य उपस्थित थे। जयकारे के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।






आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 28 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in




# महाषष्ठी आज, होगी मां कात्यायनी की पूजा

- बांग्ला मंडपों के खुलेंगे पट, साकार होगा मां का स्वरूप

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** शारदीय नवरात्र रविवार को श्रद्धालु दुर्गा षष्ठी व्रत रखेंगे। मां के छठे स्वरूप माता कात्यायनी की पूजा होगी। भक्त सस्वर पाठ कर मां के श्रीचरणों में श्रद्धा के पुष्प चढ़ायेंगे। सनातनियों के घरों में तो पूजा-अर्चना होगी ही। साथ ही मंदिरों और पूजा पंडालों में भी विशेष पूजन का सिलसिला सुबह से देर शाम तक चलेगा। दुर्गा बाड़ी, मेन रोड सहित सभी बांग्ला पूजा मंडपों के पट भी आम भक्तों के लिए खोल दिये जायेंगे और मां का आदमगद स्वरूप साकार हो जायेगा। इस दिन पूर्वाह्न 10:43 बजे तक षष्ठी है। इसके बाद सप्तमी चढ़ जायेगी। मां कात्यायनी की पूजा के बाद बेल वृक्ष की पूजा की जायेगी। संध्या बेला बोधन अनुष्ठान होगा। फिर पट खुलेंगे और मां भवानी के दर्शन को आतुर दर्शनार्थी भक्ति की डोर से बंध खींचे चले जायेंगे। दुर्गोत्सव के उल्लास से जग झूम उठेगा।



## देशप्रिय क्लब में आजसू सुप्रीमो ने माता के दर पर लगायी हाजिरी

देशप्रिय क्लब एंड लाइब्रेरी के पूजा पंडाला का उद्घाटन महापंचमी को हुआ। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि भाग ले आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने माता के दरबार में हाजिरी लगायी। माता रानी से राज्यवासियों के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। 1940 से संचालित क्लब हर साल दुर्गोत्सव धूमधाम से मनाता है। इस बार भी मां दुर्गा और अन्य देवी-देवताओं की भव्य प्रतिमा विराजमान कर भव्य रूप में पूजनोत्सव मनाया जा रहा है। आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देव शरण भगत, क्लब के अध्यक्ष डॉ कमल कुमार बोस, सचिव प्रणव कुमार चौधरी, कार्यकारिणी सदस्य खोखन मुखर्जी, काजल बोस, अमित दास, डॉ रीना सेन, इती बोस, बुलबुल मुखर्जी ने भी खास तौर से समारोह में हिस्सा लिया। अतिथियों के हाथों दुर्गा पूजा स्मारिका का विमोचन भी किया गया।

## अरगोड़ा में भी सीएम फूंकेंगे रावण का पुतला



राजधानी में अधर्म पर धर्म के विजय के प्रतीक का त्योहार दशहरा धूमधाम से मनाने की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। दो अक्टूबर को शहर के मोरहाबादी और अरगोड़ा सहित कई स्थानों पर विधर्मियों के पुतले फूंके जायेंगे। सीएम हेमंत सोरेन इस बार भी रावण, कुभकर्ण और मेघनाद का पुतला दहन करेंगे। अरगोड़ा में इसको लेकर विशेष तैयारी की जा रही है। यहां भक्ति के मनोरंजक कार्यक्रम के साथ आकर्षक आतिशबाजी का खूबसूरत नजारा देखते ही बनेगा। श्रीदुर्गा पूजा एवं रावण दहन समिति अरगोड़ा के अध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि आतिशबाजी शाम 4.30 बजे से शुरू होगा। मोरहाबादी मैदान में रावण दहन के बाद मुख्यमंत्री सीधा अरगोड़ा मैदान पहुंचेंगे। सोरेन रिमोट दबा कर रावण दहन करेंगे।

# तमिलनाडु में एक्टर विजय की रैली में भगदड़, 36 मौतें



**करूर (एजेंसी)।** तमिलनाडु के करूर में एक्टर विजय की रैली में शनिवार शाम को भगदड़ मच गयी। इसमें 36 लोगों की मौत हो गयी। मरने वालों में 16 महिलाएं और 8 बच्चे शामिल हैं। तमिलनाडु के स्वास्थ्य मंत्री एमए सुब्रमणियन ने यह जानकारी दी। हादसे में 58 से ज्यादा लोग घायल हो गये। आशंका जतायी जा रही है कि मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। जानकारी के मुताबिक अभिनेता से नेता बने विजय की पार्टी तमिलगा वेट्री कजगम यानी टीवीके की रैली में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। बताया गया है कि 9 साल की एक बच्ची गुम गयी थी। विजय ने मंच से उसे तलाशने की अपील पुलिस और अपने लोगों से की, जिसके बाद वहां भगदड़ जैसे हालात बन गये। भीड़ में फंसने से कई लोगों को सांस लेने में परेशानी हुई और कई लोग और कार्यकर्ता बेहोश होने लगे। हालात बिगड़ते देख विजय ने भाषण रोक दिया और लोगों से शांति की अपील की। इसके बाद वे भाषण छोड़कर निकल गये। विजय की रैली के लिए 10 हजार लोगों की परमीशन थी। प्रशासन को 50 हजार लोगों के जुटने का अनुमान था, लेकिन वहां करीब 1 लाख 20 हजार लोग एकत्र हो गये थे।


**पूर्व तट रेलवे**

निविदा सूचना सं.MSM-TESTING-LMLT-PP-22-25

**कार्य का नाम:** पांच वर्षों की समयावधि हेतु सम्बलपुर मण्डल में कैरिज एवं वैगन डिपो के लिफ्टिंग मशीन, लिफ्टिंग टैकल, एवं पेसर प्लांट्स का परीक्षण तथा प्रमाणीकरण।

**कार्य की अनुमानित लागत (रुपये में):** 12,00,586.64, EMD (रुपये में): 24,000/-, कार्य पूरा होने की अवधि: 60 महीने।

**निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** दिनांक 15.10.2025 को 1500 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

असिस्टेंट डिवीजनल मैकेनिकल इंजीनियर(फ्रेट)/ सम्बलपुर

PR-644/Q/25-26



**पूर्व तट रेलवे**

निविदा सूचना सं.ST/OT/SIT/KUR/01, दिनांक : 19.09.2025

**कार्य का नाम:** खोरधा रोड मण्डल में IRSEM के अनुसार EI एवं PI स्टेशन के लिए सिग्नल अखण्डता (Integrity)परीक्षण का निष्पादन । (स्टेशन : सुकिन्दा रोड, सीताबिंज, राजआठगढ़, चारबटिया, बसंतपुर, बाजीपड़ा, राधाकिशोरपुर, मार्शाघाई, नूआगांव, कलाघर, सिजु, केरेजांग, रंदिया बाउदपुर एवं ललितगिरि)।

**निविदा मूल्य (रुपये में):** 1,43,85,424.18, EMD (रुपये में): 2,21,900/- ।

बिड प्रारंभ होने की तिथि: दिनांक 29.09.2025, **निविदा बंद होने की अंतिम तिथि व समय:** दिनांक 13.10.2025 को 1100 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

दृष्टव्य: प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/ शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम से कम 15(पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुन:अवलोकन करें।

मण्डल रेलवे प्रबंधक (सिग्नल एवं टेलीकॉम)/ खोरधा रोड

PR-642/Q/25-26


# आज जागरण के साथ खुलेगा मां भवानी का पूजा पंडाल

- पिस्का मोड़ में कमल पुष्प पर होगा मां का दर्शन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मां भवानी युवा क्लब, विश्वनाथ शिव मंदिर पिस्का मोड का पूजा पंडाल और मां की प्रतिमा इस बार कुछ अलग थीम पर आधारित है। यहां मां भवानी और अन्य देवी-देवताओं का दर्शन कमल पुष्प पर होगा। आकर्षक विद्युत साज-सज्जा के क्या कहने। रंग-बिरंगी चकरी काटती रौशनी से जगमग पूजा स्थल पर मां दुर्गा की मनोहारी छटा देखते ही बनेगी। अध्यक्ष शैलेश्वर दयाल सिंह ने बताया कि उद्घाटन समारोह के बाद भजन गायक तत्शा, जुगल दरगड़ और पिंटू शर्मा भक्ति गीतों की सरिता बहायेंगे। उन्होंने बताया कि यहां 1975 से लगातार दुर्गोत्सव मनाया जा रहा है। इस



बार पूजा का बजट 18 लाख रुपये है। शिल्पकार पिंटू मंडल ने सहयोगी शिल्पकारों के साथ 12 फीट ऊंची मां दुर्गा की प्रतिमा को मूर्त रूप दिया है। कार्यकारिणी सदस्य राकेश साहू, रविशंकर भगत, नामित लाल, अमन दयाल, गुड्डू लाल, अजय चौधरी, पंकज गुप्ता, कीनू तिवारी आदि इसके सफल आयोजन में मुख्य योगदान दे रहे हैं।

## प्रदेश राजद के सचिव बनाये गये मनोज अग्रवाल



**रांची (आजाद सिपाही)।** राजधानी रांची में वर्षों से समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य करने वाले वाले मनोज कुमार अग्रवाल को झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल का सचिव बनाया गया है। मनोज कुमार अग्रवाल के सचिव बनाये जाने की घोषणा प्रदेश झारखंड के अध्यक्ष संजय प्रसाद यादव ने की। मनोज कुमार अग्रवाल को सचिव बनाये जाने पर राजद के नेताओं ने उन्हें बधाईयां दी है। मनोज कुमार अग्रवाल ने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है। उस पर वे खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। उल्लेखनीय है कि श्री अग्रवाल वर्षों से दलित, पिछड़े, गरीब, लाचार और असहाय लोगों के बीच सेवा कार्य में लगे हुए हैं।

# आइइटीइ के 68वें राष्ट्रीय अधिवेशन में प्रो अजय कुमार बने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ स्थित सीएसआइआर-सीएसआइओ में आयोजित इंस्टिट्यूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियर्स (आइइटीइ) के 68वें राष्ट्रीय अधिवेशन में झारखंड से पहली बार प्रो (डॉ) अजय कुमार को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। अधिवेशन में संगठन के विभिन्न पदाधिकारियों का चुनाव हुआ।

इस वर्ष चुने गये पदाधिकारी



इस प्रकार हैं: राष्ट्रीय अध्यक्षः सुनील कुमार (न/१ दिल्ली), राष्ट्रीय उपाध्यक्षः प्रो (डॉ) अजय कुमार (रांची), डॉ आरडी कराडकर (महाराष्ट्र), डॉ एमएच कोहरी (बंगलुरु), कोषाध्यक्षः ब्रिगेडियर बीके पाण्डेय (नयी दिल्ली), राष्ट्रीय तकनीकी कार्यक्रम अध्यक्षः डॉ शिवकुमार (नयी दिल्ली), प्रो (डॉ) अजय कुमार वर्तमान में रांची स्थित रामटहल चौधरी इंजीनियरिंग कॉलेज में कंप्यूटर साइंस विभागाध्यक्ष हैं। यह जानकारी आइइटीइ रांची चैप्टर के मानद सचिव एवं सरला बिरला विश्वविद्यालय के संकाय अध्यक्ष प्रो. विजय कुमार सिंह ने दी। राष्ट्रीय अधिवेशन का उद्घाटन यूपीएससी के चेयरमैन डॉ अजय कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स, टेलीकम्युनिकेशन और कंप्यूटर साइंस का क्षेत्र भारत के भविष्य की दिशा तय करेगा और वैज्ञानिकों को मिल कर इसमें योगदान देना होगा। अधिवेशन में विभिन्न विशेषज्ञों को उनके कार्यों के लिए सम्मानित किया गया तथा UGC के पूर्व चेयरमैन प्रो जगदीशन को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से नवाजा गया। प्रो अजय कुमार के चयन पर आइइटीइ रांची उपशाखा के पदाधिकारियों और कई गणमान्य व्यक्तियों ने प्रसन्नता व्यक्त की और उन्हें बधाई दी। बधाई देने वालों में प्रो डीके सिंह (कुलपति, जेयूटी), प्रो पीयूष रंजन (कुलपति, राय विश्वविद्यालय), डॉ निशांत कुमार (कुलसचिव, जेयूटी), डॉ अरुण मिश्रा (हजारीबाग), डॉ केपी दत्ता, प्रो ब्रजेश कुमार और अरविंद कुमार प्रमुख रहे हैं।


**सूचना**

यह सूचित किया जाता हैं कि कैशपार माइक्रो क्रेडिट कम्पनी कि शाखा मालखरौदा (34:12), जो कि कैशपार माइक्रो क्रेडिट मालखरौदा सेंट थॉमस स्कूल थन रोड के सामने मालखरौदा, रायगढ़, छत्तीसगढ़, पिन-495691 मे स्थित हैं अब 30-12-2025 से खरसिया (34:06), कैशपार माइक्रो क्रेडिट खरसिया राठोर मार्ग मंगल बाजार बाइ पास रोड खरसिया, रायगढ़, छत्तीसगढ़, पिन-496661 में विलय (मर्ज) हो रही हैं। इस विलय के पश्चात सभी कार्यवाहियां एवं सेवाएं खरसिया (34:06), कैशपार माइक्रो क्रेडिट खरसिया राठोर मार्ग मंगल बाजार बाइ पास रोड खरसिया, रायगढ़, छत्तीसगढ़, पिन-496661 के माध्यम से ही संचालित कि जाएंगी । सभी ऋण लाभार्थियों से अनुरोध हैं कि वे भविष्य मे किसी भी प्रकार के कार्य हेतु खरसिया शाखा से संपर्क करे। **संपर्क नंबर: 6260058631 , 7489887381**

यह सूचित किया जाता हैं कि कैशपार माइक्रो क्रेडिट कम्पनी कि शाखा बिलाईगढ़ (34:20),जो कि कैशपार माइक्रो क्रेडिट बिलाईगढ़ C/O चौत राम साहू सागर पब्लिक स्कूल के पास, बिलाईगढ़, रायगढ़, छत्तीसगढ़, पिन-493338 मे स्थित हैं अब 30-12-2025 से बिर्रा शाखा (34:02), कैशपार माइक्रो क्रेडिट बिर्रा C/O तीजु राम साहू चांपा रोड ग्रामीण बैंक के ऊपर जंजगीर चांपा, रायगढ़, छत्तीसगढ़, पिन-495661मे विलय (मर्ज) हो रही हैं। इस विलय के पश्चात सभी कार्यवाहियां एवं सेवाएं बिर्रा शाखा (34:02), कैशपार माइक्रो क्रेडिट बिर्रा C/O तीजु राम साहू चांपा रोड ग्रामीण बैंक के ऊपर जंजगीर चांपा, रायगढ़, छत्तीसगढ़, पिन-495661 के माध्यम से ही संचालित कि जाएंगी । सभी ऋण लाभार्थियों से अनुरोध हैं कि वे भविष्य में किसी भी प्रकार के कार्य हेतु बिर्रा शाखा से संपर्क करे। **संपर्क नंबर: 7489112415 , 7240926968**

**कैशपार माइक्रो क्रेडिट**


# ऋषिकेष पाठक को मातृशोक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सहायक अध्यापक संघ (पारा शिक्षक) के अध्यक्ष ऋषिकेष पाठक की माता और पूर्व क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी प्रभु नारायण पाठक की पत्नी कमला देवी का शनिवार की दोपहर निधन हो गया। वह 75 वर्ष की थीं। रविवार की सुबह 11 बजे उनके पैतृक गांव पलामू जिले के केतात में उनका अंतिम संस्कार किया जायेगा। वह अपने पीछे दो पुत्र और चार पुत्री समेत भरापूरा परिवार छोड़ गयी हैं।

ऋषिकेष पाठक ने बताया कि उनकी माता लंबे समय से बीमार थीं। पिछले 11 सितंबर से कोकर स्थित सैमफोर्ड हॉस्पिटल में उनका इलाज चल रहा था। 17 दिन तक जिंदगी और मौत से लड़ती रहीं।



शनिवार वह मौत से हार गयीं। उनके निधन की खबर से न सिर्फ नाते और रिश्तेदार, बल्कि पड़ोसियों में शोक की लहर है। सभी उनके आत्मा की शांति को लेकर कामना कर रहे हैं।

# गार्गी मंजू सम्मान के तीसरे संस्करण में 200 शिक्षकों को सम्मानित किया गया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** टेंडर हार्ट स्कूल में गार्गी मंजू सम्मान का तीसरा संस्करण गरिमामय ढंग से आयोजित किया गया। इसमें देशभर से चयनित 200 शिक्षकों को उनके असाधारण योगदान के लिए सम्मानित किया गया। प्रत्येक शिक्षक को 11,000 नगद, मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र और मेडल प्रदान किये गये। यह पहल टेंडरहार्ट को देश का पहला निजी संस्थान बनाती है जिसने इतने बड़े स्तर पर शिक्षकों का सम्मान किया है। कार्यक्रम में केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ मुख्य अतिथि तथा कवि-




लेखक शैलेश लोढ़ा विशिष्ट अतिथि रहे। इस अवसर पर विद्यालय की संस्थापिका स्व. गार्गी मंजू की प्रतिमा का अनावरण और नई वेबसाइट का लोकार्पण किया गया।संजय सेठ ने कहा कि शिक्षकों का योगदान भारत को विश्वगुरु बनाने में अहम है और यह सम्मान उनके गौरव को पुनर्स्थापित करेगा। शैलेश लोढ़ा ने इसे शिक्षा की अलख को प्रखर करने वाला कदम बताया। विद्यालय के चेयरमैन सुधीर तिवारी ने 27 सितंबर को शिक्षक सम्मान दिवस मनाने की अपील की।

# पुलिस महानिरीक्षक ने दुर्गा पूजा को लेकर की समीक्षा बैठक, 5000 जवानों की होगी तैनाती

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में दुर्गा पूजा के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। इसी क्रम में शनिवार को रांची जोन के पुलिस महानिरीक्षक मनोज कौशिक की अध्यक्षता में एसएसपी कार्यालय में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। इस उच्चस्तरीय बैठक में रांची के सीनियर एसपी राकेश रंजन, सिटी एसपी पारस राणा, ग्रामीण एसपी प्रवीन पुष्कर समेत शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के सभी डीएसपी मौजूद रहे। बैठक में सुरक्षा व्यवस्था के विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गयी। बैठक के बाद आईजी मनोज कौशिक ने मीडिया को जानकारी दी कि प्रशासन का मुख्य फोकस शांति व्यवस्था बनाये रखने पर है। उन्होंने बताया कि संवेदनशील इलाकों की पहचान



## बैठक में इन बिंदुओं पर विशेष हुई चर्चा

यातायात व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण और प्रबंधन, महिला सुरक्षा सुनिश्चित करना, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग ताकि अफवाहों को रोका जा सके, संवेदनशील इलाकों पर विशेष निगरानी।

कर ली गयी है, और वहां अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जायेगा। सुरक्षा और निगरानी के लिए आधुनिक तकनीक का भी उपयोग किया जायेगा। सभी प्रमुख स्थानों और पंडालों के पास सीसीटीवी की मदद ली जायेगी। आईजी ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए दो कंपनी केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के अलावा पांच हजार से अधिक पुलिस के जनावों की तैनाती की जा रही है। पुलिस प्रशासन की ओर से यह भी स्पष्ट किया गया कि पूजा को सुचारू बनाने के लिए पूजा आयोजकों के साथ समन्वय बैठक आयोजित की जायेगी। इसमें उन्हें विस्तृत दिशानिर्देश की जानकारी दी जायेगी। साथ ही पूजा पंडालों के पास अस्थायी कंट्रोल रूम और त्वरित प्रतिक्रिया टीम भी तैनात की जायेगी।

# बिहार क्लब रांची में सर्वधर्म सद्भावना समिति की बैठक




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** दुर्गा पूजा को शांति और सौहार्द के साथ मनाने के लिए शनिवार को बिहार क्लब, रांची में सर्वधर्म सद्भावना समिति की बैठक हुई। इस बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री ने की। बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन, नगर निगम प्रशासक सुशांत गौरव, एसडीओ सदर उत्कर्ष कुमार, पुलिस अधीक्षक (शहर) पारस राणा, और कई धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद थे। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि रांची जिला हमेशा से सामाजिक सौहार्द का उदाहरण रहा है। दुर्गा पूजा के दौरान भी यह माहौल बना रहे, इसके लिए सभी को सतर्क रहना होगा। उन्होंने बताया कि कुछ शरारती तत्व छोटी घटनाओं को बड़ा बनाकर माहौल खराब करने की कोशिश कर सकते हैं। ऐसी स्थिति में समिति और आम लोग तुरंत प्रशासन को सूचना दें।


**स्टील अथॉरिटी ऑफ इण्डिया लिमिटेड**
बोकारो इस्पात संयंत्र
बोकारो स्टील सिटी - 827001 झारखण्ड, इण्डिया

**बोकारो इस्पात नगर पूजा पंडालों और समितियों के ध्यानार्थ**

**सूचना/अपील**

**सभी पूजा पंडालों और समितियों को बिजली उपभोग हेतु विधिवत विद्युत कनेक्शन लेना आवश्यक है.**

**कनेक्शन प्रदान करने हेतु निम्नलिखित अहर्ताएं आवश्यक हैं:**

A) Land permit from BSL .
बीएसएल से जमीन की मंजूरी .

B) Permit from District Admin. for the occasion.
पूजा आयोजन के लिए जिला प्रशासन से मंजूरी.

c) Test Report (provided by Electrical Liecencee Supervisor (Jharkhand Govt.) With a copy of License Certificate

**उचित अनुमोदन के बाद मांग के अनुसार निम्नलिखित शर्तों पर विद्युत कनेक्शन प्रदान किए जाएंगे:**

1. पूजा समितियों को सुरक्षा के लिए पंडाल से दूर अलग बिजली वितरण बोर्ड और बैरिकेडिंग सुनिश्चित करनी होगी। ये बोर्ड के पास अग्निशामक यंत्र होने चाहिए।
2. पूजा समिति को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि पंडाल और उसके आसपास कोई तार या तार में जोड़ न हो।
3. पूजा समिति को मुख्य बिजली वितरण बोर्ड के पास चौबीसों घंटे कुशल इलेक्ट्रीशियन की तैनाती सुनिश्चित करनी होगी।
4. किसी भी परिस्थिति में बीएसएल एल.टी. नेटवर्क से एकाधिक कनेक्शन नहीं लिया जाना चाहिए।
5. सभी बिजली के तार मानवीय पहुँच में नहीं होने चाहिए।
6. पूजा समिति को विद्युत ड्यूटी पर तैनात व्यक्तियों के लिए स्थानीय सेक्टर मेंटेनेंस पोस्ट के साथ-साथ बीएसएल टीए नगर सेवा कार्यालय में उनके संपर्क नंबर के साथ संपर्क व्यक्ति की जानकारी देनी होगी।
7. सभी कनेक्शन भारतीय विद्युत नियम के मानकों के अनुसार किये जाने चाहिए।
8. पूजा समिति उन सभी प्रतिष्ठानों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी जिनकी बिजली आपूर्ति उनके द्वारा अस्थायी रूप से दी गई है
9. उपयोग की जाने वाली विद्युत केबल मानक गुणवत्ता और रेटिंग की होनी चाहिए।
10. निर्देशों के उल्लंघन के कारण होने वाली किसी भी चूक के लिए पूजा समिति पूरी तरह से जिम्मेदार होगी।

**यदि उचित मंजूरी नहीं ली गई या सुरक्षा का उल्लंघन हुआ तो पंडालों की बिजली काट दी जाएगी।**

आदेशानुसार
नगर प्रशासन विभाग

पंजीकृत कार्यालय: इस्पात भवन लोदी रोड, नई दिल्ली 110003

*हर किसी की जिंदगी से जुड़ा हुआ है सेल*

# मोहम्मद यूनुस की गलतबयानी

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने भारत के साथ रिश्ते खराब होने का ठीकरा पूरी तरह नई दिल्ली पर फोड़ दिया है। द्विपक्षीय संबंधों में तनाव के लिए उन्होंने जो कारण गिनाये हैं, वे पूरी तरह भ्रामक और सच से मुंह मोड़ने वाले हैं।

**न्यूयॉर्क में बयान :** मोहम्मद यूनुस को यह रास नहीं आ रहा कि भारत ने बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना को शरण दी है। उनके मुताबिक, भारत को बांग्लादेशी स्टूडेंट्स का विरोध-प्रदर्शन पसंद नहीं आया और भारतीय मीडिया की तरफ से दुष्प्रचार किया गया। यूनुस ने ये बातें न्यूयॉर्क में कहीं, जहां वह संयुक्त राष्ट्र महासभा के सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए गये हुए हैं। एक तो द्विपक्षीय मसलों पर बात करने के लिए यह कोई मंच नहीं था और फिर यूनुस ने अधूरी तस्वीर पेश की है। अगस्त, 2024 में उनके सत्ता संभालने के बाद से बांग्लादेश के अंदरूनी हालात लगातार बिगड़े हैं, अल्पसंख्यकों पर हमले बढ़े हैं। भारत ने स्टूडेंट्स के आंदोलन पर कभी ऐतराज नहीं किया - हां, अल्पसंख्यकों को निशाना बनाये जाने पर चिंता जरूर जतायी है। यह कोई दुष्प्रचार नहीं है, इस साल फरवरी में जारी संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के मुताबिक हिंदुओं, अहमदिया मुस्लिमों, ईसाइयों, बौद्ध और यहां तक कि चटगांव के पहाड़ी क्षेत्रों में रहने वाली मूल जनजातियों पर भी हमले बढ़े हैं। सच यही है कि उनकी सरकार में कट्टरपंथी ताकतों का दखल पड़ा है। कानून-व्यवस्था और जल्द चुनाव के मुद्दे पर उनकी बांग्लादेशी सेना के साथ भी अनबन हो चुकी है। यूनुस पर जिम्मेदारी थी जल्द से जल्द चुनाव कराने की, जिससे वह बचते आ रहे हैं। स्टूडेंट्स का भरोसा भी उन पर कम हुआ है। इसके बावजूद वह ऐसे नीतिगत फैसले ले रहे हैं, जिसका असर लंबे वक्त तक बांग्लादेश को प्रभावित करेगा। उन्होंने अपने देश को पाकिस्तान और चीन की तरफ झुका दिया है। वह शायद भारत के पूर्वोत्तर राज्यों पर दिया अपना बयान भूल गये, जो हर लिहाज से पड़ोसी धर्म के खिलाफ था।

> यूनुस एसएएआरसी को फिर से सक्रिय करना चाहते हैं, लेकिन उनकी कोशिशों के पीछे का मकसद साफ समझ आ जाता है - पाकिस्तान की वकालत करना। एसएएआरसी भले निष्क्रिय हो, लेकिन दूसरे क्षेत्रीय संगठन बीआइएमएसटीइसी के जरिये भारत पड़ोसी देशों के साथ सहयोग बढ़ा रहा है।

**पाकिस्तान का पक्ष :** यूनुस एसएएआरसी को फिर से सक्रिय करना चाहते हैं, लेकिन उनकी कोशिशों के पीछे का मकसद साफ समझ आ जाता है - पाकिस्तान की वकालत करना। एसएएआरसी भले निष्क्रिय हो, लेकिन दूसरे क्षेत्रीय संगठन बीआइएमएसटीइसी के जरिये भारत पड़ोसी देशों के साथ सहयोग बढ़ा रहा है। यूनुस अगर भारत के साथ बेहतर रिश्ते चाहते हैं, तो उन्हें जियो पॉलिटिक्स का मोहरा बनने के बजाय नयी दिल्ली से सीधे बात करनी चाहिए और सच को स्वीकार करना चाहिए।

अभिमत
आजाद सिपाही

**दिल्ली की गद्दी पर बैठने के बाद से ही हमारे प्रधानमंत्री विकास को बार-बार दोहराते रहे हैं। उत्तराखंड के धार्मिक स्थलों के पर्यटन से निश्चित रूप से लाभ हुआ है, लेकिन हिमालयी क्षेत्र में विकास के नकारात्मक पहलुओं को गणना में शामिल नहीं किया गया है। पहाड़ी राज्यों में आयी आपदाओं का असर पंजाब सहित निचले मैदानी इलाकों पर भी पड़ा है। राज्य पहले से ही भारी कर्ज में डूबा हुआ है। फसलों के नुकसान के लिए किसानों को मुआवजा देने से कर्ज और बढ़ जायेगा। मदद के लिए मोदी सरकार से संपर्क करना होगा।**

# केवल युद्ध का ही सहारा लेते हैं कमजोर देश

**जूलियो रिबैरो**



देश के अन्य हिस्सों की तरह पंजाब में भी बारिश ने तबाही मचायी है। इस साल बारिश बहुत ज्यादा हुई है। ज्यादातर राज्यों में फसलें बर्बाद हो गयी हैं। मुंबई शहर को अगले मानसून तक पर्याप्त पानी की पूर्ति हो गयी है, इसके लिए शहर के आसपास की 7 झीलों से पानी की जरूरत होती है। मुंबई की पानी की आपूर्ति करने वाली झीलें मानसून के लौटने से एक महीने पहले ही उफान पर आ गयीं। आने वाले साल में शहर के निवासियों को पानी की कोई कमी नहीं होगी।

दिल्ली की गद्दी पर बैठने के बाद से ही हमारे प्रधानमंत्री विकास को बार-बार दोहराते रहे हैं। उत्तराखंड के धार्मिक स्थलों के पर्यटन से निश्चित रूप से लाभ हुआ है, लेकिन हिमालयी क्षेत्र में विकास के नकारात्मक पहलुओं को गणना में शामिल नहीं किया गया है। पहाड़ी राज्यों में आयी आपदाओं का असर पंजाब सहित निचले मैदानी इलाकों पर भी पड़ा है। राज्य पहले से ही भारी कर्ज में डूबा हुआ है। फसलों के नुकसान के लिए किसानों को मुआवजा देने से कर्ज और बढ़ जायेगा। मदद के लिए मोदी सरकार से संपर्क करना होगा। ऐसे दुखद समय में, पीड़ित लोग अपनी दुर्दशा का कारण जानने के लिए रुकते नहीं हैं। वे सत्ताधारी दल पर दोष मढ़ते हैं! यह एक सर्वव्यापी घटना है।

> याद रखें कि केवल कमजोर देश ही इस कम लागत वाले युद्ध का सहारा लेते हैं, क्योंकि वे पारंपरिक युद्ध में मजबूत देश का सामना नहीं कर सकते।

प्रकृति के इस प्रहार को कम करने के लिए, पंजाब के लोग रविवार शाम दुबई में हुए सुपर-4 चरण के पहले मैच में पाकिस्तान पर भारतीय क्रिकेट की जीत का सहारा ले सकते हैं। यह मैच एक हफ्ते पहले हुए पिछले लीग मैच की तरह एकतरफा नहीं था।

> **नवरात्रि के पावन अवसर पर उपभोक्ताओं को प्रधानमंत्री द्वारा दिये गये उपहार का उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया। मैं पूरी तरह से आश्वस्त नहीं हूं। क्या व्यापारी जो मोदी के कट्टर समर्थक हैं, प्रधानमंत्री की इस उदारता का लाभ आम आदमी तक पहुंचायेंगे? पैसे के कीड़े ने हमारे उन सभी नागरिकों को काट लिया है, जिनके पास जल्दी पैसा कमाने का अवसर है!**

पाकिस्तानियों ने इस बार बहादुरी से खेला। उन्होंने केवल 5 विकेट खोकर 171 रन बनाये! यह बचाव के लिए एक बहुत ही अच्छा स्कोर था। लेकिन भारत की पारी की शुरुआत करने वाले पंजाब मूल के 2 बल्लेबाजों का विचार कुछ और ही था।

अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल ने पहले विकेट के लिए 105 रन जोड़े और छक्के-चौके लगाये, जिससे दर्शक दीर्घा में बैठे भारतीय दर्शक आनंदित हो गये। बेशक पाकिस्तानी, जिनकी उपस्थिति हमारे हमवतन खिलाड़ियों के बराबर थी, खुश नहीं थे। उन्हें तब भी अच्छा नहीं लगा जब हमारी टीम ने अपने विरोधियों से हाथ मिलाने से इंकार कर दिया जो उन्हें पहले मुकाबले में उनकी बहुप्रतीक्षित जीत पर बधाई देना चाहते थे। खेल आयोजनों की शुरुआत और समापन पर हाथ मिलाना खेल शिष्टाचार का हिस्सा है। व्यक्तिगत रूप से मैं इस शिष्टाचार का पालन करने के पक्ष में हूं। लेकिन टीम को बीसीसीआइ (भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड) द्वारा निर्देश दिया गया होगा कि वे पाकिस्तान द्वारा आतंकवाद का सहारा लेने के खिलाफ हमारे देश के गुस्से को व्यक्त करने के लिए हाथ मिलाने से बचें। याद रखें कि केवल कमजोर देश ही इस कम लागत वाले युद्ध का सहारा लेते हैं, क्योंकि वे पारंपरिक युद्ध में मजबूत देश का सामना नहीं कर सकते।

दुर्भाग्य से, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को लगा कि भारतीय प्रधानमंत्री और पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल मुनीर के साथ उनकी बातचीत ने ही दोनों परमाणु संपन्न पड़ोसियों को शत्रुता बढ़ाने से रोका। उन्होंने शायद यह अनुमान लगाया होगा कि यह दोस्ताना बातचीत ही उनके लिए नोबेल शांति पुरस्कार का टिकट साबित होगी। कौन जाने, अगर वह रूस-यूक्रेन युद्ध को रोकने में कामयाब हो जाते हैं या बेंजामिन नेतन्याहू को गाजा में निर्दोष महिलाओं और बच्चों का नरसंहार बंद करने के लिए मना लेते हैं, तो उन्हें यह पुरस्कार मिल भी सकता है। दरअसल, यहीं पर एक ध्रुवीय दुनिया में उनके प्रभाव की परीक्षा होगी। ट्रंप को अपने दोस्त से फिलिस्तीन को एक अलग राज्य के रूप में स्वीकार करवाना होगा, जैसा कि ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और कनाडा ने किया है और इससे नोबेल पुरस्कार के लिए उनका रास्ता साफ हो जायेगा।

नवरात्रि के पावन अवसर पर उपभोक्ताओं को प्रधानमंत्री द्वारा दिये गये उपहार का उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया। मैं पूरी तरह से आश्वस्त नहीं हूं। क्या व्यापारी जो मोदी के कट्टर समर्थक हैं, प्रधानमंत्री की इस उदारता का लाभ आम आदमी तक पहुंचायेंगे? पैसे के कीड़े ने हमारे उन सभी नागरिकों को काट लिया है, जिनके पास जल्दी पैसा कमाने का अवसर है!

प्रधानमंत्री को अपने अच्छे कार्यों के कार्यान्वयन पर कड़ी निगरानी रखने का आदेश देना चाहिए, कहीं ऐसा न हो कि उनके अपने अनुयायी उनके इस नेक विचार का पूरा श्रेय उनसे छीन लें। मुझे पहले ही अंदाजा हो गया है कि जीएसटी में कटौती कैसे लागू होने वाली है!

सार्वजनिक रूप से घोषणा की गयी थी कि 22 सितंबर से स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियों पर कोई जीएसटी नहीं लगेगा। मेरी स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी का नवीनीकरण 1 अक्टूबर को होना था। मैं आमतौर पर रिमाइंडर मिलते ही भुगतान कर देता हूं, लेकिन इस साल मैंने हमारे दयालु प्रधानमंत्री के उपहार का लाभ उठाने के लिए 22 सितंबर तक भुगतान टाल दिया। 18 प्रतिशत जीएसटी वाली राशि मेरे बैंक खाते में ही रहेगी! लेकिन बीमा कंपनी ने मेरे उत्साह को स्वीकार नहीं किया। उसने फैसला सुनाया कि शून्य जीएसटी केवल खुदरा ग्राहकों या जो भी इसका मतलब हो, के लिए है। चूंकि मेरी पॉलिसी लगभग 30 साल या उससे भी पहले बैंक के माध्यम से ली गयी थी, इसलिए मुझे 18 प्रतिशत जीएसटी का भुगतान करना पड़ा, इस तथ्य के बावजूद कि प्रधानमंत्री का नया फॉर्मूला नवरात्रि के दिन लागू हुआ था! क्या सरकार द्वारा घोषित अन्य जीएसटी रियायतों पर भी ऐसे बचाव प्रावधान हैं? इस प्रकार के छल-कपट से बचना चाहिए, अन्यथा यह उल्टा पड़ सकता है।

**(लेखक : पूर्व डीजीपी पंजाब एवं पूर्व आइपीएस अधिकारी)**

## कोल्हान की खबरें

### शहीदों के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने वालों पर कार्रवाई की मांग



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** कृष्णा हांसदा द्वारा एक यूट्यूब/फेसबुक चैनल में झारखंड के वीर शहीद निर्मल महतो और सुनील महतो के बारे में की गयी आपत्तिजनक और अमर्यादित टिप्पणी को लेकर सामाजिक समूहों में आक्रोश व्याप्त है। शनिवार को आदिवासी कुर्मी समाज के एक प्रतिनिधिमंडल पुलिस मुख्यालय में पहुंचकर शहीदों के सम्मान को ठेस पहुंचाने और समाज में वैमनस्य फैलाने वाले पर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा आरोपित कृष्णा हांसदा को शहीद निर्मल महतो के समाधि स्थल पर जाकर सार्वजनिक रूप से माफी मांगने का निर्देश देने की मांग उठायी। समाज का मानना है शहीद पूरे झारखंड की धरोहर हैं। उनके सम्मान में कोई भी घटिया टिप्पणी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने प्रशासन से जल्द इस मामले में उचित कार्रवाई कर समाज में शांति बनाये रखने की अपील की।

### राहुल भुइयां हत्याकांड के आरोपी के मकान के निर्माण पर रोक लगाने की मांग



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** 29 अगस्त को छायानगर के रहने वाले राहुल भुइयां की हुई हत्या के मामले में परिवार के लोग शनिवार को बस्तीवासियों के साथ एसएसपी कार्यालय पर पहुंचे और एसएसपी को ज्ञापन सौंपकर लोगों ने सीतारामडेरा पुलिस पर एक आरोपी का मकान बनवाने का आरोप लगाया है। एसएसपी कार्यालय पर पहुंचे लोगों ने सीतारामडेरा पुलिस पर आरोप लगाया कि शुभम शर्मा का मकान बनवाने में पुलिस मदद कर रही है। वहीं परिवार के सदस्यों का कहना है कि अगर इस काम को तत्काल नहीं रोका गया तो बस्ती के लोगों के साथ उनकी ओर से दूसरा कदम भी उठाया जा सकता है। इधर पुलिस का कहना है कि सभी आरोपियों को घटना के 24 घंटे के बाद जेल भेज दिया गया है। बस्ती के लोग झूठा आरोप पुलिस पर लगा रहे हैं।

### कार ने बाइक को मारी टक्कर, एक घायल

**मनोहरपुर (आजाद सिपाही)।** शनिवार को छोटानागरा थाना क्षेत्र अंतर्गत मनोहरपुर-छोटानागरा मुख्य मार्ग पर चुरगी के पास एक तेज रफ़्तार महिंद्रा एसयूवी (बॉटल ग्रीन रंग) ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार 45 वर्षीय आजाद हुसैन गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के बाद एसयूवी में सवार लोग घायल को तुरंत मनोहरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, लेकिन इलाज के बाद वहां से चुपचाप फरार हो गये। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। इसके बाद परिजनों ने उन्हें राउरकेला अस्पताल ले गये।

### तीन बेटियों के साथ महिला ने की आत्महत्या

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के बॉर्डर पर स्थित पटमदा के पश्चिम बंगाल के बांदोवान में मां ने अपनी तीन बेटियों के साथ सुसाइड कर लिया। घटना की जानकारी पाकर गांव में शोक की लहर है और पूरे गांव के लोग ही घटना के बाद से स्तब्ध हैं। उन्हें समझ में नहीं आ रहा है कि आखिर तीन बेटी और मां का सुसाइड करने का कारण क्या हो सकता है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। सुसाइड करने वालों में बेटियों की मां पिया गोराई (30), बेटी बैशाखी गोराई (13), पल्लवी गोराई (10) और सौरवी गोराई (6) शामिल है। सभी पश्चिम बंगाल के पुरूलिया लतापाड़ा के निवासी हैं। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि मुढ़ी और पकौड़ी में जहर मिलाकर मां और बेटियों ने रात को खा लिया था। इसके बाद सभी सो गये थे। इस बीच सभी के प्राण पखेरू कब हो गये परिवार के अन्य सदस्यों को पता तक नहीं चला था। घटना के दिन घर के मुखिया आनंद गोराई सब्जी बेचने के लिए जमशेदपुर की तरफ गए हुए थे। लौटने पर उन्होंने कुछ खाया नहीं और रात को सो गये। आनंद के पिता की बात करें तो वे बीमार हालत में पड़ें हुए थे। उन्हें तो घटना का आभास तक नहीं हुआ था। हालाकि घटना की रात को परिवार के सदस्य और पड़ोसी अस्पताल भी लेकर गए थे। वहां पर डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घटना के बाद पश्चिम बंगाल के लतापाड़ा से लेकर पटमदा तक के गांवों में शोक की लहर है।

### एर्नाकुलम-टाटा एक्सप्रेस के एसी कोच से महिला का शव बरामद

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** टाटानगर रेल पुलिस ने शनिवार की सुबह एनार्कुलम-टाटा एक्सप्रेस ट्रेन के एक एसी कोच से महिला यात्री का शव बरामद किया है। बताया जा रहा है कि महिला यात्री की मौत हृदय गति रूकने से हुई है। फिलहाल रेल पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। महिल रेल यात्री की पहचान पूर्वी सिंहभूम जिले के घाटशिला के महुलिया निवासी अंजली मार्डी (31) के रूप में की गयी है। अंजली के बारे में बताया जा रहा है कि वह शादी शुदा थी और वह आंध्र में काम करने के लिए गयी हुई थी। काम करके ही वह लौट रही थी। इस बीच रास्ते में ही उसकी तबियत काफी बिगड़ गयी थी। बताया जा रहा है कि तबियत बिगड़ने के कारण ही उसकी मौत हो गयी है।

### प्रताड़ना से तंग आकर महिला ने फेसबुक पर लाइव आकर किया सुसाइड, पति गिरफ्तार

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** टाटा स्टील के ठेकाकर्मी सहदेव यादव की शादी 12 सालों पूर्व हुई थी। बावजूद वह अपनी पत्नी को प्रताड़ित कर रहा था। उसकी प्रताड़ना से तंग आकर ही पत्नी मालती कुमारी (28) ने अपने कमरे में फेसबुक लाइव पर आकर सुसाइड कर लिया। इस बीच उसने अपने पति की कारस्तानियों को भी लोगों को बताया। साथ में पति सहदेव को दोषी भी ठहराया है। मामला थाने तक पहुंचते ही पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में ले लिया है। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि शुक्रवार की दोपहर कदमा थाना क्षेत्र के फॉर्म एरिया की है। घटना के समय मालती घर पर अकेली ही थी। पति काम से गया था और दोनों बच्चे स्कूल गये हुए थे। मालती का मायका गिरीडीह में है। ससुराल कोडरमा में है, लेकिन वह पति के साथ कदमा में अपने दोनों बच्चों के साथ रहती थी। मालती का भाई मनोहर कुमार ने वीडियो देखने के बाद कहा कि बहन का पति के साथ झगड़ा हुआ था। इसके बारे में मायका को नहीं बताया था। अगर मायका पक्ष को बताती तब उसे समझाकर ऐसा करने से रोका जा सकता था। मनोहर ने बताया कि वीडियो देखने के बाद पति सहदेव को पुलिस उठाकर थाने पर लेकर गयी है।

### रेल टेका-डहर छेका आंदोलन में शामिल नेताओं और कार्यकर्ताओं पर मुकदमा

**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** आदिवासी कुड़मी समाज द्वारा किए गये रेल टेका-डहर छेका आंदोलन के बाद रेलवे प्रशासन ने सख्ती दिखानी शुरू कर दी है। आंदोलन में शामिल नेताओं और कार्यकर्ताओं पर मुकदमा दर्ज किया गया है, जिनमें आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव हरे लाल महतो, झारखंड आंदोलनकारी नेता सुनील महतो और अन्य शामिल हैं। आंदोलन का उद्देश्य अनुसूचित जनजाति का दर्जा, कुड़माली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करना और सरना धर्म कोड की मांग करना था। हरे लाल महतो ने कहा कि कुड़मी समाज की मांग जायज है और वे अपने हक और अधिकार के लिए लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि केस होगा, लाठी चलेगी, जेल भी जाना पड़ेगा, लेकिन वे तैयार हैं और अपने हक को लेकर रहेंगे।

### ममता महतो की नियुक्ति की खबरों को निराधार बताया

**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** सहायक आचार्य पद पर ममता महतो की नियुक्ति को लेकर सोशल मीडिया पर चल रही खबरों को शिक्षा पदाधिकारी कैलाश मिश्रा ने झूठा और भ्रामक बताया। शनिवार को उन्होंने स्पष्ट किया ममता महतो की न तो काउंसलिंग हुई है और न ही नियुक्ति पत्र जारी किया गया। शिक्षा पदाधिकारी कैलाश मिश्रा ने जानकारी दी फोल्डर उपलब्ध नहीं होने के कारण ममता महतो की काउंसलिंग नहीं हो सकी। इसी वजह से नियुक्ति की प्रक्रिया भी पूरी नहीं हुई। उन्होंने कहा सोशल मीडिया पर प्रसारित खबरें तथ्यहीन हैं और जनता को गुमराह करने वाली हैं। इस मामले की जानकारी जिले के डीसी और डीडीसी को भी दी गयी है। प्रशासन ने लोगों से अपील की वे सत्यापित जानकारी पर ही भरोसा करें और अफवाहों से बचें।

### राजनीति में युवाओं की भागीदारी जरूरी : सरयू राय


> विधायक सरयू राय की मौजूदगी में तीन युवाओं ने थामी राजनीति की नयी राह

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय के नेतृत्व में जनता दल (यूनाइटेड) को नयी ऊर्जा मिली है। शनिवार को विश्व हिंदू परिषद और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े तीन सक्रिय युवाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। बिष्टुपुर स्थित विधायक कार्यालय सह आवास में आयोजित एक सादे समारोह में परसुडीह प्रखंड के महामंत्री (विश्व हिंदू परिषद) यशवंत शुक्ला, सामाजिक कार्यकर्ता अभिषेक ओझा और खंड संयोजक (विश्व हिंदू परिषद) अभिषेक पासवान ने जदयू की सदस्यता ली। विधायक ने तीनों को पार्टी में शामिल करते हुए उन्हें शुभकामनाएं और समर्थन दिया। विधायक सरयू राय ने कहा आज की राजनीति में स्वच्छ छवि और सेवा भावना रखने वाले युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने उम्मीद जतायी यशवंत, अभिषेक ओझा और अभिषेक पासवान जैसे ऊर्जावान युवा जदयू के संगठन को नई दिशा और गति देंगे। उन्होंने विश्वास जताया इन युवाओं की सहभागिता से पार्टी को संगठनात्मक स्तर पर मजबूती मिलेगी और सामाजिक कार्यों में सक्रियता बढ़ेगी। इस अवसर पर जदयू के कई वरिष्ठ नेता एवं पदाधिकारी में जदयू के महानगर अध्यक्ष अजय कुमार, महामंत्री कुलविंदर सिंह पन्नू, जदयू युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष नीरज सिंह, मानगो थानाध्यक्ष लालू गौड़, महानगर सचिव दीपक गौड़, जिला मंत्री विनोद सिंह, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हेमंत पाठक, जिला प्रवक्ता आकाश शाह सहित अन्य शामिल रहे। जदयू के सभी नेताओं ने नए सदस्यों का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया और उन्हें पार्टी की नीतियों एवं कार्यशैली से परिचित कराया।

### डीसी-एसपी ने दुर्गा पूजा में विधि-व्यवस्था बनाये रखने का दिया निर्देश



**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** दुर्गा पूजा और दशहरा पर्व के अवसर पर उपायुक्त नितिश कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक मुकेश लूणायत ने प्रतिनियुक्त अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने विधि-व्यवस्था बनाए रखने और उच्च न्यायालय के दिशा-निदेर्शों के अनुपालन के लिए आवश्यक निर्देश दिये। उपायुक्त ने कहा कि सभी पूजा पंडाल समितियों को साफवाली, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, अग्निशमन यंत्र और प्राथमिक उपचार की सुविधा उपलब्ध करानी होगी। साथ ही प्रत्येक पंडाल में महिला और पुरुष श्रद्धालुओं के लिए पृथक प्रवेश और निकास द्वार होंगे और आपात स्थिति के लिए वैकल्पिक निकास अनिवार्य होगा। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस बल की सर्वोच्च प्राथमिकता शांति-व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और श्रद्धालुओं की सुरक्षा होगी। उन्होंने सभी प्रतिनियुक्त अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूजा समितियों से माननीय उच्च न्यायालय द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों का अक्षरशः अनुपालन कराएं और पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराएं।

## मुख्य सड़क से अतिक्रमण हटाने को लेकर सीओ ने दी अंतिम चेतावनी



**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मुख्य सड़क से अतिक्रमण हटाने को लेकर शनिवार को सीओ राकेश सहाय एवं थाना प्रभारी असफाक आलम ने लोगों को अंतिम चेतावनी दी। अधिकारियों ने कहा कि अतिक्रमणकारियों को रविवार तक का समय दिया गया है। यदि लोग खुद अतिक्रमण नहीं हटाते हैं, तो प्रशासन जेसीबी लगाकर कार्रवाई करेगा और सड़क पर मिला सामान जब्त कर लिया जाएगा। सीओ राकेश सहाय ने कहा कि पर्व-त्योहार के समय कांडी बाजार की मुख्य सड़क पर जाम लगना आम हो गया है। सड़क के दोनों ओर बेतरतीब खड़े वाहन, मनमाने ढंग से खड़े किए जा रहे ऑटो, बस चालकों द्वारा बीच बाजार में गाड़ी खड़ी कर सामान एवं यात्रियों को चढ़ाना-उतारना और दुकानों के सामने खड़ी बाइक ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। कहा कि इस अराजकता के कारण आम नागरिकों और श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन ने साफ किया है कि यदि लोग स्वेच्छा से अतिक्रमण नहीं हटाते हैं, तो दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। मौके पर जिला पार्षद प्रतिनिधि दिनेश कुमार, मुखिया विजय राम और बीडीसी प्रतिनिधि अनूप कुमार मौजूद थे।

## प्रधानाध्यापक के समर्थन में उतरे विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष



**हरिहरपुर (आजाद सिपाही)।** शंकर प्रताप उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक आदित्य प्रसाद गुप्ता पर लगाए गए आरोपों को विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विकास सिंह ने झूठा, बेबुनियाद और निराधार बताया है। कहा कि आदित्य प्रसाद गुप्ता सदैव अपने शैक्षणिक, सामाजिक एवं नैतिक दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी से करते रहे हैं, जिससे विद्यालय और छात्र-छात्राओं का सर्वांगीण विकास हो रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्यकीय कृत प्लस 2 उच्च विद्यालय कांडी की तत्कालीन प्रभारी प्रधानाध्यापिका विद्यानी बाखला की ओर से नौ मई 2024 को जारी पत्र में भी आदित्य प्रसाद गुप्ता पर किसी प्रकार का आरोप नहीं लगाया गया है। इतना ही नहीं, बीपीओ, बीआरपी, सीआरपी सहित किसी भी शिक्षक ने भी उनकी उपस्थिति पर कभी कोई आपत्ति नहीं जताई है। विकास सिंह ने कहा कि कुछ लोग राजनीतिक स्वार्थवश विद्यालय के वातावरण को दूषित करने और छात्रों को गुटों में बांटने की कोशिश कर रहे हैं। इसी साजिश के तहत गढ़वा जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं कुछ कर्मचारी मिलकर विद्यालय के विकास और बच्चों के भविष्य को बाधित करना चाहते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रधानाध्यापक को इस प्रकरण से शीघ्र अलग नहीं किया गया, तो विद्यालय प्रबंधन समिति और हरिहरपुर के ग्रामीण जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय गढ़वा का घेराव करेंगे।

## सरस्वती विद्या मंदिर में हुआ भव्य कन्या पूजन, सैकड़ों कन्याओं का हुआ शृंगार



**श्री बंशीधर नगर/गढ़वा (आजाद सिपाही)।** शारदीय नवरात्र महोत्सव के अवसर पर स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में शनिवार को भव्य कन्या पूजन का आयोजन हुआ। जिसकी शुरूआत प्रभारी प्रधानाचार्य नीरज कुमार सिंह, सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव, अविनाश कुमार एवं नीति कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर मां दुर्गा की आराधना से की। इस अवसर पर कक्षा द्वितीय की छात्रा काजल कुमारी ने मां दुर्गा का जीवंत रूप धारण कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। आचार्या नीति कुमारी एवं तन्वी जोशी ने भक्ति गीत गाकर माहौल भक्तिमय बना दिया। वहीं, कक्षा अरुण से प्रथम तक की सैकड़ों कन्याओं का श्रृंगार कर पूजन किया गया। आचार्य एवं दीदीजी ने सभी कन्याओं के पैर पखारे, उनका श्रृंगार किया और आरती उतारी। इसके बाद उपस्थित सभी लोगों ने इन देवी स्वरूप कन्याओं से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान बहनों ने देवी के नव रूप शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चन्द्रघण्टा, कुष्मांडा, स्कन्दमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री की मनमोहक प्रस्तुति दी। प्रभारी प्रधानाचार्य नीरज कुमार सिंह ने कहा कि जहां महिलाओं का सम्मान होता है, वहीं देवता वास करते हैं। कन्या पूजन से बच्चों में संस्कार और आत्मविश्वास का विकास होता है। आचार्या नीति कुमारी ने कहा कि कन्याओं का पूजन हमारी सनातन परंपरा का हिस्सा है। कुंवारी कन्याएं साक्षात योगिनी और सृष्टि की सृजनकर्ता हैं। इनके पूजन के बिना शक्ति की उपासना अधूरी मानी जाती है। इस मौके पर नंदलाल पांडेय, कृष्ण कुमार पांडेय, सुजीत दुबे, रूपेश कुमार, उमेश कुमार, अशोक कुमार, प्रसुन्न कुमार, प्रदीप कुमार गुप्ता, सत्येंद्र प्रजापति, दिनेश कुमार, कृष्ण मुरारी, हिमांशु झा, ऋषिकेश तिवारी, बिक्रम कुमार आदि उपस्थित रहे।

## मेगा शिविर में 15 लोगों ने किया स्वेच्छा से रक्तदान



**मेराल (आजाद सिपाही)।** स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान अंतर्गत रक्तदान अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत सीएचसी में मेगा रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। जिसमें 15 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। शिविर का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी, विधायक प्रतिनिधि डॉ लालमोहन, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, मुखिया राम सागर महतो, थाना प्रभारी विष्णु कांत, डॉ अनिल साह ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख ने कहा कि रक्तदान करना सबसे बड़ा मानवीय दायित्व है। रक्तदान से किसी की जान बचाई जा सकती है। इसलिए रक्तदान महादान माना जाता है। डॉ अनिल साह ने कहा कि रक्तदान करने से न केवल दूसरों को जीवनदान मिलता है, बल्कि रक्तदाता से स्वयं भी स्वस्थ रहते हैं। नियमित रक्तदान से शरीर में नया रक्त बनने की प्रक्रिया तेज होती है, जिससे व्यक्ति ऊर्जावान महसूस करता है। वहीं, रक्तदान करने वालों में थाना प्रभारी विष्णु कांत, डॉ अनिल साह आदि शामिल थे। मौके पर डॉ राकेश रंजन, विजय कुमार, गोवर्धन शर्मा, मनोज जायसवाल, सहित्य कई स्वास्थ्य कर्मी और ग्रामीण मौजूद थे।

### एसडीएम ने कई निजी अस्पतालों का किया औचक निरीक्षण, मिली गड़बड़ियां

# डॉक्टर जे अंसारी क्लीनिक को अगले आदेश तक के लिए करवाया गया बंद

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सदर एसडीएम संजय कुमार ने शनिवार को चिरोंजिया एवं नवादा मोड़ क्षेत्र के चार अस्पतालों सेवा सदन, मेडिका हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर, जीएन हॉस्पिटल और डॉजे अंसारी के क्लीनिक का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कई गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। कुछ अस्पतालों में ओपीडी एवं आईपीडी रजिस्टर संधारित नहीं थे और मेडिकल वेस्ट निस्तारण की व्यवस्था नहीं थी। वहीं, प्रदर्शित डॉक्टरों की सूची भी संदिग्ध थी। दूसरी ओर, डॉ जे अंसारी के क्लीनिक के बोर्ड पर 'एमबीबीएस' लिखा पाया गया, जबकि स्थानीय लोगों ने बताया कि संबंधित चिकित्सक संभवतः एमबीबीएस नहीं हैं। बोर्ड पर जनरल फिजीशियन, हड्डी, एवं नस रोग विशेषज्ञ भी अंकित था। निरीक्षण के समय डॉ अंसारी मौजूद नहीं थे, लेकिन मुकेश कुमार नामक एक तकनीशियन दो मरीजों का इलाज करता मिला। जांच में स्पष्ट हुआ कि मुकेश अभी किसी स्थानीय डिग्री कॉलेज में अध्ययनरत है। क्लीनिक में ही स्थित मेडीकल स्टोर बड़ी मात्रा में इंजेक्शन, यूज्ड सिरिंज और अन्य चिकित्सकीय सामग्री भी मिली, जिनका कोई वैध लाइसेंस उपलब्ध नहीं था। क्लीनिक को सक्षम स्तर से जांच होने तक या अगले आदेश तक के लिए बंद करवा दिया गया। वहीं, जीएन हॉस्पिटल में डॉ जावेद मरीजों का इलाज करते पाये गये। पूछताछ में उन्होंने खुदि को होम्योपैथिक डॉक्टर बताया, जबकि अस्पताल में होम्योपैथिक उपचार पद्यति का कोई प्रमाण नहीं मिला। यहां एलोपैथिक दवाओं और उपचार का ही उपयोग किया जा रहा था। मेडिका हॉस्पिटल में 9 सितंबर 2025 के बाद एडमिशन रजिस्टर अपडेट नहीं मिला, जबकि मौके पर भी बड़ी संख्या में लोग इलाजरत थे। कई लोग ऑपरेशन की कतार में थे। बिना ओपीडी या आईपीडी या प्रवेश रजिस्टर में पंजीकृत किए ही ऑपरेशन किये जाने पर एसडीएम ने नाराजगी व्यक्त की। वहीं, गढ़वा सेवा सदन में भी जनवरी से एक अगस्त 2025 तक किसी प्रकार के रोगियों का कोई डाटा या रजिस्टर नहीं मिला। उपरोक्त में से किसी के पास नियमानुसार मेडिकल वेस्ट निस्तारण की व्यवस्था भी नहीं पाई गई। उधर, जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि ज्यादातर अस्पतालों में बड़ी संख्या में गर्भाशय (बच्चेदानी) के ऑपरेशन और डिलीवरी केस के ऑपरेशन किए जा रहे हैं। इस विषय को संदिग्ध मानते हुए एसडीएम संजय कुमार ने जांच की बात कही। कहा कि गढ़वा में स्वास्थ्य सेवाओं को मानक के अनुरूप बनाने और किसी प्रकार के सिंडिकेट पर नकेल कसने के लिए इस प्रकार का सघन जांच अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। बताया कि आज जिन चार अस्पतालों का औचक निरीक्षण किया गया, उनके संबंध में आवश्यक कार्रवाई के लिए सिविल सर्जन को प्रतिवेदन भेजा जा रहा है। एसडीएम ने स्पष्ट चेतावनी दी कि चाहे सरकारी हो या निजी, स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की अनियमितता, धोखाधड़ी अथवा जानबूझकर की गई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी पाए जाने पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई तय है।



क्लीनिक की जांच करते एसडीएम संजय कुमार।

## 500 किलो जावा महुआ किया नष्ट, 20 लीटर शराब जब्त

**रंका (आजाद सिपाही)। नवरात्र में रंका अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रोहित रंजन सिंह के निर्देश पर शराब माफियाओं के खिलाफ सघन छापामारी अभियान चलाया गया।इस दौरान 500 केजी जावा महुआ नष्ट करने के साथ ही 20 लीटर देशी शराब जब्त किया है। इस छापामारी अभियान में रंका थाना प्रभारी चेतन कुमार सिंह, पुलिस निरीक्षक अभिजीत गौतम मिश्रा, एएसआई राजेश कुमार झा, एसआई कुंदन कुमार, अनील मुर्मू, राजेश वर्मा, भंडरिया थाना पुलिस निरीक्षक सुभाष पासवान एवं चिनियां थाना प्रभारी अमित कुमार आदि शामिल थे। सभी लगातार गांव-गांव जाकर छापामारी कर रहे हैं, ताकि त्योहार के माहौल में अवैध शराब बिक्री या सेवन करने वाले से अशांति न फैले। गौरतलब है कि त्योहारों के अवसर पर शराब के धंधे में वृद्धि देखी जाती है, लेकिन इस बार पुलिस के कड़े रुख के कारण कारोबारियों के मंसूबे पर पानी फिर गया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रोहित रंजन सिंह ने कहा कि पर्व त्योहार आस्था का प्रतीक है। ऐसे अवसर पर पुलिस शांति, सुरक्षा और अनुशासन भंग बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने इस अभियान को सफल बनाने में स्थानीय लोगों से भी मदद करने का अपील की है।**

## विधायक से मिले सरकोनी गांव के बेघर परिवार के सदस्य



**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सरकोनी पंचायत एवं गांव के अमस्था टोला निवासी रघुवीर प्रजापति के परिवार के सदस्यों ने शनिवार को विधायक नरेश प्रसाद सिंह से उनके मोरबे स्थित आवास पर जाकर मुलाकात की और अपनी व्यथा सुनाते हुए मदद की गुहार लगायी। सिविल कोर्ट के आदेश पर 22 सितंबर को रघुवीर प्रजापति के दो घर (एक कच्चा और दूसरा पक्का) को स्थानीय प्रशासन ने ध्वस्त कर दिया था। जिसके बाद 22 सदस्यीय परिवार सड़क पर आ गया। विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने इस परिवार को हरसंभव मदद का भरोसा दिया है। साथ ही कार्रवाई करते हुए बीडीओ सह कांडी सीओ को निर्देश दिया कि जल्द से जल्द जमीन चिन्हित कर इस भूमिहीन परिवार को बंदोबस्ती कर जमीन का पट्टा उपलब्ध कराया जाए। इसके बाद अंबेदकर आवास योजना के तहत उन्हें आवास का लाभ भी दिलाया जाए। क्योंकि उक्त परिवार की आर्थिक स्थिति भी खराब है। अतः मुफ्त राशन भी उपलब्ध कराया जाए। विधायक के इस त्वरित उठाए गए कदम ना सिर्फ एक परिवार को फिर से बसाने की दिशा में है बल्कि एक संवेदनशील व जवाबदेह नेतृत्व का मिसाल भी है।

## पानी रोकने को लेकर विवाद, दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में दो लोग गंभीर

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बेलपहाड़ी गांव में सड़क पर पानी रोकने के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुए मारपीट में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए है। उन्हें स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सक सूर्यकांत कुमार ने प्राथमिक उपचार किया। घायलों में एक पक्ष से पीर मोहमद अंसारी और दूसरे पक्ष से हकीमुद्दीन अंसारी शामिल हैं। बताया जा रहा कि हकीमुद्दीन अंसारी ने घर के पास सड़क के बीचोबीच मिट्टी से पानी रोक दिए जाने से सड़क पर जलजमाव हो गया था। गांव के ही पीर मोहमद अंसारी ने उसे हटाने को कहा था, तो दोनों के बीच गाली गलौज के बाद मारपीट हो गई। इस बाबत हकीमुद्दीन अंसारी ने भवनाथपुर थाना में लिखित शिकायत की थी। जब दूसरा पक्ष पीर मोहमद भी शिकायत को जा रहा था, तो हकीमुद्दीन अंसारी, उसकी पत्नी जुमा खातून, बेटी रबीना खातून, बेटा कुदुस अंसारी और सुतु अंसारी ने गाली गलौज करते हुए पीर मोहम्मद को पीटकर कर घायल कर दिया।

# ग्राहकों को घटी जीएसटी दर पर सामान नहीं बेचने वाले दुकानदारों पर कार्रवाई : सांसद

### गढ़वा परिसदन भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में दी चेतावनी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** पलामू के भाजपा सांसद विष्णुदयाल राम ने कहा कि ग्राहकों को घटे जीएसटी दर पर सामान उपलब्ध नहीं कराने वाले दुकानदारों पर कार्रवाई की जाएगी। कंपनियां जीएसटी रिफोर्म के बाद व्यवसायियों को जब दर में राहत दे रही है तो आखिर क्यों दुकानदार ग्राहकों को घटे दर पर सामान नहीं देंगे। केंद्र सरकार ने जीएसटी दर में कटौती कर आम नागरिकों को बड़ी राहत दी है। वे शनिवार को गढ़वा परिसदन भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान बोल रहे थे।कहा कि जीएसटी दर में कटौती का समाज के हर वर्ग को राहत मिल रहा है। आम जरूरत के सामान, किसानों से संबंधित सामान एव उपकरण, बीमा पॉलिसी आदि में बड़ी राहत दी गई है। कई सामानों पर तो जीएसटी दर शून्य कर दी गई है। सांसद ने बताया कि केंद्र सरकार करदाताओं पर बोझ कम कर रही है। विगत दिनों में करदाताओं की संख्या बढ़ी है, जबकि टैक्स वसूली में बढ़ोत्तरी हुई। यह सरकार की कुशल नीति का परिणाम है। वर्ष 2017 में जहां 65 लाख करदाता थे वहीं, 2025 में यह संख्या बढ़कर 1.51 करोड़ हो गई है। पूर्व में जहां 7.19 करोड़ रुपये का राजस्व आता था, वर्तमान में 22.08 करोड़ रुपए राजस्व आ रहा है। सरकार को अधिक टैक्स मिलने लगा है तो आधार भूत संरचनाओं के विकास में काम आ रहा है। इस मौके पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य अलखनाथ पांडेय, जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो, रघुराज पांडेय, सूरज गुप्ता, भोला चंद्रवंशी, प्रमोद चौबे और अंजनी तिवारी आदि उपस्थित थे।



## स्वच्छता को दैनिक आचरण में अपनाने की जरूरत : निदेशक



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** स्थानीय जीएन कान्वेंट (10 प्लस 2) स्कूल में स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन हुआ। जिसकी शुरूआत विद्यालय के निदेशक एवं शिक्षाविद मदन प्रसाद केशरी एवं उपप्राचार्य बसंत ठाकुर ने किया। अपने संबोधन में निदेशक ने कहा कि स्वच्छता एक सेवा है। मेरा मानना है कि स्वच्छ तन, स्वच्छ मन और स्वच्छ चारित्र हमारे जीवन को सर्वत्र व्यापक बनाता है। स्वच्छता को सभी लोगों को अपनी दिनचर्या में अवश्य शामिल करना चाहिए। माता-पिता को अपने बच्चों से इस तरह की आदत को बढ़ावा देना चाहिए। दूसरी ओर, स्वच्छता में सबसे ज्यादा बाधक प्लास्टिक का उपयोग है, जो मानव जीवन में लगातार जहर खोल रहा है। शुरूआती के दौर में प्लास्टिक वरदान साबित हो रहा था, लेकिन वर्तमान में यह पर्यावरण, पशु, मानव आदि के जीवन के लिए अत्यंत घातक हो रहा है। प्रकृति में संतुलन बनाए रखने और आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए पेड़-पौधे लगाना बहुत ही आवश्यक है। इस अवसर पर बच्चों के बीच स्वच्छता शपथ, चित्रकला, स्वच्छता स्लोगन, कचरे के निपटान के लिए डस्टबिन का निर्माण, स्वच्छता पर निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक वीरेंद्र शाह, कृष्ण कुमार, विकास कुमार, मुकेश भारती, दिनेश कुमार, नीरा शर्मा,सरिता दुबे, नीलम कुमारी,सुनीता कुमारी,शिवानी कुमारी, रागिनी कुमारी,चंदा कुमारी, वर्षा कुमारी, कृष्ण कुमार, ऋषभ सिन्हा, संतोष प्रसाद एवं खुर्शीद आलम आदि की भूमिका सराहनीय रही।

## नदी में गिरने से युवती की मौत

**बरडीहा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बरडीहा गांव में शनिवार सुबह नदी में गिरने से 19 वर्षीय एक युवती की मौत हो गई। उसकी पहचान बरडीहा गांव निवासी आरती कुमारी के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, आरती सुबह छह बजे शौच के लिए घर के पास स्थित मुर्दा घटिया नदी गई थी। इसी दौरान वह पानी में गिर गयी। कुछ समय बाद एक अन्य बच्चा शौच के लिए गया तो उसने नदी में लड़की के शव को देखा। सूचना पर परिजन पहुंचे तो शव की पहचान आरती के रूप में की। इसकी सूचना मिलते ही बरडीहा थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिंह के निर्देश पर एएसआई छठनाथ राम घटनास्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेजा गया। वहीं, ग्रामीणों का कहना है कि नदी में मात्र तीन फीट तक पानी होता है और उसमें डूबना मुश्किल है। वहीं, परिजन एवं ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि युवती को 'फरका' (मिर्गी) की बीमारी थी। संभवतः दौरा पड़ने के कारण वह मुंह के बल पानी में गिर पड़ी, जिससे दम घुटने से उसकी मौत हो गई।

## हृदय जॉच सह जागरूकता शिविर 29 को

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** काली स्थान के बगल में स्थित प्रभात मेडिकल सेंटर की ओर से 29 सितंबर को विश्व हृदय दिवस पर हृदय जॉच सह जागरूकता शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में हृदय संबंधी सभी प्रकार के जांच निःशुल्क होगा। शिविर सुबह 10 बजे से आयोजित होगा। इसकी जानकारी प्रभात मेडिकल सेंटर के डायरेक्टर डॉ प्रभात कुमार ने दी।


**Office of the Deputy Commissioner,Chatra, Jharkhand**
**Recruitment Notice for Consultants and Medical Officers**
**Under District Mineral Foundation Trust(DMFT)**

Memo No.:XXVII-DMFT/65/2022 /488 Dated-26.09.2025

With reference to Memo No. 402 dated 14.08.2025 **'Recruitment Notice for Consultants, Medical Officers and Paramedics'** was published by this office. Due to unavoidable reasons, recruitment for the post of Medical Officers and Consultants has been cancelled vide Memo No. 484 Dated 26.09.2025.
District Mineral Foundation Trust intends to recruit clinical professionals on a contractual basis in Chatra district. Applications are invited from suitable candidates for rendering services for the position as detailed and described below:
**VacancyTable:**

| Sl. No. | Description of Posts | Total Posts | Essential Qualification | Category | | Monthly Consolidated Remuneration |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Medical Officer | 11 | MBBS | Gen | 5 | 75000 |
| | | | | SC | 2 | |
| | | | | ST | 1 | |
| | | | | BC-I | 2 | |
| | | | | BC-II | 0 | |
| | | | | EWS | 1 | |
| 2 | Gynecologist | 2 | MBBS + MD/MS/DNB in Obstetrics & Gynecology | Gen | 1 | 200000 |
| | | | | SC | 0 | |
| | | | | ST | 0 | |
| | | | | BC-I | 1 | |
| | | | | BC-II | 0 | |
| | | | | EWS | 0 | |
| 3 | General Medicine | 2 | MBBS + MD/DNB in General Medicine | Gen | 1 | 200000 |
| | | | | SC | 0 | |
| | | | | ST | 0 | |
| | | | | BC-I | 1 | |
| | | | | BC-II | 0 | |
| | | | | EWS | 0 | |
| 4 | ENT Surgeon | 2 | MBBS + MS/DNB in ENT | Gen | 1 | 200000 |
| | | | | SC | 0 | |
| | | | | ST | 0 | |
| | | | | BC-I | 1 | |
| | | | | BC-II | 0 | |
| | | | | EWS | 0 | |
| 5 | Ophthalmology | 2 | MBBS + MS/DNB in Ophthalmology | Gen | 1 | 200000 |
| | | | | SC | 0 | |
| | | | | ST | 0 | |
| | | | | BC-I | 1 | |
| | | | | BC-II | 0 | |
| | | | | EWS | 0 | |
| 6 | Dermatologist | 2 | MBBS + MD/DNB in Dermatology | Gen | 1 | 200000 |
| | | | | SC | 0 | |
| | | | | ST | 0 | |
| | | | | BC-I | 1 | |
| | | | | BC-II | 0 | |
| | | | | EWS | 0 | |
| 7 | General Surgeon | 2 | MBBS + MS/DNB in General Surgery | Gen | 1 | 200000 |
| | | | | SC | 0 | |
| | | | | ST | 0 | |
| | | | | BC-I | 1 | |
| | | | | BC-II | 0 | |
| | | | | EWS | 0 | |
| 8 | Anesthesiologist | 2 | MBBS + MD/DNB/Diploma in Anesthesia | Gen | 1 | 200000 |
| | | | | SC | 0 | |
| | | | | ST | 0 | |
| | | | | BC-I | 1 | |
| | | | | BC-II | 0 | |
| | | | | EWS | 0 | |
| 9 | Pediatrician | 2 | MBBS + MD/DNB/Diploma in Pediatrics | Gen | 1 | 200000 |
| | | | | SC | 0 | |
| | | | | ST | 0 | |
| | | | | BC-I | 1 | |
| | | | | BC-II | 0 | |
| | | | | EWS | 0 | |
| 10 | Orthopedic | 2 | MBBS + MS/DNB in Orthopedic | Gen | 1 | 200000 |
| | | | | SC | 0 | |
| | | | | ST | 0 | |
| | | | | BC-I | 1 | |
| | | | | BC-II | 0 | |
| | | | | EWS | 0 | |
| 11 | Radiologist | 1 | MBBS + MD/DNB/Diploma in Radiology | Gen | 1 | 200000 |
| | | | | SC | 0 | |
| | | | | ST | 0 | |
| | | | | BC-I | 0 | |
| | | | | BC-II | 0 | |
| | | | | EWS | 0 | |
| 12 | Sonologist | 2 | MBBS + Certification/PG Diploma in Ultrasonography (as per PCPNDT Act) | Gen | 1 | 150000 |
| | | | | SC | 0 | |
| | | | | ST | 0 | |
| | | | | BC-I | 1 | |
| | | | | BC-II | 0 | |
| | | | | EWS | 0 | |

Candidates are requested go through carefully about the details of posts and instruction published above for applying as well as on the **website https://chatra.nic.in.**

| Sl. No. | Details | Date |
|---|---|---|
| 1 | Publication of Advertisement in Newspaper | **29.09.2025** |
| 2 | Last Date of Application Submission through Required Post | **11.10.2025, till 05:00 PM** |

PR 363125 (District) 25-26 (D)

**Deputy Commissioner-cum-Chairperson, DMFT Chatra**

## विश्व पर्यटन दिवस पर लतरातू डैम में दी गयी नि:शुल्क मोटर बोट सेवा



खूंटी (आजाद सिपाही)। विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर शनिवार को पर्यटन निदेशालय एवं जिला पर्यटन कार्यालय, खूंटी के संयुक्त तत्वावधान में कर्रा प्रखंड स्थित प्रसिद्ध लतरातू डैम में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पर्यटकों के लिए मोटर बोट सेवा नि:शुल्क उपलब्ध करायी गयी, जिससे पर्यटकों ने उत्साहपूर्वक लतरातू डैम की प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लिया। कार्यक्रम के दौरान पर्यटकों को झारखंड राज्य के विभिन्न पर्यटन स्थलों की जानकारी ब्रोशर एवं पंपलेट के माध्यम से दी गयी। आयोजन का उद्देश्य स्थानीय एवं राज्य स्तरीय पर्यटन को बढ़ावा देना तथा पर्यटकों को राज्य के समृद्ध प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक स्थलों से अवगत कराना था। इस अवसर पर जिला पर्यटन पदाधिकारी राजेश कुमार चौधरी, जिला स्तरीय पर्यटन विशेषज्ञ श्रेयांक बयापू, कार्यालय प्रधान लिपिक प्रदीप मिंज समेत पर्यटन कार्यालय के अन्य कर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में ब्लैक पैंथर एजेंसी एवं लतरातू रिसॉर्ट के कर्मियों का विशेष योगदान रहा। इस पहल से न केवल स्थानीय पर्यटन को नयी दिशा मिलेगी, बल्कि पर्यटकों को झारखंड के विविध पर्यटन स्थलों की विस्तृत जानकारी भी प्राप्त हुई।

## बिरसा चिल्ड्रेन एकेडमी बुंडू में बच्चों के बीच पौधों का वितरण



बुंड (आजाद सिपाही)। शनिवार को बिरसा चिल्ड्रेन एकेडमी बुंडू में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत बच्चों के बीच पौधे का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं और प्रधानाध्यापक ने बच्चों को पेड़ पौधे एवं पर्यावरण के सुरक्षा के बारे बताये। स्कूल संचालक भुवनेश्वर प्रामाणिक ने बच्चों को पर्यावरण से संबंधित बढ़ती चुनौतियों से अवगत कराये एवं बच्चों को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किये।

## कांग्रेस पार्टी के संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत सभी प्रखंड कमेटी का गठन



बुंडू (आजाद सिपाही)। कांग्रेस पार्टी के द्वारा संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत चलाये जा रहे अभियान में सभी प्रखंड पर कमेटी का गठन, प्रखंड अध्यक्ष और सांसद प्रतिनिधि मनोहर प्रसाद महतो के देख रेख में किया गया। जिसके तहत बारूहातु पंचायत के अध्यक्ष गुरुवा लोहार, चूरगी पंचायत अध्यक्ष जितेंद्र महतो, तैमारा पंचायत अध्यक्ष मार्शल टूटी, गाभेड़या पंचायत अध्यक्ष धनंजय सिंह मुंडा , हुमटा पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुंडा, रेलड़ीह पंचायत अध्यक्ष रविंद्र सिंह मुंडा, सुमानडीह पंचायत अध्यक्ष हरिपद महतो, कांची पंचायत अध्यक्ष रमाकांत मुंडा, तंजू पंचायत अध्यक्ष हरि सिंह मुंडा, एदेलहातु पंचायत अध्यक्ष राम सिंगर मुंडा, ताऊ ग्राम पंचायत अध्यक्ष उदय चंद्र लोहार चुने गए हैं।नवगठित पंचायत कमेटी की सूची को बुंडू प्रखंड अध्यक्ष मनोहर प्रसाद महतो ने राज्य प्रभारी के राजू को सौपा।

## असंगठित मजदूरों ने बोनस भुगतान की मांग उठायी

खलारी (आजाद सिपाही)। न्यू बस्ती डकरा भूतनगर में असंगठित मजदूरों की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने की। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा आरंभ हो चुका है और दिवाली का त्योहार भी नजदीक है, लेकिन एनके और पिपरवार क्षेत्र के असंगठित मजदूरों को अब तक बोनस का भुगतान नहीं किया गया है। उन्होंने सीसीएल प्रबंधन से मांग की कि त्योहारों को देखते हुए एनके एरिया और पिपरवार एरिया में कार्यरत असंगठित मजदूरों को 8.33 प्रतिशत की दर से बोनस का भुगतान सुनिश्चित किया जाए। बैठक में सलामत अंसारी, अशोक सिंह,अमजद खान, कृष्णा सिंह, वेद प्रकाश पासवान, मुमताज अंसारी, जसीम अंसारी, सतोष सिंह, रामप्रसाद तुरी, राजकुमार मुंडा, हसन अंसारी, संदीप कुमार, उदय सिंह, जियाउल अंसारी, दिलीप तूरी, नसीम अंसारी, नईम अंसारी, सुल्तान अहमद, आरिफ अंसारी सहित कई मजदूर उपस्थित थे।

## झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन ने असंगठित मजदूरों को बोनस देने की उठायी मांग

पिपरवार (आजाद सिपाही)। कोयला मजदूर की चट्टानी एकता एवं संयुक्त मोर्चा के अथक प्रयास के बाद कोल इंडिया लिमिटेड के कर्मचारियों के बीच एक लाख तीन हजार रुपए बोनस का भुगतान किया गया। झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन क्षेत्रीय समिति पिपरवार क्षेत्र संयुक्त मोर्चा के तमाम नेताओं, संगठित, असंगठित मजदूरों को धन्यवाद तथा दुर्गा पूजा के अनंत शुभकामना दी है। असंगठित मजदूरों के बोनस की मांग करने वालों में मुख्य रूप से जेसीएमयू क्षेत्रीय समिति अध्यक्ष परमेश्वर गंझू, सचिव इकबाल हुसैन, रामचंद्र उरांव, अर्जुन गंझू, मो. असलम, दीपक उरांव, परमेश्वर साव, मथुरा मंडल,वीरू मुंडा, मुकेश साव, सुनील उरांव, इलियास टाना भगत, कामेश्वर, राहुल, रथूं, जुगल, रघुनाथ प्रजापति सहित अन्य लोगों का नाम शामिल है।

## बचरा में स्वराज मेला का होगा आयोजन

पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा बाजारटाड़ में दुर्गा पूजा के अवसर पर स्वराज मेला का आयोजन किया जा रहा है। मेला को लेकर सारी तैयारी जोर शोर से की जारी है। मेला समिति के सचिव मिलन बोस ने बताया कि इस मेला में विभिन्न राज्यों के हस्तकला, हस्तकरघा, कारपेट ज्वेलरी, खिलौना, चुर्ण, अचार, कपड़ा, जूता, चप्पल, जूट, तसर, सिल्क, आयुर्वेदिक जड़ी बूटी,चंदन फेस पाउडर, हेल्थ प्रोडक्ट, किचन वेयर, एवं आधुनिक उत्पाद, बच्चों का मनोरंजन एवं खाने पीने का स्टॉल, खादी कपड़ा एवं दवाइयां सहित अन्य कई प्रकार के स्टॉल लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व यह मेला झारखंड सहित झारखंड के बाहर में भी 163 स्थान पर लगाया जा चुका है। उन्होंने पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के लोगों से मेला में आकर शांतिपूर्ण माहौल में खरीदारी करने की अपील की है।

## शिविर में चिकित्सा पदाधिकारी समेत छह कर्मचारियों ने किया रक्तदान




खूंटी (आजाद सिपाही)। जिले के ममारंगहादा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन खूंटी प्रखंड के प्रमुख छोटराय मुंडा ने किया। शिविर में चिकित्सा पदाधिकारी समेत छह कर्मचारियों ने रक्तदान किया। मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर कुमार आलोक बिहारी ने कहा कि रक्तदान शिविर के आयोजन का उद्देश्य जिले में खून की कमी को दूर करना तो है ही, लेकिन सबसे बड़ा उद्देश्य लोगों को रक्तदान के लिए जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि हमें इस भ्रम को दूर करना होगा कि रक्तदान से किसी प्रकार का कोई शारीरिक नुकसान होता। उन्होंने कहा कि रक्तदान हमारे शरीर को और अधिक स्वस्थ बनता है। डॉ आलोक ने कहा कि आप जब भी रक्तदान करते हैं, आप व्यक्ति की जान और उसके परिवार को बचाते हैं। इसलिए हर स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए।

# दुकान से तीन लाख रुपये की अंग्रेजी शराब और नब्बे हजार रुपये की चोरी

**शुक्रवार की मध्य रात्रि में चोरों ने दुकान का शटर और ग्रिल तोड़ कर चोरी की घटना को अंजाम दिया**

स्वरुप भट्टाचार्य



अंग्रेजी शराब दुकान में जांच करती तमाड़ पुलिस।

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ के ब्लॉक मोड़ के समीप सरकारी विदेशी शराब दुकान में शुक्रवार की मध्य रात्रि लगभग दो बजे चोरों ने दुकान का शटर और ग्रिल तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गयी है। संचालक के अनुसार चोरों ने लगभग तीन लाख रुपये की अंग्रेजी शराब और कैश काउंटर में रखे लगभग नब्बे हजार नगदी ले भागे। सीसीटीवी में कैद हुयी घटना के अनुसार रात लगभग दो बजे एक वाहन में सवार होकर कुछ लोग आये और शराब दुकान के शटर और ग्रिल को मशीन से काटकर अंदर रखे शराब के पेटी को गाड़ी में लोड कर आसानी से चलते बने। घटना की जानकारी मिलने पर तमाड़ पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंची और गहनता से मामले की जांच की।


### कर्मचारियों पर शक की सुई

पुलिस की शुरूआती जांच में कर्मचारियों की मिलीभगत की आशंका जतायी जा रही है। यह चोरी की घटना को जिस तरह से चोरों ने आसानी और निपुणता से अंजाम दिया है उससे यह कयास लगाया जा रहा है कि अंदरूनी सूचना किसी से चोरों को मिलने की संभावना हो सकती है। पुलिस ने बताया कि वारदात की गहनता से जांच की जा रही है, कर्मचारियों से भी पूछताछ होगी। यह जगह तमाड़ थाना के निकट है।

# बुंडू क्षेत्र में आज खुलेंगे पूजा पंडाल







आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू।** बुंडू नगर एवं आसपास के क्षेत्र में दुर्गा पूजा को लेकर बनाए जा रहे पंडालों को आज अंतिम रूप देकर षष्ठी को पंडालों का पट खोल दिया जायेगा। बुंडू नगर पंचायत एवं आसपास के क्षेत्र में कुल दो दर्जन पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। इस बार बिहार क्लब मिलन मंदिर, क्लब बजरंग दल, बजरंग संघ, श्याम सुंदर भूदेव समिति जन कल्याण समिति श्री राम क्लब और किसान क्लब आदि पंडालों में आकर्षक विद्युत सज्जा के साथ कई पंडालों में स्वचालित मूर्तियों का प्रदर्शन भी किया जायेगा। स्वचालित मूर्तियों के प्रदर्शन में अत्यधिक भीड़ को देखते हुए महिला और पुरुषों के लिए अलग-अलग स्थान बनाये जा रहे हैं। हालांकि इस बार मिलन मंदिर सेवा संघ के द्वारा स्वचालित मूर्ति का प्रदर्शन नहीं किया जायेगा। बुंडू के बाजार में पूजा को लेकर भी अच्छी खासी भीड़ देखी जा रही है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बंग समुदाय की महिलाओं के द्वारा सिंदूर खेला का भी आयोजन किया जायेगा।

## जेएलकेएम के कार्यकर्ताओं ने चलाया सदस्यता अभियान

खूंटी (आजाद सिपाही)। जेएलकेएम के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को कर्रा प्रखंड के ग्राम बड़का रेगरे और बकासपुर पंचायत किनु गांव में सदस्यता अभियान चलाया। अभियान के दौरान कई ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मौके पर बड़का रेगरे में ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान को लेकर पार्टी को मांग पत्र सौंपा गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष कुमार ब्रज किशोर ने कहा कि जेएलकेएम हर हाल में जनता की समस्याओं का समाधान करेगा। ग्रामीणों ने पूर्ववर्ती सरकारों और वर्तमान सरकार दोनों के प्रति आक्रोश प्रकट करते हुए कहा कि अब तक जितने भी विधायक हुए, सभी ने सिर्फ.जनता को ठगने का काम किया। मौके पर जिला अध्यक्ष कुमार ब्रज किशोर, जिला सचिव मुन्ना कुमार, एसटी मोर्चा अध्यक्ष सुरेश टोपनो, महामंत्री विश्वकर्मा उरांव, विशेष सलाहकार बिरेंद्र लुगुन, विजय सिंह आदि मौजूद थे।

## एक दर्जन बैल के साथ पशु तस्कर गिरफ्तार

सोनाहातू (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के कोटाब गांव के समीप शुक्रवार को सोनाहातू पुलिस ने एक दर्जन बैल के साथ पश्चिम बंगाल के झालदा निवासी मो शेख जमाल नामक पशु तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सोनाहातु पुलिस पशु तस्करों के खिलाफ लगातार एक्शन ले रही है तस्करों के मंसूबों पर एक बार ओर पानी फेरते हुए मवेशी तस्करी के प्रयासों को विफल किया है। सोनाहातू पुलिस ने 12 मवेशियों को मुक्त कराया है। पुलिस लगातार पशु तस्करी नेटवर्क के खिलाफ विशेष अभियान चला रही है, जिससे तस्करों में भय व्याप्त है। पुलिस के ऐसे अभियानों का नतीजा है जो पशु क्रूरता अधिनियम और गोवंश संरक्षण से जुड़े कानूनों के तहत की जा रही हैं। सोनाहातू थाना क्षेत्र में रोजाना सैकड़ों की संख्या में खुलेआम पशुओं की तस्करी की जाती है। पुलिस सख्ती बरतते हुए शुक्रवार की शाम थाना क्षेत्र के तेंतला पंचायत क्षेत्र में एक दर्जन पशुओं को पकड़ कर थाना लेकर आयी है।

# कुसुमटोला सरना अकादमी में क्विज प्रतियोगिता का ब्लू हाउस बना विजेता



आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** सरना अकादमी कुसुमटोला में शनिवार को क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन विद्यालय के निदेशक महेंद्र उरांव के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के चार हाउस समूह जिनमें ग्रीन हाउस, येलो हाउस, ब्लू हाउस एवं रेड हाउस की टीम ने भाग लिया। चारों हाउस के प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने ज्ञान का परिचय दिया। वहीं कड़े मुकाबले के बाद ब्लू हाउस को प्रतियोगिता में विजेता घोषित हुआ। विजेताओं को विद्यालय के प्राचार्य गोपाल सिंह एवं उप प्राचार्य ओमप्रकाश ने सम्मानित किया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वहीं विद्यालय परिवार ने विजेता हाउस को बधाई दी एवं सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना की। प्रतियोगिता का संचालन सुरेंद्र चौहान ने किया।

इस अवसर पर शिक्षक रतन सिंह, रोहित कुमार साहू, बलबीर यादव, आजाद सर, रोश्टी मिंज, खुशी झा, गुनगुन कुमारी, सुनीता कुमारी, संगीता कुमारी, रिया सिन्हा, रिया रुंडा, प्रिया रुंडा, दिव्या कुमारी, नीलू कुमारी, सगुप्ता प्रवीण, रुपाली कुमारी सहित सभी छात्र-छात्रायें उपस्थित थीं।

# अवैध अफीम की खेती को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा : एसडीओ



आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू।** अवैध अफीम की खेती के विरुद्ध जागरूकता अभियान के तहत शनिवार को बुंडू प्रखंड सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता एसडीओ बुंडू किस्टो कुमार बेसरा ने की। इस मौके पर बुंडू पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी राम कुमार वर्मा, अंचलाधिकारी बुंडू हंस कुमार हेंब्रोम, प्रखंड विकास पदाधिकारी, मुखिया, ग्राम प्रधान सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में बुंडू एसडीओ किस्टो कुमार बेसरा ने कहा कि क्षेत्र में अवैध अफीम की खेती को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने ग्राम प्रधानों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उनके क्षेत्र में अफीम की फसल पायी जाती है और उसकी जानकारी प्रशासन को समय पर नहीं दी जाती है, तो उनके विरुद्ध भी कड़ी कार्रवाई की जायेगी। अफीम की खेती करने वालों पर एनडीपीएस एक्ट के तहत कठोर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। बैठक के अंत में यह निर्णय लिया गया कि पंचायत स्तर पर लगातार जागरूकता अभियान चलाया जायेगा और अफीम की खेती पर सख्ती से रोक लगाने के लिए पुलिस एवं प्रशासन संयुक्त रूप से निगरानी रखेगा।

### अवैध अफीम की खेती के विरुद्ध चला जागरूकता अभियान



राहे (आजाद सिपाही)। राहे अंचल कार्यालय में शनिवार को अवैध अफीम की खेती के विरुद्ध जागरूकता अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बुंडू एसडीपीओ ओम प्रकाश ने की। इसमें प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकताओं और अंचल अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में एसडीपीओ ओम प्रकाश ने कहा कि क्षेत्र में कुछ जगहों पर अवैध रूप से अफीम की खेती किए जाने की सूचनायें मिलती रहती हैं, जो गंभीर अपराध है। इससे न केवल समाज पर बुरा असर पड़ता है, बल्कि युवा पीढ़ी भी नशे की गिरफ्त में आ सकती है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर ग्रामीणों को इस विषय पर जागरूक करें और उन्हें वैकल्पिक खेती की ओर प्रेरित करें। इस मौके पर प्रखंड उप प्रमुख उमेश कुमार महतो, अंचलाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, राहे थाना प्रभारी, मुखिया, ग्राम प्रधान सहित कई लोग मौजूद रहे।

## अवैध रूप से चल रही शराब भट्ठियों को किया ध्वस्त



सिल्ली (आजाद सिपाही)। सिल्ली प्रखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम मुरहू तुनकू में अवैध रूप से चल रहे शराब भट्टीयों को सिल्ली पुलिस ने नष्ट किया। शराब भट्टीयों में भारी मात्रा में महुआ जावा समेत चुवाया गया शराब को नष्ट किया गया। थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर ने बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक रांची के आदेश अनुसार कार्रवाई की जा रही है। त्योहारी मौसम को देखते हुए इस प्रकार की कारवाई आगे भी जारी रहेगी।

## स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार के तहत जागरूकता अभियान

मुरी (आजाद सिपाही)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिल्ली के द्वारा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के दिशा निर्देश पर हालमाद के भूली गांव में चिकित्सा शिविर लगाया गया, जिसमें महिलाओं को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने हेतु कई दिशा निर्देश दिये गये। विभिन्न प्रकार के बीमारियों के रोकथाम के जानकारी दी गयी। इसके सफल संचालन में डॉ विवेक कुमार के टीम के साथ सुरेंद्र नाथ महतो, सहिया, सेविका, ग्रामीण लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## विकसित भारत की कार्यशाला संपन्न



सिल्ली (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी सिल्ली मंडल के प्रधान कार्यालय में विकसित भारत का कार्यशाला का समापन किया गया। इस कार्यशाला के मुख्य अतिथि पतराहातु मंडल के पूर्व मंडल अध्यक्ष वासुदेव महतो उपस्थित हुए। इन्होंने विकसित भारत के विषय पर सभी कार्यकताओं को विस्तार से बतायें इस बैठक में मुख्य रूप उपस्थित प्रोफेसर ललित प्रसाद, महामंत्री हरिहर महतो, हरिराम लोहरा, राजेंद्र प्रसाद साईं, शिबू हजाम, राजेंद्र हजाम, अभिषेक गुप्ता, सुधीर कुमार साहू (रामपुर), प्रदीप प्रमाणिक, अविनाश महतो पवन महतो ,श्याम सुंदर महतो, सुभाष महतो, भृंगराज प्रजापति, वीरेंद्र नाथ महतो विक्रम महली, समीर महतो उपस्थित रहें।

## छात्र-छात्राओं ने जागरूकता रैली और पौधरोपण कर लोगों को स्वच्छता व हरियाली का संदेश दिया



तमाड़ (आजाद सिपाही)। महात्मा एन.डी. ग्रोवर डीएवी पब्लिक स्कूल गोसाईडीह बुंडू के छात्र-छात्राओं ने शनिवार को स्वच्छता ही सेवा सह 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में हिस्सा लिया। इस दौरान विद्यालय परिवार ने तमाड़, सिंदरी और सोनाहातु क्षेत्र में जागरूकता रैली और पौधारोपण कर लोगों को स्वच्छता व हरियाली का संदेश दिया। छात्रों ने शिक्षकों और अभिभावकों के साथ मिलकर कई जगहों पर पौधे लगाये। वहीं स्थानीय ग्रामीणों के बीच पौधे भी वितरित किये। इस दौरान उन्होंने लोगों को बताया कि पेड़ लगाने से पर्यावरण संतुलन बना रहता है और स्वच्छता से बीमारियां दूर रहती हैं। कार्यक्रम में जागरूकता गोष्ठी भी हुई। इसमें बच्चों ने स्वच्छता, अपशिष्ट प्रबंधन और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण पर अपने विचार रखे। विद्यालय के प्राचार्य दीपक कुमार ने कहा कि छात्रों की इस भागीदारी पर उन्हें गर्व है। उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल स्वच्छता और स्थिरता को बढ़ावा देती है, बल्कि छात्रों में सामुदायिक सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना भी विकसित करती है।

## कुकड़ू में 'पंचायत उन्नयन सूचकांक 1.0' विषय पर कार्यशाला

ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। कुकड़ू प्रखंड कार्यालय सभागार में शनिवार को पंचायती राज विभाग, जिला प्रशासन एवं जेआईटीएम स्किल्स प्राइवेट लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में एकदिवसीय प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रभारी बीपीआरओ धरनी प्रमाणिक, प्रभारी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी धनराज महतो, प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी अश्विनी महतो, प्रखंड समन्वयक रविंद्रनाथ महतो तथा आईसीडीएस सुपरवाइजर मीनाक्षी पांडेय समेत अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यशाला में बतौर ट्रेनर सरस्वती टुडू शामिल रहीं, जबकि रिसोर्स पर्सन राहुल कुमार और अमरजीत सिंहा ने पंचायत प्रतिनिधियों, सीएससी संचालकों और आंगनबाड़ी सेविकाओं सहित प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। यह कार्यशाला 'पंचायत उन्नयन सूचकांक 1.0' विषय पर केंद्रित रही। प्रतिभागियों को पंचायतों को सशक्त बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा निर्धारित 9 सेक्टर, 144 लक्ष्य, 577 संकेतक और 688 डेटा पॉइंट्स की जानकारी विस्तार से दी गयी।

## पिपरवार प्रबंधन ने महिलाओं के बीच प्रमाण पत्र और सिलाई मशीन किट का किया वितरण



पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बेंती पंचायत के अंतर्गत आने वाले कुसुमटोला स्कूल प्रांगण में शनिवार को पिपरवार एरिया प्रबंधन के द्वारा सतर्कता जनता अभियान के अवसर पर एवं कौशल विकास रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत सिलाई बुनाई प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाओं के बीच प्रमाण पत्र और सिलाई मशीन किट का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक संजीव कुमार और विशिष्ट अतिथि में अशोक परियोजना पदाधिकारी जितेंद्र कुमार सिंह, अशोका वेस्ट परियोजना पदाधिकारी विमल कुमार, मुखिया सरिता देवी सहित कई लोग मौजूद थे। इस अवसर पर जीएम संजीव कुमार, पीओ जितेंद्र कुमार सिंह, विमल कुमार, सदानंद टोप्पो, सीएसआर अधिकारी उज्जवल कुमार, कार्मिक प्रबंधक शिशिर गर्ग, सांसद प्रतिनिधि धनराज भोक्ता, बेंती पंचायत की मुखिया सरिता देवी, राजु पटेल, रजनी कुमारी सहित कई अधिकारी और स्थानीय ग्रामीण महिलाएं मौजूद थी।

## बिरसा मुंडा ट्राइबल लाइब्रेरी के निर्माण कार्य का उपायुक्त ने किया निरीक्षण



खूंटी (आजाद सिपाही)। समाहरणालय के समीप कल्याण विभाग द्वारा संचालित बिरसा मुण्डा ट्राइबल लाइब्रेरी-सह-बहुउद्देश्यीय सभागार के निर्माण कार्य का उपायुक्त आर. रॉनिटा ने शनिवार को स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने भवन निर्माण की वर्तमान प्रगति, उपयोग हो रही निर्माण सामग्री की गुणवत्ता एवं कार्य के तकनीकी पहलुओं की जानकारी ली। उन्होंने निर्माण एजेंसी एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्य की गति को और तेज किया जाए, ताकि निर्धारित समय में भवन का निर्माण पूर्ण हो सके। उन्होंने विशेष रूप से कार्य की गुणवत्ता पर ध्यान देने को कहा और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि सभी निर्माण कार्य स्वीकृत मानकों एवं तकनीकी दिशा निर्देशों के अनुरूप हों। निरीक्षण के दौरान परियोजना निदेशक आइटीडीए आलोक शिकारी कच्छप तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## राज्यसभा सांसद की पहल और मुखिया के प्रयास से 24 घंटे के भीतर लगा ट्रांसफार्मर



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** दुर्गा महादेव मंदिर स्थित विद्युत ट्रांसफार्मर गुरुवार को अचानक खराब हो गया था। मुखिया दीपक बड़ाइक ने दुर्गा पूजा और ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुए ट्रांसफार्मर की खराबी की जानकारी देने ग्रामीणों के साथ राज्यसभा सांसद प्रो आदित्य प्रसाद साहु के पास पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों की समस्या सुनी और दुर्गा पूजा को देखते हुए विद्युत विभाग के उच्च अधिकारी से बात कर 24 घंटे के अंदर ट्रांसफार्मर लगवा दिया। शुक्रवार देर रात ट्रांसफार्मर लग जाने से ओरमांझी के ग्रामीणों ने राज्यसभा सांसद प्रो आदित्य प्रसाद साहु और मुखिया दीपक बड़ाइक को धन्यवाद दिया।

## हुंडरू फॉल में मनाया गया स्वच्छता उत्सव



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** हुंडरू जलप्रपात में स्वच्छता ही सेवा स्वच्छता उत्सव अभियान के तहत शनिवार को विशेष सफाई सह जागरूकता अभियान शुरू किया गया। इसमें अनगड़ा की बीडीओ जयपाल सोय के नेतृत्व में प्रखंड के सभी गांवों के जलसहिया, कुच्चू पंचायत के मुखिया, जनप्रतिनिधि, पर्यटन कर्मी एवं स्थानीय दुकानदारों से मिलकर संयुक्त रूप से साफ-सफाई की। इस दौरान फॉल परिसर के बाहर, अंदर और मंदिर परिसर एवं झरना के आसपास उगी झाड़ियों की साफ-सफाई की। बीडीओ ने सभी जलसहिया, जनप्रतिनिधि, पर्यटन कर्मी एवं दुकानदारों को स्वच्छता के प्रति शपथ दिलाई। बीडीओ ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक करना एवं सफाई को जन आंदोलन बनाना है। वहीं, सफाई अभियान में प्रखंड अभियंता दुखूराम सोरेन, कुच्चू मुखिया सहदेव बेदिया, पंचायत सचिव रोशन कुमार, ग्राम प्रधान जयदेव बेदिया, पर्यटन कर्मी राजकिशोर प्रसाद, बालेश्वर बेदिया, रामकिशोर बेदिया, जलसहिया कल्पना देवी, घासनी देवी, गीता देवी, सुनिता देवी, सुमित्रा देवी गंभीर सिंह मुंडा, सुनीता देवी संगीता, इंदू रेखा, उर्मिला, नेहरबाला, ललिता, रीता, प्रतिमा बाला कुंती, सुमति, सविता, प्रमिला, परनू उरांव, महावीर भोगता, हरिचरण बेदिया, विष्णु बेदिया और बुधराम बेदिया आदि शामिल थे।

## चिरंजीवी किड्स प्ले स्कूल में नन्हें बच्चों ने मनाया दशहरा उत्सव, किया रावण दहन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** चिरंजीवी किड्स प्ले स्कूल में शनिवार को बच्चों ने रावण दहन करते हुए दशहरा पर्व मनाया। बतातें चलें कि विद्यालय दशहरा एवं दुर्गापूजा की छुट्टियों के लिए शनिवार से बंद हो गया। इसलिए आज ही बच्चों ने विद्यालय में दशहरा पर्व मनाया। प्राचार्य निधि कुमारी ने बताया कि बच्चों में अच्छे संस्कार गढ़ने का यही सही उम्र है। इसके लिए बच्चों को अपने तीज त्योहारों को सही तरीके से मनाने और उनके सांस्कृतिक महत्व की जानकारी देना आवश्यक है। बताया कि आज हमारे ज्ञान के स्रोत तो अनंत है, पर उसमें सही गलत और ज्ञान के सही उपयोग का मार्गदर्शन मिलना मुश्किल है। चिरंजीवी किड्स प्ले स्कूल में दशहरा के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ, जो रावण दहन के साथ समाप्त हुआ। इस मौके पर बच्चों ने दुर्गा पूजा से संबंधित कई आकर्षक पेंटिंग बनायें। वहीं शिक्षिकाओं के साथ गरबा नृत्य एवं कठपुतली में संक्षिप्त रामायण की प्रस्तुति दी। बच्चे, अभिभावक और अतिथियों के साथ शिक्षकों ने भी इस कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया।

## आरटीसी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने चलाया स्वच्छता ही सेवा अभियान




**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** आरटीसी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने शनिवार को स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत सफाई अभियान चलाया। वहीं स्वच्छता पर आधारित बैनर-पोस्टर निर्माण, निबंध लेखन, क्विज आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर छात्रा छात्राओं द्वारा स्वच्छता रैली भी निकाली गई। जिसमें पोस्टर, स्लोगन के माध्यम से लोगों को स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया गया। विद्यालय परिवार ने इस अभियान के माध्यम से यह संकल्प लिया कि स्वच्छता केवल एक दिन का कार्य नहीं, बल्कि एक सतत आदत बननी चाहिए। प्राचार्य नरेंद्र नाथ महतो ने कहा कि स्वच्छता से ही सुंदर और स्वस्थ समाज का निर्माण हो सकता है। हम सभी को स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए।

## अनन्या मित्तल ने किया एफपीओ फिडको एग्रो कार्ट का निरीक्षण, किया जागरूक



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चिपरा गांव में एफपीओ फिडको एग्रो कार्ट का निरीक्षण शनिवार को पलाश जेएसएलपीएस के सीइओ अनन्या मित्तल ने किया। उन्होंने एफपीओ की ओर से किसानों के साथ किए जा रहे कार्य, फसल अवशेष प्रबंधन, किसानों द्वारा उत्पादित फल, सब्जी, साग को उचित मूल्य दिलाने के लिए उसको ड्राई कर बाजार में उचित मूल्य दिलवाने, स्वीट कॉर्न के प्राइमरी प्रोसेसिंग के कार्य से संबंधित जानकारी किसानों के साथ साझा की। निरीक्षण के दौरान एफपीओ के निदेशक सतीश कुमार ने भी किसानों को आ रही समस्याओं को बारीकी से सुना और समाधान करने का उपाय सुझाया। इस दौरान एफपीओ के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर, सदस्य, पलाश जेएसएलपीएस से प्रोग्राम मैनेजर राजेश गुप्ता, डीपीएम निशिकांत नीरज, डीपीसी अभिषेक चांद, बीपीएम, सुखदेव लोहरा, बीपीओ सुलोचना तिर्की आदि उपस्थित थे।

# न्यायालय के आदेश का पालन कराने पहुंची पुलिस की टीम से धक्का-मुक्की

## आधा दर्जन महिलाओं के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता



**रातू।** थाना क्षेत्र के चितरकोटा में न्यायालय के आदेश का पालन कराने गई पुलिस टीम पर गांव की महिलाओं ने हमला कर दिया। इस दौरान महिलाओं ने पुलिस पदाधिकारियों को जमकर गाली दी और धक्कामुकी की। घटना शनिवार की है। उसे लेकर पुलिस की ओर से आधा दर्जन महिलाओं पर रातू थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जानकारी के मुताबिक इस दिन रातू थाने के एएसआई सुनील सिंह दलबल के साथ चितरकोटा ग्राम पहुंचे थे। वहां न्यायालय से 36 डिसमिल भूमि पर यथा स्थिति कायम रखने का आदेश था। शनिवार की शाम 5.30 बजे एक पक्ष ने पुलिस को सूचना दी कि दूसरे पक्ष के तांबा उरांव एवं मुक्ति किस्पोट्टा द्वारा प्लॉट पर निर्माण कार्य कराया जा रहा है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें समझाने का प्रयास किया, लेकिन वहां मौजूद मुक्ता किस्पोट्टा एवं 8-10 महिलाएं गस्ती में गए एएसआई सुनील सिंह, एसआई अनुरंजन कुमार, महिला चौकीदार किरण कुमारी और सशस्त्र बल के जवान रामेश्वर प्रसाद, उमेश महली, संदीप यादव एवं भ्रमणशील पुलिस निरीक्षक नवीन शर्मा के अलावा सुनील पासवान के साथ गाली गलौज करते हुए धक्का मुखी करने लगीं। पुलिस ने वहां प्रयुक्त निर्माण कार्य की सामग्रियों की सूची बनाकर जब्त करना चाहा पर महिलाओं ने ऐसा नहीं होने दिया। तब पुलिस ने एक ड्रम और पानी पटाने का 30 फीट पाइप जब्त किया। तीन महिलाएं पुलिस वाहन पर जबरन सवार होकर रातू थाना पहुंच गई। मामले को लेकर एएसआई सुनील सिंह ने बोनी उराईन, चागे उराईन, बोदो उराईन, और मुक्ता किस्पोट्टा के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है।

## कर्मचारी गांव-गांव जाकर ग्रामीणों की मूलभूत समस्याओं को सुने और निदान करें : बंधु तिर्की



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** राज्य के पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने शनिवार को प्रखण्ड के नेहालु, बघिया टोली और टिकरा टोली गांव में ग्रामीणों से मुलाकात की। गांव की गलियों से लेकर पंचायत की बैठकों में लोगों की समस्याओं को सुना और समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाने की बात कही। वहीं, ग्रामीणों ने पानी, सड़क, शिक्षा, धूमकुडिया और अन्य आधारभूत सुविधाओं से जुड़ी कई अहम बातें रखीं। जिससे बंधु तिर्की ने गंभीरता से सुना और पदाधिकारियों को जनहित से जुड़ी समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। कहा कि ब्लॉक के कर्मचारियों को गांव-गांव जाकर ग्रामीणों की मूलभूत समस्याओं को समझना और उसका निदान करना चाहिए

## बेड़ो पूजा पंडाल सज धज कर तैयार

**बेड़ो (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में दुर्गा पूजा का त्योहार रविवार से शुरू हो जाएगा। पूरे प्रखंड में उत्साह चरम पर है। पूजा पंडाल सज-धज कर तैयार है। सोमवार को सप्तमी के दिन पूजा पंडालों में मां दुर्गा के पट खुल जाएंगे। पूजा के साथ ही दुर्गा पूजा की चहल-पहल बढ़ जाएगी। मां दुर्गा की अराधना के लिए पूजा पंडालों में महासप्तमी से भारी भीड़ उमड़ने लगेगी। दुर्गा पूजा समितियों के साथ ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी शांतिपूर्ण पूजा कराने में जुटे हैं।**

## भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने मृतक के परिवार को किया आर्थिक सहयोग



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पुरियो गांव में पिछले दिनों 52 वर्षीय राधे प्रजापति का निधन हो गया था। इस परिवार को शनिवार को भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो की ओर से दी गयी आर्थिक सहयोग राशि को बेड़ो मंडल अध्यक्ष बलराम सिंह ने पीड़ित परिवार के घर पहुंचा दिया। साथ ही आकस्मिक निधन पर गहरा दुख प्रकट करते हुए स्वजनों को ढांढस बंधाया। इस मौके पर नीरज कुजूर, महेश प्रजापति सहित कई लोग मौजूद थे।

## छात्र को आया अटैक, स्वस्थ्य सहिया की सूझबूझ से बची जान

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली पंचायत के हरहंजी गांव स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय से शिक्षकों की लापरवाही का मामला सामने आया है। यहां हरहंजी गांव के ही सांतवी कक्षा के 15 वर्षीय छात्र अंकित नायक को शनिवार को कक्षा के दौरान तेज बुखार आ गया। जिसे स्कूल के एक शिक्षक ने पैरासिटामोल की दवा देकर छोड़ दिया। इसके बाद भी अंकित का बुखार कम नहीं हुआ। तो उसके दोस्त सूरज गोप और चचेरा भाई सूरज नायक इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गये। जहां डॉ अपराजिता ने जांच के बताया कि छात्र अंकित नायक को पैरालिसिस का अटैक आया है। वहीं, स्वास्थ्य सहिया सह पंसस राखी भगत ने छात्र को अपने अनुभव एवं सूझबूझ से स्वजनों से सरसों का तेल मंगवाकर छात्र को पैर-हाथ में मालिश किया और सिर पर पट्टी देकर बुखार को कम किया। इसके बाद छात्र को बेहतर उपचार के लिए रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया। चचेरे भाई सूरज नायक एवं बीमार छात्र के दोस्त सूरज गोप अंकित का इलाज कराने के लिए बेड़ो में भटकते रहे। सूरज ने बताया कि वह सबसे पहले सावित्री क्लिनिक गया। इसके बाद संजीविनी नर्सिंग होम, फिर डॉ प्रवीण चंद्र के यहां गए लेकिन तीनों ही जगह चिकित्सक नहीं थे। तब सीएचसी बेड़ो लेकर आये। जहां मां गुड़िया देवी ने स्कूल प्रबंधन पर जानकारी नहीं देने का आरोप लगया है।

## रानीचुआं का चौतरफा विकास होना चाहिए : मदुवा कच्छप

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** विश्व पर्यटन दिवस पर शनिवार को नगड़ी प्रखंड स्थित स्वर्णरेखा नदी के उद्गम स्थल रानीचुंआ कार्यक्रम आयोजन किया गया। इसमें उपस्थित नगड़ी प्रखंड प्रमुख मदुवा कच्छप ने कहा कि आज सरकार की अनदेखी के कारण पूरे प्रदेश की जीवनरेखा स्वर्णनदी के उद्गम स्थल रानीचुआं का बदहाल है। इसका चौतरफा विकास होना चाहिए। वहीं, नगड़ी बीडीओ दीपाली भगत ने कहा कि इस महत्वपूर्ण उद्गम स्थल रानीचुआं की वर्तमान स्थिति को लेकर वरीय पदाधिकारी को अवगत कराकर विकास की मांग की जाएगी। मौके पर उपस्थित लोगों ने रानीचुंआ का विकास करने का संकल्प लिया। मौके पर नगड़ी उप प्रमुख अफसाना प्रवीण आदि थे।

## बकरी मालिक को कार से कुचलने का किया प्रयास, घायल

**रातू (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के रवि स्टीलवासी इन दिनों कार सवार बकरी चोरों के आतंक से परेशान है। कार में आये चोर पिछले एक माह में 20 से 25 खस्सी एवं बकरियों की चोरी की घटना को अंजाम दे चुके है। भुक्तभोगियों ने इस संबंध में पहले ही रातू थाने में बकरी चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराया है, लेकिन चोरी की घटना थम नहीं रही है। इसी बीच बकरी चोरी का एक नया मामला प्रकाश में आया, जो वहां लगे सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गयी। जिसमें एक सफेद रंग की कार में सवार चोर रवि स्टील हरिहर कॉलोनी पहुंचे। वहां चोरों ने बकरियों को कुछ खाने को दिया। जैसे ही बकरी कार के नजदीक पहुंची। चोरों ने सभी बकरियों को कार में खींच लिया। इस दौरान बकरी मालिक रमेश यादव वहां पहुंच गया। रमेश जब कार को रोकने की कोशिश की, तो चोरों ने अपनी कार से उसे कुचलने का प्रयास किया। रमेश कार के बोनट से घसीटता हुआ 200 मीटर दूर चला गया। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया।**

## दर्जनों रैयतों ने समस्याओं को लेकर सीओ को सौंपा मांगपत्र

# 20 दिनों के भीतर काम पूरा नहीं होने पर सीओ कार्यालय में अनिश्चितकालीन तालाबंदी की चेतावनी

आजाद सिपाही संवाददाता




नगड़ी अंचल कार्यालय में समस्या को लेकर पहुंचे कुदलोंग गांव के लोग।

**पिस्कानगड़ी।** कुदलोंग गांव के दर्जनों रैयतों ने अपनी जमीन की आनलाइन रसीद एवं अन्य समस्याओं को लेकर नगड़ी सीओ राजेश कुमार को मांग पत्र सौंपा। ग्रामीणों का नेतृत्व कर रहे कुदलोंग के मुखिया मंजू लिंडा और पूर्व मुखिया सह समाजसेवी जीतू लिंडा ने सीओ को ग्रामीणों की समस्या से अवगत कराया। कहा कि पिस्का और लोधमा रेल लाइन परियोजना पर कुदलोग गांव के दर्जनों लोगों की जमीन को संबंधित विभाग की ओर से अधिग्रहण किया जा रहा है। पर जब गांव के गरीब किसान मुआवजे की मांग करते हैं तो भू अर्जन विभाग इनसे कागजात की मांग करता हैं। लेकिन इनकी जमीन का कागजात मूल पत्र है पर आनलाइन जमीन का काम नहीं हुआ है जिससे इन लोगों को मुआवजा नहीं मिल रहा हैं। इस संबंध में ग्रामीण कई बार स्थानीय राजस्व कर्मी को वॉटसन या ऑनलाइन के लिए आवेदन दिए हैं पर उनका आज तक एक काम नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने सीओ से मिलकर इस समस्या का शीघ्र निदान करने की मांग की है। लोगों नगड़ी सीओ से कहा कि अगर 20 दिनों के अंदर काम नहीं हुआ तो आने वाला दिन में ग्रामीणों सीओ कार्यालय में अनिश्चितकालीन तालाबंदी कर देंगें। इस पर सीओ राजेश कुमार ने कहा कि आप अपने सभी कागजातों की एक रिपोर्ट तैयार कर आवेदन दें। आपका काम निश्चित रूप से किया जाएगा और कोई परेशानी का सामना भी नहीं करना पड़ेगा। इस मौके पर कुशल तिर्की, संजय उरांव, अशोक उरांव, संगीता देवी, अमित उरांव, पंकज उरांव, सिनगी उरांव, सुमन कंचन, मंतोष कच्छप, गंगीया देवी, राजेश उरांव आदि उपस्थित थे।

## टाटीसिलवे में 65 फीट का रावण, डॉ वर्मा करेंगे दहन




**नामकुम (आजाद सिपाही)।** बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक पर्व दशहरा नजदीक है। रावण और कुंभकर्ण का पुलता हमेशा से लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा है। कारीगर इस बार भी विजयदशमी पर विशालकाय रावण और कुंभकर्ण का पुतला बना रहे हैं, जिसका निर्माण अब अंतिम चरण में है। इस बार विजयदशमी पर करीब 65 फीट ऊंचा बोलने वाला रावण का पुतला और 55 फीट का कुंभकर्ण का पुतला लोगों के बीच आएगा। जिसे लेकर पिछले तीन महीनों से टाटीसिलवे के चतरा बस्ती निवासी कमल मंडल के कारीगर इस पुतले के निर्माण में लगे हुए है। दशहरा समिति टाटीसिलवे के तहत तैयार किए जा रहे इस पुतले में आधुनिक तकनीक का सहारा लिया जा रहा है। शनिवार को प्रेस वार्ता कर समिति के अध्यक्ष शंकर प्रसाद ने बताया कि पिछले 35 सालों से लगातार रावण दहन के लिए पुतले का निर्माण कर रहे है। खास बात यह है कि रावण के मुख में माइक और स्पीकर लगाए जाएंगे, जिससे कार्यक्रम के दौरान संवाद अदायगी संभव होगी। इस बार रावण दहन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में समिति के मुख्य संरक्षक सह राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप वर्मा होंगे।

आगामी गुरुवार की शाम 4 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम, शाम 6 बजे से बंगाल के मेदिनीपुर जिले के कलाकारों द्वारा भव्य आतिशबाजी के बाद शाम 7 बजे रावण और कुंभकर्ण का पुतला दहन किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में रासेश्वर नाथ मिश्र, मनोरंजन मिश्र, ब्रजेश सिंह, उमेश प्रसाद, रामजी पांडे, मंगल गुप्ता, संजीत सिंह, राजेंद्र प्रमाणिक, नित्यानंद मिश्र, कर्नल बीके सिंह, राजू पाठक, अमन मिश्र, राजकुमार सिंह, शैलेस मिश्र, मनेश महतो, प्रभुदयाल बड़ाईक, राजेंद्र महतो, सुरेंद्र ठाकुर, दिवाकर, संजीव, आशुतोष, प्रशांत, मनोज, सोना, बसंत, रामकृष्ण, बिगना, संजय आदि लगे हुए है।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार युवक की मौत, एक गंभीर रूप से घायल

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** खरसीदाग ओपी अंतर्गत कोचबोंग रिंगरोड में शनिवार की शाम हुए सड़क दुघर्टना में एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। उसकी पहचान सतरंजी तुपुदाना निवासी अनिल कच्छप के रूप में की गई है। वहीं, बाइक चला रहे बांध टोली सुकुरहुटू निवासी सन्नी तिर्की गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों पुट्टी मिस्त्री थे। जो कोचबोंग से काम कर रिंगरोड होते हुए घर लौट रहे थे। इसी क्रम में कोचबोंग रिंगरोड में तेज रफ्तार अज्ञात बोलेरो ने जोरदार टक्कर मार दी।

## टूल रूम में विशेष कोर्स अक्टूबर माह से शुरू

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** टाटीसिलवे स्थित टूलरूम संस्थान सीएमपीडीआई की मदद से शिक्षा और तकनीकी प्रशिक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। प्राचार्य महेश कुमार गुप्ता ने बताया कि आगामी माह से टूलरूम में एससी, एसटी एवं ओबीसी वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए दो नए प्रशिक्षण कार्यक्रमों की शुरूआत की जा रही है। इन कार्यक्रमों को सीएमपीडीआई द्वारा प्रायोजित किया गया है। ट्रेनिंग इंचार्ज मंगल टोप्पो ने बताया कि यह कोर्स न केवल युवाओं को तकनीकी रूप से दक्ष बनाएगा, बल्कि उन्हें स्वरोजगार एवं औद्योगिक क्षेत्रों में रोजगार के बेहतर अवसर भी उपलब्ध कराएगा।

## कनिष्क ऑटोमोबाइल स्वराज ट्रैक्टर शोरूम का उद्घाटन



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** ब्लॉक में कनिष्क ऑटोमोबाइल स्वराज ट्रैक्टर शोरूम का उद्घाटन ओरमांझी के मुखिया दीपक बड़ाइक एवं उप मुखिया संतोष गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर समाजसेवी राजेश गुप्ता, दुर्गा शंकर साहू, नीरज पांडे, आनंद महतो, शशि मेहता आदि उपस्थित थे। संचालक उमेश कुमार साहु और रंजीत कुमार ने बताया कि ग्राहकों को उचित मूल्य पर ट्रैक्टर उपलब्ध कराया जाएगा।

## खुखरा के ग्रामीणों ने श्रमदान कर बनायी सड़क

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** खुखरा बगीचा टोली गांव की महिलाओं-पुरुषों ने शुक्रवार को श्रमदान कर सड़क की मरम्मत कर आने जाने लायक बनाया। पंचायत अध्यक्ष पवन लकड़ा के घर से मसना होते हुए खुरा टोली तक जानेवाली सड़क बदहाल हो गयी थी। ग्रामीणों ने श्रमदान कर सड़क की मरम्मत की। श्रमदान करनेवालों में मुनकु लोहरा, बिनहु मिंज, असमी तिर्की, इंद्रू महतो, ननका लकड़ा, विजय मिंज, बबलू लकड़ा, वंदे टोप्पो, राजेश तिर्की, करमा तिर्की, मंटू लकड़ा, गोविंद गोप, दिनेश महतो, महादेव कुजूर, सुमन मिंज, जितनी लकड़ा, पवन कुजूर, मुन्नी उराईन, बैजू उरांव, तेतरु खलखो, संजय मिंज, अर्जुन उरांव, चरवा उरांव, धीरज गोप शामिल थे।

## एलवीपीइआइ के शोधकर्ताओं ने विश्व वैज्ञानिक रैंकिंग में लहराया परचम

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** एल वी प्रसाद नेत्र संस्थान (एलवीपीईआई) ने एक बार फिर नेत्र विज्ञान अनुसंधान में अपनी वैश्विक अग्रणी स्थिति का प्रदर्शन किया है। हाल ही में जारी प्रतिष्ठित 2025 स्टैनफोर्ड/एल्सेवियर शीर्ष 2% वैज्ञानिक सूची, मानकीकृत उद्धरण मानकों के आधार पर दुनिया भर में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले शोधकर्ताओं को मान्यता देती है। एलवीपीईआई के संस्थापक अध्यक्ष, डॉ. गुल्लापल्ली एन राव, भारत में नेत्र विज्ञान के लिए शीर्ष आजीवन रैंकिंग में दूसरे स्थान पर हैं। यह मान्यता उनके करियर भर के शोध प्रभाव और 2024 में वार्षिक प्रदर्शन पर आधारित है, जो नेत्र विज्ञान में भारत के अग्रणी वैज्ञानिक के रूप में उनकी स्थिति की पुष्टि करता है। एलवीपीईआई से जुड़े सात शोधकर्ताओं ने भारत से नेत्र विज्ञान के लिए लाइफटाइम रैंकिंग में स्थान प्राप्त किया है। इसमें 1. डॉ गुल्लापल्ली एन. राव, 2. डॉ सावित्री शर्मा, 3. प्रो. बालासुब्रमण्यम डी, 4. डॉ मोहम्मद जाविद अली, 5. डॉ प्रशांत गर्ग, 6. डॉ ताराप्रसाद दास, 7. डॉ. स्वाति कालिकी।

LVP एक से जुड़े सोलह शोधकर्ताओं ने भारत से नेत्र विज्ञान की वार्षिक रैंकिंग में स्थान प्राप्त किया। इनके नाम डॉ. मोहम्मद जाविद अली, डॉ. स्वाति कलिकी, डॉ. सावित्री शर्मा, डॉ. प्रशांत गर्ग, डॉ सायन बसु, 6. डॉ रोहित खन्ना, डॉ. गुल्लापल्ली एन राव, डॉ स्वाति सिंह, डॉ ताराप्रसाद दास, डॉ जिल एलिजाबेथ कीफ, डॉ विवेक सिंह, डॉ पवन कुमार वर्किचारला, डॉ बालासुब्रमण्यम डी, डॉ मिलिंद नीलकांत नाइक, डॉ सुभद्रा जलाली और डॉ अपर्णा राव हैं।

# सेरेंगदाग माइंस ऑफिस में ग्रामीणों ने की तालाबंदी, खनन-परिवहन ठप

## 51 साल से बॉक्साइट खनन के बावजूद सड़क, स्वास्थ्य और शिक्षा पर ध्यान नहीं देने से नाराजगी

**आरोप- प्रसव के समय एंबुलेंस तक नहीं मिलती, कई महिलाओं की रास्ते में हो चुकी है मौत**

**आजाद सिपाही संवाददाता**


माइंस ऑफिस में तालाबंदी कर प्रदर्शन करते लोग।

**घाघरा।** प्रखंड के सेरेंगदाग माइंस इलाके में ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। रैयतों और मजदूरों ने कंपनी की अनदेखी और बदहाली के खिलाफ एकजुट होकर माइंस ऑफिस में ताला जड़ दिया और धरना पर बैठ गए। वहीं, तालाबंदी के कारण पहाड़ पर खड़े सैकड़ों ट्रक फंस गए और खनन एवं परिवहन की गतिविधियां पूरी तरह ठप हो गईं। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले 51 साल से कंपनी बॉक्साइट का खनन कर रही है, लेकिन यहां के लोग अब भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। गर्मियों में धूल और बरसात में कीचड़ से उनका जीवन असहनीय हो चुका है। उन्होंने साफ कहा कि जब तक पक्की सड़क का निर्माण और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई जातीं, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क की बदहाली के कारण पुरुषों को घुटनों तक हाफ पैंट पहनकर और महिलाओं को कपड़ा उठाकर चलना पड़ता है। यह अपमानजनक स्थिति अब और बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में स्वास्थ्य भवन तो बना है, लेकिन अस्पताल कभी शुरू नहीं हुआ। न डॉक्टर हैं, न दवा। मरीजों को खाट पर लादकर कई किलोमीटर पैदल ले जाना पड़ता है। स्कूल की स्थिति भी शर्मनाक है, जहां बच्चों की जगह मवेशी बंधे रहते हैं। महिलाएं अब भी पहाड़ी झरनों से सिर पर मटके में पानी ढोने को मजबूर हैं। वहीं, धरना में शामिल महिलाओं ने बताया कि प्रसव के समय एंबुलेंस उपलब्ध नहीं कराई जाती। कंपनी ड्राइवर न होने या सड़क खराब होने का बहाना बनाती है। कई बार प्रसव रास्ते में ही हो गया और महिलाओं की मौत तक हो चुकी है। मजबूरी में अधिकांश प्रसव घर पर ही पारंपरिक तरीके से करना पड़ता है।

### कंपनी पर उग्रवाद का सहारा लेने का आरोप

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कंपनी ने पहले कई बार आंदोलन दबाने के लिए उग्रवादियों का सहारा लिया। आंदोलनकारियों की पिटाई हुई और जमीन नहीं देने वालों से जबरन जमीन छीनी गई। सांसद-विधायकों के खिलाफ भी लोगों ने आक्रोश जताया और कहा कि वे केवल चुनाव के समय आते हैं और बाद में क्षेत्र को भूल जाते हैं। इस बार वे सिर्फ आश्वासन पर भरोसा नहीं करेंगे। इस मौके पर राजेश उरांव, सुखनाथ उरांव, हरिश्चंद्र उरांव, बरती उरांव, लाली उरांव, प्रदीप उरांव, आनंद उरांव, संतोष उरांव, मिंटू उरांव, प्रभु उरांव, संजय उरांव, पवन उरांव, लालदेव उरांव, गन्दूर उरांव, दिले उरांव, अनीता देवी, सुषमा देवी, तेतरी देवी, रजिंता देवी, अंजू देवी, सुनीता देवी, शशि किरण लकड़ा, चांदनी देवी, गुला देवी और धनेश्वर महतो आदि उपस्थित थे।

# 13 साल के बाद मिली उग्रवादी हिंसा में मारे गये दो लोगों के आश्रितों को नौकरी

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**गुमला।** उग्रवादी हिंसा में मारे गये दो लोगों के आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर वारदात के 13 साल बाद शनिवार को नियुक्ति पत्र दिया गया। डीसी प्रेरणा दिक्षित ने उग्रवादी हिंसा में मारे गये जिले के दो आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर चतुर्थ वर्ग अनुसेवक पद का नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इनमें से एक जिले के बसिया थाना अंतर्गत ग्राम चोरेटोली बनई के स्व गजेन्द्र साहु का पुत्र अरूण साहु शामिल हो जिसे कामडारा अंचल कार्यालय में नौकरी दी गयी है। जबकि दूसरा घाघरा थाना क्षेत्र के ग्राम पुटो सासनटोली के स्व जयप्रकाश साहु की आश्रिता पत्नी मोनिका देवी को जिला स्थापना शाखा में नियुक्ति के लिए पत्र दिया गया है। बतातें चलें कि चोरेटोली बनई निवासी स्व गजेंद्र साहु को 12 अक्टूबर 2011 की उग्रवादिओं ने हत्या कर दी गई थी। वहीम, घाघरा थाना क्षेत्र के ग्राम पुटो सासनटोली निवासी स्व जयप्रकाश साहु को भी उग्रवादिओं ने 25 सितंबर 2012 को हत्या कर दी गई थी। हालांकि राज्य सरकार की ओर से उनके आश्रितों को एक-एक लाख रुपए अनुग्रह अनुदान राशि और केंद्र सरकार की ओर से तीन-तीन लाख रुपए केंद्रीय अनुदान राशि का भुगतान किया गया। लेकिन सरकारी अनुकंपा की नौकरी को दरकिनार कर दिया गया था। पर स्वं गजेन्द्र साहु के आश्रित पुत्र अरूण साहु और स्व जयप्रकाश साहु की पत्नी मोनिका देवी ने सरकारी अनुकंपा नौकरी पाने की आश नहीं छोड़ी। उन लोगों ने डीसी के साथ ही गृह सचिव, राज्यपाल सचिवालय, मुख्यमंत्री सचिवालय और कई सरकारी प्राधिकरण में समय-समय पर अनुकंपा नौकरी के लिए आवेदन देना जारी रखा। आखिरकार गृह विभाग की अनुसंशा के आलोक में उग्रवादी हिंसा में मारे गये दोनों लोगों के आश्रितों को अनुकंपा पर नौकरी दी गई। गुमला डीसी से नियुक्ति पत्र मिलने के बाद दोनों आश्रितों ने धन्यवाद दिया। दोनों दुर्गा पूजा की छुट्टी के बाद तीन अक्टूबर को अपनी नौकरी में योगदान देंगें।

## ग्रामीणों ने श्रमदान कर दुरुस्त की चार किलोमीटर लंबी कच्ची सड़क




**कामडारा (आजाद सिपाही)।** जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की उदासीन रवैया को देखते हुए शनिवार को रामतोलया पंचायत के ग्रामीणो ने संयुक्त रुप से श्रमदान कर क्षेत्र के कुल तीन कच्ची मार्गो को दुरुस्त किया। जिसमें पहला कच्ची मार्ग रामतोलया महुवाटोली से गांव चितापड़ी जामटोली तक, दूसरा कुली टंगराटोली गांव से केनालोया गांव को जोड़नेवाला पथ और तीसरा कच्ची पथ कुली बगीचा से गांव केनालोया तक जानेवाली पथ शामिल है। जानकारी के मुताबिक रामतोलया पंचायत क्षेत्र के गांव कुली टंगराटोली, रामतोलया महुवाटोली, केनालोया और जामटोली चितापड़ी तक जानेवाली कच्ची मार्ग की हालत इन दिनों काफी खराब हो चुकी है। लगातार बारिश से उक्त कच्चे मार्गों की बदतर हालत को देखते हुए लोग पैदल चलने से भी कतरा रहे थे। जिसे देखते हुए शुक्रवार को रामतोलया पंचायत क्षेत्र के ग्रामीणों ने पूर्व उपमुखिया सामुएल तोपनो और ग्रामसभा अध्यक्ष निरल होरो के नेतृत्व में बैठक कर सर्वसम्मति से उक्त सभी कच्चे मार्गों को श्रमदान कर दुरुस्त करने का निर्णय लिया। इसके बाद शनिवार की सुबह गांव कुली टंगराटोली, महुवाटोली, जामटोली और केनालोया के ग्रामीण कुदाल, तगाड़ी, झोड़ा लेकर एक जगह एकत्रित हुए और अपने खर्च से एक ट्रैक्टर की व्यवस्था कर लगभग चार किमी तक की सड़क को दुरुस्त कर दिया। इसमें मिलकिया तोपनो, जोसेफ होरो, ईश्वरीय तोपनो, रामनाथ साहु, फिलिप हेरेंज, सालन तोपनो, इलिसाबा तोपनो आदि शामिल थे।

## डीएवी पब्लिक स्कूल में नवरात्र महोत्सव का आयोजन



**गुमला (आजाद सिपाही)।** डीएवी पब्लिक स्कूल में नवरात्र महोत्सव आयोजित हुआ। जिसमें कक्षा नर्सरी से द्वितीय के बच्चों ने भाग लिया। इस दौरान डांडिया नृत्य एवं नवरात्र फूड फेस्टिवल का आयोजन किया गया। जिसमें सभी बच्चे पारंपरिक पोशाक में नजर आए। नवरात्र महोत्सव का आयोजन बच्चों को भारतीय संस्कृति के बारे में जानने और उसका आनंद लेने का अवसर प्रदान करने के लिए किया गया था। प्रधानाचार्य डॉ रमाकान्त साहू ने कहा कि मां दुर्गा का आशीर्वाद सभी के जीवन में प्रकाश, प्रेम और शांति लाए। इस अवसर पर नौ दुर्गा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चियां मां दुर्गा के नौ रुपों में तैयार होकर अपनी कला और सृजनात्मकता का प्रदर्शन किया। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने में हर्षिता, मोनिका कुमारी, निशा जयसवाल, प्रज्ञा पल्लवी, सुधांशु देवघरिया, छवि कृति, अमृता प्रिया और पूजा प्रसाद ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस मौके पर सुपरवाइजरी हेड पवित्र कुमार मोहंती, एसके आचार्या, सीसीए इंचार्ज संजुक्ता खटुआ, अभिजीत झा, मिथिलेश कुमार दुबे आदि उपस्थित थे।

## धूमधाम से मनाया गया एकता रौनियार महिला संगठन का डांडिया महोत्सव



**गुमला (आजाद सिपाही)।** रौनियार धर्मशाला में एकता रौनियार महिला संगठन ने शुक्रवार को डांडिया महोत्सव आयोजित किया। संगठन की अध्यक्षा लता गुप्ता के नेतृत्व में नवरात्रि के अवसर पर माता के भजनों पर डांडिया खेला गया। इससे पहले गणेश वंदना से कार्यक्रम की शुरूआत हुई। मां दुर्गा की पूजा के बाद डांडिया शुरू हुआ। संगठन की सभी महिलाएं रंग बिरंगे परिधान पहन कर माता के डांडिया में भाग लीं और तन मन से मनमोहक नृत्य की। इस दौरान बहनों ने बढ़चढ़ कर एकल और सामुहिक नृत्य कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। कार्यक्रम में अध्यक्षा लता गुप्ता ने की। इस मौके पर मंजू गुप्ता, रीता गुप्ता, ममता गुप्ता, सुमन गुप्ता, रानी गुप्ता, कंचन गुप्ता, पिंकी गुप्ता, पार्वती गुप्ता, ज्योति गुप्ता, किरण गुप्ता, श्यामा गुप्ता, सुलोचना गुप्ता, किरण गुप्ता मेन रोड और सीता गुप्ता उपस्थित थीं।

## कुआं से वृद्ध का शव बरामद

**जारी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के मेराल पंचायत के बारडीह गांव निवासी चमरू कोरवा (65) का पैर फिसल कर कुआं में गिरने से डूबकर मौत हो गयी। मृतक के दमाद पुंडी निवासी महेश्वर मल्लाह ने बताया कि ससुर चमरू कोरवा गुरुवार को किसी काम से घर से निकलकर बारडीह चर्च की ओर गये थे। देरशाम तक नहीं लौटे तो उसकी तलाश की, लेकिन कहीं पता नहीं चला। इसी बीच शनिवार की सुबह ग्रामीणों ने कुंआ में शव तैरते देखा। खबर पाकर पहुंचा तो शव उसके ससुर का ही निकला। तुरंत उसने पुलिस को सूचना दी। खबर पाते ही पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया।

# नारी शक्ति के जागरूक और संगठित होने पर ही होगा महिला-समाज का भला: पुष्पा उरांव

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**गुमला।** महिला मंडल सहयोग संचालन समिति घाघरा प्रखंड इकाई के तत्वाधान में घाघरा ब्लॉक के समीप महिलाओं की बैठक हुई। समिति की प्रखंड प्रभारी बिलो भगत ने बैठक की अध्यक्षता की। इसमें झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय सदस्य सह महिला मंडल सहयोग संचालन समिति की जिला प्रभारी पुष्पा उरांव ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार महिलाओं के शोषण के रोकथाम और रोजगार देने के प्रति बिल्कुल गंभीर नहीं है। यही कारण है कि महिला सशक्तिकरण के नाम पर देश में अरबों रुपए खर्च करने के बावजूद महिलाओं का शोषण, पलायन एवं मानव तस्करी में कोई कमी नहीं आ रही है। उन्होंने यह भी कहा कि नारी शक्ति जागरूक एवं संगठित होगी तभी महिलाओं और समाज का भला होगा। उन्होंने झारखंड नवनिर्माण दल की ओर से घोषित कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी की महिलाओं से अपील की। इस दौरान भगत सिंह जयंती 28 सितंबर को रांची के पुराना विधानसभा स्थित विधायक क्लब में आयोजित करने, सामाजिक अधिकार अभियान के तहत होनेवाली राज्य सम्मेलन में चयनित 15 महिला प्रतिनिधि की भागीदारी को सुनिश्चित करने, भ्रष्टाचार के विरुद्ध 14 अक्टूबर को घाघरा ब्लॉक का घेराव में भारी संख्या में महिलाओं से भागीदारी निभाने और 28 अक्टूबर को गुमला जिला मुख्यालय के कचहरी मैदान में महिला हुंकार सभा में हजारों महिलाओं से भाग लेने के लिए अभी से ही प्रखंड के गांव में तैयारी तेज करने आदि कई निर्णय लिए गए हैं। बैठक में पूजा देवी, फूलसिता उरांव, पुनि देवी, लक्ष्मी देवी, जीरो देवी, सालमुनि देवी, अनिता देवी, अग्नी देवी, शांति उरांव, सुनीता देवी, फुलकुमारी कुमारी, ममता देवी आदि उपस्थित थी।

## पर्व-त्योहार को लेकर गुमला पुलिस अलर्ट, चंदाली पुलिस लाइन में हुआ मॉक ड्रिल



**गुमला (आजाद सिपाही)।** आगामी पर्व-त्योहार को शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में मनाने को लेकर गुमला पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। पुलिस प्रशासन जहां जिलेभर में गश्ती और निगरानी बढ़ा रहा है, वहीं दूसरी ओर किसी भी तरह की अनहोनी या उपद्रव की स्थिति में तुरंत कार्रवाई करने को लेकर भी रणनीति तैयार की गई है। इसी क्रम में शनिवार को पुलिस लाइन चांडली में विशेष अभ्यास और तैयारी की गई। यह कार्यक्रम सार्जेंट मेजर अभिमन्यु कुमार के नेतृत्व में हुआ। जिसमें जिलेभर से पुलिस पदाधिकारी और जवान मौजूद रहे। इस दौरान त्योहारों में संभावित भीड़-भाड़ वाले इलाकों की सुरक्षा व्यवस्था, उपद्रव की स्थिति से निपटने के तौर-तरीके और क्विक रिस्पॉन्स टीम की तैनाती पर विशेष जोर दिया गया। सार्जेंट मेजर अभिमन्यु कुमार ने बताया कि किसी भी तरह की अफवाह या शरारती तत्वों की गतिविधियों पर तुरंत रोक लगाने के लिए जवानों को लगातार सतर्क और सक्रिय रहना होगा। इस दौरान पुलिस बल को भीड़ नियंत्रण, दंगा-रोधी अभ्यास और त्वरित कार्रवाई से जुड़ी कई अहम जानकारियां दी गईं।

# अपराध पर नियंत्रण करने के लिए गुमला पुलिस को मिली 30 बाइक

## गुमला एसपी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** जिले में अपराध पर नियंत्रण और थाना क्षेत्रों की निगरानी को मजबूत बनाने के उद्देश्य से शनिवार को पुलिस लाइन चांडाली में 30 नई बाइक को क्विक रिस्पॉन्स टीम (क्यूआरटी) में शामिल किया गया। गुमला एसपी हारिश बिन जमां और प्रशिक्षु आईपीएस निखिल राय ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर बाइकों को रवाना किया। इस अवसर पर एसपी ने कहा कि पुलिस मुख्यालय से प्राप्त ये बाइक अपराध नियंत्रण और गश्त के दौरान बेहद सहायक साबित होंगी। उन्होंने बताया कि सभी बाइकों को विशेष रीमॉडलिंग और खुटार लगाकर तैयार किया गया है। ताकि जिस भी इलाके से बाइक क्यूआरटी टीम गुजरे वहां आम जनता को पुलिस की मौजूदगी का स्पष्ट संदेश मिले। आगामी त्योहारों के दौरान इन बाइकों से गश्ती में तेजी आएगी और अपराधियों पर भी अंकुश लगेगा। प्रशिक्षु आईपीएस निखिल राय ने कहा कि त्योहारों के सीजन में बड़ी गाड़ियों के जरिए हर जगह पहुंच पाना पुलिस के लिए मुश्किल होता है। ऐसे में बाइक आधारित क्यूआरटी टीम छोटी गलियों और भीड़-भाड़ वाले इलाकों तक आसानी से पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि इन टीमों की तैनाती से पूरे जिले में पुलिस की गश्त और निगरानी मजबूत होगी। सार्जेंट मेजर अभिमन्यु कुमार ने जानकारी दी कि एसपी के निर्देश पर मुख्यालय से मिली 30 बाइकों में से 17 का आवंटन विभिन्न थानों में कर दिया गया है, जबकि शेष बाइक जल्द ही जरूरत वाले थानों को दे दी जाएंगी। इनमें सदर थाना को 10 सायरन बाइक, सिसई थाना को 3, घाघरा थाना को 2, पालकोट थाना को 1 और बसिया थाना को 1 बाइक उपलब्ध कराई गई है। इस मौके पर एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव, हेडक्वार्टर डीएसपी वीरेंद्र टोप्पो, पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी महेंद्र करमाली, सार्जेंट दीपक कुमार, पुअनि परवेज आलम, पुअनि शिल्पा कुजूर समेत पुलिस केंद्र के सभी पदाधिकारी व जवान मौजूद रहे। एसपी ने अंत में कहा कि इन बाइकों की तैनाती से जिले में अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण होगा और जनता को सुरक्षा का और अधिक भरोसा मिलेगा।

## चोरी मामले की जांच को लेकर गुमला पहुंची यूपी पुलिस

**गुमला (आजाद सिपाही)।** उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले के करीमुद्दीनपुर थाना क्षेत्र के भवानी गांव स्थित जनता ईंट भट्ठा से झारखंड के मजदूर सुकरा लोहरा मालिक का ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया। घटना तीन दिन पहले की है। भट्ठा मालिक अखिलेश राय ने पुलिस को बताया कि सुकरा प्रतिदिन की तरह ट्रैक्टर लेकर निकला, लेकिन वापस नहीं लौटा। संपर्क करने पर उसने गोलमोल जवाब दिया। इसके बाद अखिलेश राय ने चोरी की प्राथमिकी दर्ज कराई। जांच में मोबाइल लोकेशन से पता चला कि आरोपी मजदूर झारखंड के गुमला जिला स्थित अपने गांव बरगांव लौट आया है। इसके बाद गाजीपुर पुलिस की टीम मालिक के साथ गुमला पहुंची और यहां की पुलिस से सहयोग लेकर शनिवार को तलाश शुरू की। दोपहर तक सुकरा का मोबाइल लोकेशन गुमला सदर थाना क्षेत्र में दिखा, लेकिन देर शाम तक वह पुलिस की गिरफ्त में नहीं आया। आशंका जताई जा रही कि उसने ट्रैक्टर को यूपी में कहीं बेच या छिपाकर गांव लौटा है। पुलिसा जांच में जुटी है।

## डीसी ने विभिन्न श्रेणी के नागरिकों के बीच किया नियुक्ति पत्र का वितरण



**गुमला (आजाद सिपाही)।** विभिन्न श्रेणी के अभ्यर्थियों को जिला प्रशासन की ओर से नियुक्ति पत्र दिया गया। डीसी प्रेरणा दीक्षित ने कहा कि शासन की मंशा योग्य अभ्यर्थियों को अवसर उपलब्ध कराना और मृत सेवकों के परिवारजनों को संबल प्रदान करना है, ताकि उन्हें सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा मिल सके। आयुक्त एवं सचिव, गृह विभाग रांची के पत्र संख्या 3206 (15 जून 2002) के आलोक में डीसी की अध्यक्षता में संपन्न चयन प्रक्रिया के तहत चौकीदार-दफादार पद के लिए पात्र अभ्यर्थियों का चयन किया गया। शिक्षा योग्यतानुसार इन्हें वेतनमान 5200-20200 (पीबी-1) एवं ग्रेड पे 1800 में अस्थायी रूप से नियुक्त किया गया है। इनके पदस्थापन का दायित्व संबंधित अंचल-वीट में निर्धारित किया गया है। रायडीह प्रखंड के बसंत उरांव, स्व राम उरांव के पुत्र सुदीप उरांव और घाघरा थाना क्षेत्र के ग्राम अरंगी निवासी सुनिल कच्छप को चौकीदार पद पर नियुक्त किया गया। डीसी ने नियुक्ति के समय यह निर्देश दिया कि मृत सरकारी सेवकों के आश्रित परिवार के भरण-पोषण की जिम्मेदारी नियुक्त व्यक्ति पर होगी। साथ ही जिला अनुकंपा समिति की बैठक में लिये गये तत्कालीन निर्णय के आलोक में उग्रवादी घटनाओं एवं सेवा अवधि में आकस्मिक निधन से प्रभावित परिवारों को संवैधानिक प्रावधानों के अनुरूप चतुर्थ वर्ग (अनुसेवक) के पद पर अनुकम्पा नियुक्ति की स्वीकृति प्रदान की गई। स्व गजेंद्र साहु के पुत्र अरुण साहु, स्व. जयप्रकाश साहु की पत्नी मोनिका देवी, स्व अशोक सिंह की पत्नी लक्ष्मीण देवी और स्व रामवृत उरांव के पुत्र विकास उरांव को आवश्यक सत्यापन और सेवा शर्तों के अधीन गुमला समाहरणालय में चतुर्थ वर्ग के रिक्त पद पर योगदान के लिए नियुक्ति पत्र दिया गया। डीसी ने सभी नियुक्त कर्मियों को कर्तव्यनिष्ठ होकर सेवा करने का आह्वान किया। कहा कि यह नियुक्तियां न केवल व्यक्तिगत दायित्वों का निर्वहन हैं, बल्कि जिला प्रशासन की प्रतिबद्धता का भी प्रतीक हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इससे प्रशासनिक कार्यों में मजबूती आयेगी और प्रभावित परिवारों को नये सिरे से जीवन आगे बढ़ाने का अवसर प्राप्त होगा।

**JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED**
(A Government of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi-834001
E-Mail - pdt.juidco@gmail.com, juidcolimited@gmail.com
CIN: U45200JH2013SGC001752

**CORRIGENDUM - 1**

Name of Work: Consultancy Services for Preparation of Comprehensive Mobility Plan in and around Jamshedpur and Dhanbad Cities in the State of Jharkhand for Next 25 Years
Ref PR No.: 362608
Tender ID: 2025_UDD_105060_1
NIT No.: JUIDCO/ NIT/CMP/JSR DHN/2025 – 664
Corrigendum – 1 for the tender "Consultancy Services for Preparation of Comprehensive Mobility Plan in and around Jamshedpur and Dhanbad Cities in the State of Jharkhand for Next 25 Years" has been published on the Government of Jharkhand's e-procurement website.
All bidders are requested to review it before submitting their bids.

Sd/-
(B K Roy)
Project Director (Technical)

PR 363092 Urban Development(25-26).D

**कार्यपालक पदाधिकारी का कार्यालय**
**नगर पंचायत कोडरमा**

अति अल्पकालिन ई – निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 11/2025–26
दिनांक 26.09.2025

| क0 सं0 | वार्ड सं0 | कार्य का नाम | निविदा की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सडक परिवहन मद | | | | |
| 1 | 09 | कोडरमा मेन रोड के दोनो तरफ कोडरमा बाजार चौक से हनुमान मंदिर चौक तक पेबर ब्लॉक बिछाने का कार्य। | 2491300.00 | 50000.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 2 | 02 | कॉटी फैक्ट्री पी0सी0सी0 सडक से अका दीप सिन्हा के घर तक एवं देवी मंडप से निरंजन कुमार, कृश्णा कॉलोनी बहेरवाटांड तक पी0सी0सी0 सडक निर्माण कार्य। | 1576900.00 | 31600.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 3 | 09 | एन0सी0सी0 कैम्पस से माईनिंग बिल्डींग तक पी0सी0सी0 सडक का निर्माण कार्य। | 1457101.00 | 29200.00 | 5000.00 | 03 माह |
| | | नागरिक सुविधा मद | | | | |
| 4 | 14 | लालो रविदास के घर से लेकर पुल तक आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य। | 1252300.00 | 25100.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 5 | 6,8 | भाय जी आहर से गोडयती आहर तक नाली निर्माण कार्य। | 3770000.00 | 75500.00 | 10000.00 | 06 माह |
| A | | Date of Publication of Tender on website | | | 06-10-2025 (10:00 AM) | |
| B | | Last Date / Time for receipt bid on online | | | 13-10-2025 (05:00 PM) | |
| C | | Date of opening Tender | | | 14-10-2025 (11:00 AM) | |
| D | | Name & Address of office inviting tender | | | Executive Officer Nagar Panchayat Koderma | |
| E | | Helpline No. | | | +91-9229932626 | |

Note :-
- Only E-Tenders will be accepted.
- Further details can be seen on website- http://jharkhandtenders.gov.in
- E-procurement में Tender Fee एवं EMD की राशि ऑनलाईन सूचना प्रौधोगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड, रॉची का आदेश ज्ञापांक – 120 दिनांक – 03.10.2023 एवं नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड रॉची का पत्रांक 05/विविध (e-tender)–12/2023/न0वि0–4847 (अनु0) दिनांक – 11.10.2023 के तहत् ली जायेगी।

ह0/–
प्रशासक नगर पंचायत
कोडरमा

PR.NO.363141 Urban Development(25-26):D

## सामाजिक संस्था पंख एक नयी दिशा ने असहाय महिला को दिलाया आश्रय



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** शनिवार को सामाजिक संस्था पंख एक नयी दिशा ने विशेष असहाय महिला को मिशनरीज में आश्रय दिलाया। पंख एक नयी दिशा चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा अध्यक्ष पिंकी गुप्ता के प्रयासों से वृद्ध, विशेष एवं असहाय महिला को नूतनडीह सेंट्रल हॉस्पिटल के समीप कोयला नगर के पास दो, तीन दिन से बेसुध अवस्था में रोड के किनारे पड़ी हुई थी और ना तन पर कपड़े थे। आज पंख एक नई दिशा की अध्यक्ष पिंकी गुप्ता ने कपड़ा पहना कर ऑटो से ले जा कर मिशनरीस में मंदबुद्धि वृद्ध महिला को रखवाया। वो अपना नाम पूनम बता रही है। वृद्ध महिला अपने पैरों से चल भी नही पा रही थी। इस वृद्ध असहाय महिला को रखवाने की सारी कागजी प्रकिया पुरी हो गयी। आज हम लोग बहुत खुश है कि हमलोगो बहुत खुश है की इस नेक कार्य का हिस्सा बने और इस वृद्ध महिला को रहने के लिए छत और तीनों वक़्त का खाना और अच्छा इलाज मिलेगा और वहा पर अच्छे से रहेगी। इस मौके पर मे संस्था के मनीष गुप्ता, शशि शेखर गुप्ता मौजूद थे ।

## बोकारो में आजीविका एक्सप्रेस योजना की शुरुआत



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** जिले में आजीविका और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए शनिवार को उपायुक्त अजय नाथ झा एवं उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और हरी झंडी दिखाकर आजीविका एक्सप्रेस योजना के तहत वाहनों को रवाना किया। इस मौके पर उपस्थित ग्रामीण महिलाएं और सखी मंडल की दीदियां उत्साह से भरी रहीं। सभी ने माना कि यह योजना उनके लिए आर्थिक आत्मनिर्भरता का मजबूत आधार बनेगी। योजना अंतर्गत प्रखंड चंदनकियारी की चंद्रा संकुल स्तरीय संगठन और प्रखंड चास की 'जागृति शक्ति मंडल' से जुड़ी मां दुर्गा सखी मंडल की लाभुक दीदी सुमन कुमारी को लाभ प्रदान किया गया। इस पहल से संकुल स्तरीय संगठनों को विभिन्न व्यावसायिक गतिविधियों के माध्यम से आय में वृद्धि होगी। सखी मंडल की दीदियां बाजार में सामान ढुलाई और यात्रियों के आवागमन से प्रत्यक्ष आय अर्जित कर पायेंगी। ग्रामीण स्तर पर महिला उद्यमिता और स्वावलंबन को गति मिलेगी। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि आजीविका एक्सप्रेस योजना ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का माध्यम है। इससे वे आर्थिक रूप से मजबूत होंगी।

## डीवीसी कांडरा ऑटो असंतुलित होकर पलटी, दो घायल



**झरिया/ पाथरडीह (आजाद सिपाही)।** झरिया सिंदरी मुख्य मार्ग स्थित गौशाला थाना क्षेत्र अंतर्गत डीवीसी कांडरा के समीप शनिवार को एक अज्ञात ऑटो असंतुलित हो कर पलटी मार दी। जिससे सिंदरी के रहने वाली ऑटो में बैठे 26 वर्षीय पूजा कुमारी पिता चंडी दास तथा पीयूष गुप्ता पिता राजेश गुप्ता कतरास निवासी बुरी तरह घायल हो गये। जिसे स्थानीय लोगो ने आनन फानन में चासनाला सीएचसी पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद रैफर कर दिया गया है। वही स्थानीय लोगो ने बताया की झरिया की ओर जा रही ऑटो बाइक सवार को बचाने के चक्कर में पलटी मार दी। जिसमें किड्स एंगल उपरकुली में पढ़ाने जा रही पूजा कुमारी तथा हॉस्टल में रह रहे बलराम महतो कतरास निवासी अपने दोस्त पीयूष गुप्ता के साथ घर जा रहा था उसी दौरान घटना घटी। घटना की जानकारी परिजनों को दे दी गयी है। इस बारे में चिकित्सक संजय कुमार ने बताया कि महिला पूजा कुमारी के पैर तथा शरीर में अंदरुनी चोट आयी है तथा पीयूष गुप्ता के माथे पर चोट है, स्थिति को देखते हुए धनबाद रैफर कर दिया गया है।

## सीपीएम सिंदरी ने लद्दाख में सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी की निंदा की



**झरिया (आजाद सिपाही)।** झरिया / सिंदरी (मार्क्सवादी) सिंदरी शाखा केंद्र सरकार के अधीन केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन द्वारा लद्दाख के लोगों पर किये जा रहें क्रूरतम दमन, एवं सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी और उनके साथ अपराधियों जैसा व्यवहार की कड़ी निंदा करता है। केंद्र सरकार को लद्दाख के लोगों के लोकतांत्रिक शांतिपूर्ण आंदोलन पर दमन और उत्पीड़न करने के बजाय लद्दाख को राज्य का दर्जा देने एवं छठी अनुसूची को लागू करने का अपना वादा पूरा करना चाहिए। पिछले 6 वर्षों से लद्दाख के लोग पूर्ण रूप से शक्ति संपन्न राज्य का दर्जा और इस क्षेत्र को संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग कर रहे हैं। केंद्र सरकार द्वारा इन मांगों को लगातार नजरअंदाज किया गया है। पिछले तीन वर्षों में सरकार द्वारा अपनी जायज मांगों की अनदेखी, कई दौर की वार्ता का विफलता से निराश होकर लेह अपेक्स बॉडी (एलएबी) और अन्य जन संगठनों ने 15 दिन तक शांतिपूर्ण भूख हड़ताल की। सार्थक बातचीत करने के बजाय केंद्र सरकार ने भूख हड़ताल करने वालों की जबरदस्ती गिरफ्तारी का रास्ता चुना जिससे लोगों में व्यापक विरोध और अशांति फैल गयी। पारंपरिक रूप से शांतिपूर्ण जगह पर इस हिंसा के लिए जिम्मेवार हालात पैदा करने के बाद भी केंद्र सरकार अब आंदोलनकारी पर ही दोष मढ़ रही है। सीपीएम सिंदरी शाखा, केंद्र सरकार से मांग करता है कि वह सभी दमनकारी उपायों को तुरंत बंद करें, सोनम वांगचुक को तुरंत रिहा करें और आंदोलन के प्रतिनिधियों के साथ सार्थक बातचीत करें। साथ ही हम मांग करते हैं कि सरकार पुलिस दमन में जान गंवाने वालों नौजवानों के परिवारों और घायलों को प्राप्त पर्याप्त मुआवजा दे।

## वीडियो कॉल से लिया जायेगा डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मियों का अटेंडेंस

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में आज जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गयी। इस दौरान उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर सहित अन्य कर्मियों की वीडियो कॉलिंग कर औचक अटेंडेंस लेने का निर्देश दिया। इसके लिए सिविल सर्जन को वीडियो कॉलिंग सेल बनाने का भी निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त को बताया गया कि विभाग में जीपीएस आधारित अटेंडेंस सिस्टम नहीं है। इसलिए इसका दुरुपयोग कर कई डॉक्टर और कर्मी प्रतिनियुक्त स्थल के बजाय अन्य स्थल से बायोमैट्रिक अटेंडेंस बना लेते हैं। इसकी गंभीरता देखते हुए उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग के सभी बायोमैट्रिक अटेंडेंस को जिओ फेंसिंग करने तथा स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर और कर्मियों ने प्रतिनियुक्त स्थल छोड़ कहां कहां से अटेंडेंस बनाया है, उसका ब्यौरा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

# चोरी की गाड़ी से बिहार शराब भेजने वाले दो जालसाज गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो की पुलिस ने दो जालसाजों को गिरफ्तार किया है। जो चोरी कर गाड़ी से बिहार में अवैध शराब का कारोबार करते थे और फिर मन मुताबिक ग्राहक मिला तो उसे उस गाड़ी को बेच देते थे। पुलिस की पकड़ में आये जालसाजो के उपर पहले का भी अपराधिक इतिहास रहा है। जानकारी देते हुए जिला कप्तान हरविंदर सिंह ने बताया कि गाड़ी खरीदने आये जालसाजो ने धोखे से गाड़ी लेकर फरार हो गये थे। गाड़ी के मालिक चास के बांधगोड़ा साइट का रहने वाला बिट्टू कुमार ने ओएलएक्स के माध्यम से गाड़ी बेचने के फोटो डाला था। जब गाड़ी मालिक अपना स्कॉर्पियो लेकर पहुंचा तो खरीद बिक्री के लिए दो व्यक्तियों द्वारा इनको तलगडिया मोड़ में मिलने के लिए बुलाया गया। जहां उक्त दोनो व्यक्ति द्वारा जालसाजी पूर्वक मौके का फायदा उठा कर इनका मारूती स्वीफ्ट वाहन सं0- जेएच 02यू 9899 को चोरी कर भाग गये थे। प्राप्त सूचना से वरीय पदाधिकारी को अवगत कराते हुए निर्देशानुसार सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चास के नेतृत्व में गठित टीम के पुलिस पदाधिकारी एवं सस्त्र बल के साथ आवश्यक कार्रवाई एवं छापामारी के क्रम में घटना में चोरी की गयी मारूती स्वीफ्ट कार एवं कांड के प्राथमिकी अभियुक्त नितीश कुमार को पीरटांड गिरीडीह एवं परवेश मांझी को घटना कारित करने में प्रयुक्त स्कॉपियो वाहन सं बीआर 21पी 4161 के साथ डुमरी गिरिडीह से बरामद किया गया। जिसके बाद दोनो गाड़ी एवं नितीश कुमार तथा परवेश मांझी को चिरा चास थाना लाया गया। पूछताछ के दौरान पता चला कि नितीश कुमार अलीगंज एवं दूसरा प्रवेश मांझी गांव तेलारडीह थाना चन्द्रदीप जिला- जमुई दोनो बिहार के रहने वाला है। दोनो के पास से बरामद गाड़ी एवं दो मोबाइल को पुलिस ने विधिवत जब्त करते हुए उक्त दोनो को गिरफ्तार किया है। अग्रतर पुछताछ के क्रम में उक्त दोनो अभियुक्तो द्वारा बताया गया कि उक्त गाडी चोरी करने का इनका मुख्य उद्देश्य चोरी की गयी वाहन से बिहार के पडोसी राज्यों से अवैध रूप से शराब परिवहन कर लाना एवं उसे ले जाकर बिहार के विभिन्न क्षेत्रों में खरीद बिक्री करना था। छापामारी में पुअनि चन्दन कुमार दुबे, थाना प्रभारी चिरा चास, पुअनि अभिषेक रंजन, थाना प्रभारी पिण्ड्राजोरा, पुअनि प्रकाश मंडल, थाना प्रभारी चास (मु), पुअनि विक्रम कुमार, चिरा चास थाना पुअनि राजकपुर सेठ, चिरा चास थाना, पुअनि राहुल राम, चास थाना, सअनि रंजन मिश्रा, चिरा चास थाना शामिल थे।

## दी पेंटिकॉस्टल असेंबली स्कूल में रंगारंग सांस्कृतिक संध्या

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** दी पेन्टिकॉस्टल असेंबली स्कूल के प्राइमरी विंग (प्राथमिक शाखा) द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में भारत की लोक-संस्कृति और परंपराओं का अद्भुत संगम देखने को मिला। द्वितीय से पांचवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने देश के विभिन्न प्रांतों के लोकनृत्य और गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक महोदय रेवरेंड डॉ डीएन प्रसाद एवं मुख्य शैक्षणिक अधिकारी रीता प्रसाद की प्रार्थना से हुआ, तत्पश्चात स्वागत भाषण और स्वागत गीत ने समारोह में चार चाँद लगा दिया। ओडिशा का संबलपुरी नृत्य, केरल का थेयथका और गुजरात का लोकनृत्य अपनी रंगीन अदाओं से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर गया। वहीं पश्चिम बंगाल का मोनोमोर मेघरी शोंगी, अरुणाचल का चकमा नृत्य और असम का बिहू गीत ने अनेकता में एकता का रंग बिखेरा। महाराष्ट्र का फिशरमैन गीत, छत्तीसगढ़ का बादल गरजे और राजस्थान की घणी खम्मा, प्रस्तुति ने हर्षोल्लास का समां बांध दिया। रंगारंग कार्यक्रम के अंतिम चरण ने उत्तराखंड का कुमाउंनी गीत, झारखंड का बेरा उगेला और पंजाब का जोशीला भांगड़ा नृत्य ने पूरे सभागार को अपने रंगों में रंग दिया। वहीं कक्षा तृतीय से पांचवीं के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत हिंदी नाटक नहले पर दहला ने हास्य और रोमांच का अनोखा मिश्रण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रंजीता शरण सिंह (जनरल मैनेजर, एसबीआइ, कोलकाता) ने बच्चों की कला- कौशल और उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि आज के ये नौनिहाल (बच्चे) ही कल के भविष्य हैं। इनकी प्रतिभा आने वाले भविष्य के लिए भारत की उज्ज्वल तस्वीर प्रस्तुत करेंगी। कार्यक्रम का समापन विद्यालय की प्राचार्या डॉ करुणा प्रसाद के धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्रगान के साथ हुआ। उन्होंने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर आगे बढ़ने और अपने जज्बे को बनाये रखने के लिए प्रोत्साहित किया।

## वासेपुर में प्रिंस खान के गुर्गे अदनान के घर पुलिस की कुर्की जब्ती



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** वासेपुर में प्रिंस खान के गुर्गे अदनान उर्फ अंडा के घर पुलिस की कुर्की जब्ती, वासेपुर के कमर मखदुमी रोड स्थित प्रिंस खान के गुर्गे और आरोपी अदनान उर्फ अंडा के घर बैंक मोड़ थाना और भूली ओपी की पुलिस ने कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की। इस दौरान इलाके में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात था ताकि किसी तरह की अप्रिय घटना न हो। भूली ओपी थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने बताया कि अदनान उर्फ अंडा कई आपराधिक मामलों में वांछित है। अदनान उर्फ अंडा के खिलाफ न्यायालय से कुर्की-जब्ती का आदेश जारी किया गया था, जिसे शनिवार को अमल में लाया गया। कुर्की-जब्ती के दौरान आसपास बड़ी संख्या में स्थानीय लोग इकट्ठा हो गये। पुलिस ने लोगों को समझाया कि यह कार्रवाई न्यायालय के आदेश पर की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि फरार आरोपियों पर नकेल कसने और अपराध पर रोक लगाने के लिए इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## बोकारो स्टील प्लांट में सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक विशेष पहल के तहत स्टील मेल्टिंग शॉप-न्यू द्वारा मानव श्रृंखला कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने सुरक्षा संदेशों और नारों से युक्त तख्तियों के माध्यम से सड़क सुरक्षा का संदेश साझा किया। इस अवसर पर अधिशासी निदेशक (संकार्य) प्रिय रंजन उपस्थित रहे। उन्होंने सड़क पर सतर्क रहने, यातायात नियमों का पालन करने और सुरक्षित कार्य परिवेश सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएं) बीके सरतापे, सुरक्षा इंजीनियरिंग विभाग, स्टील मेल्टिंग शॉप-न्यू के अधिकारी और कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ठेका श्रमिक उपस्थित थे। एक अन्य कार्यक्रम में कोक ओवन एवं कोल केमिकल्स विभाग ने अपने कर्मचारियों और श्रमिकों के बीच सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने के लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरूआत विभागीय सुरक्षा पदाधिकारी बागान मुर्मू द्वारा सुरक्षा शपथ से हुई। तत्पश्चात कलाकारों ने नाटक का भावपूर्ण मंचन प्रस्तुत किया, जिसने सुरक्षा के महत्व को प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अधिशासी निदेशक (संकार्य) प्रिय रंजन ने नुक्कड़ नाटक की सराहना करते हुए कहा कि सभी कर्मचारियों और श्रमिकों को सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने सुरक्षा को कार्यस्थल की सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए सभी को सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक (सीओ एवं सीसी) भास्कर प्रसाद, मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निशमनसेवाएं) बीके सरतापे, महाप्रबंधक अरुण कुमार, बीके सिंह, एस पांडा, बृजेश कुमार और सी घड़ाई सहित विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी और श्रमिक उपस्थित थे। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभाशाली कलाकारों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहन स्वरूप उपहार प्रदान किए गए।

## सांसद खेल महोत्सव को लेकर बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** धनबाद लोकसभा के अंतर्गत सांसद खेल महोत्सव जो 21 सितंबर से 25 दिसंबर तक निर्धारित है की आयोजन हेतु शनिवार 27 सितम्बर को सांसद कार्यालय सरायढाला धनबाद में सांसद खेल महोत्सव के चेयरमैन एंजेला सिंह की अध्यक्षता में खेल संघो के अधिकारियों के साथ एक बैठक हुई। जिसमे सभी खेलों की सुचारू रूप से आयोजन हेतु विचार विमर्श किया गया। इसमें निर्णय लिया गया की शहरी क्षेत्र के साथ-साथ सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों के भी रजिस्ट्रेशन कराया जाए जिससे ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को भी अपने होनर दिखाने का मौका मिले और जिला राज्य तथा देश का प्रतिनिधित्व कर सके। सभी खेल संघो ने उम्मीदो के साथ यह बताए की लगभग 20000 से 25000 खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन करा कर सांसद खेल महोत्सव धनबाद में खिलाड़ियों का भागीदारी करायेंगे। इस अवसर पर एंजेला सिंह, अजय सिंह, विनय सिंह, जुबेर आलम, मोहम्मद सलाउद्दीन, मृदुल बोस, शुभंकर सरकार, सूरज प्रकाश लाल, शशिकांत पांडे, तारकनाथ दास, श्यामल दॉ, मुकेश सिन्हा, संजय झा, मिल्टन पार्थ सारथी, राम जी मिश्रा, संजय मुखर्जी सतनारायण यादव आदि उपस्थित थे।

## बीएसएल सीएसआर और एमइपीएल ने परिधीय गांव के युवाओं को दिया नि: शुल्क प्रशिक्षण



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बीएसएल के सीएसआर विभाग के तत्वावधान में महेंद्रा एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड (एमइपीएल) द्वारा सरकारी और निजी संगठनों में भर्ती हेतु विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए 3 बैच में परिधीय क्षेत्रों के लगभग 300 लाभार्थियों को नि:शुल्क कोचिंग प्रदान करने की शुरूआत 27 सितंबर को महेंद्रा एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड सेंटर, चास में हुई। उद्घाटन कार्यक्रम में बीएसएल के अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगानी एवं अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी के साथ सीएसआर विभाग के महाप्रबंधक बी बनर्जी एवं महेंद्रा एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड (एमईपीएल) के प्रतिनिधि उपस्थित थे। ज्ञातव्य है कि बीएसएल के सीएसआर के तहत विगत 23 जून 2025 को सीएसआर विभाग और महेंद्रा एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड (एमइपीएल) के बीच परिधीय क्षेत्रों के विद्यार्थियों को नि:शुल्क कोचिंग प्रदान करने के लिए एक एमओए पर हस्ताक्षर किया गया था। अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) रंगानी ने अपने सम्बोधन में छात्रों को इस अवसर का भरपूर लाभ उठाने का आह्वान किया। अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी ने भी बीएसएल एवं महेंद्र एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड के इस संयुक्त पहल पर प्रकाश डालते हुए लाभार्थियों के लिए इसे उपयोगी बताया। कार्यक्रम का संचालन महा प्रबंधक (सीएसआर) के नेतृत्व में सीएसआर विभाग द्वारा किया गया।

## बीएसएल में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन



बोकारो (आजाद सिपाही)। बी एस एल के राजभाषा विभाग के द्वारा 27 सितंबर को राजभाषा पखवाड़ा–2025 के अंतर्गत मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास केंद्र के मिनी ऑडिटोरियम में गैर संकार्य समूह के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिये भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बड़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता का मूल्यांकन निर्णायक मंडली द्वारा किया जायेगा तथा विजेताओं को राजभाषा पखवाड़ा 2025 के समापन समारोह में पुरस्कृत किया जायेगा। इस कार्यक्रम का आयोजन राजभाषा विभाग के आलोक कुमार, उपमहाप्रबंधक सह राजभाषा अधिकारी, (संपर्क एवं प्रशासन) एवं मानस चन्द्र रजवार, सहायक प्रबंधक (संपर्क एवं प्रशासन) के द्वारा किया गया।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमंडल,राँची(ग्रामीण)**

अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना
नेशनल कम्पेटेटीभ बिडिंग
ई–टेन्डर रेफरेंन्स नं0–प०नि०वि०/राँची (ग्रामीण)–10/2025–26, दिनांक :–26.09.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | Construction of Approach Road/Service road to IIAB Road (Total Length-400m) ( Including Utility Shifting & Plantation) Under Road Division Ranchi (Gramin) for the year 2025-26 |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रू० लाख में) | रु० 402.81400 लाख। |
| 3. | अग्रधन की राशि (रू० लाख में) | रु० 4.03 लाख मात्र। |
| 4. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 02 (दो) माह। |
| 5. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 08.10.2025 10:30 बजे पूर्वाह्न |
| 6. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/समय | 15.10.2025 12:00 बजे दोपहर तक |
| 7. | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, राँची(ग्रामीण)। |
| 8. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 0651–2361018 |
| 9. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651–2403007 |

- प्राक्कलित राशि एवं अग्रधन की राशि घट–बढ़ सकती है, जिसे Tender Online Upload में देखा जा सकता है एवं किसी भी प्रकार का बदलाव http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
- नियम एवं शर्तो के लिए http://jharkhandtenders.gov.in पर Login कर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग,
पथ प्रमंडल, राँची(ग्रामीण)

PR 363148 Road(25-26).D



**कार्यपालक पदाधिकारी का कार्यालय,नगर पंचायत कोडरमा**

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 12/2025–26
दिनांक – 26.09.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत कोडरमा |
| 2 | परिमाण विपत्र की बिक्री स्थान, तिथि एवं समय | कार्यालय नगर पंचायत कोडरमा, दिनांक 07.10.2025 को अपराह्न 03:00 बजे तक |
| 3 | निविदा प्राप्ति का स्थान, तिथि एवं समय | कार्यालय नगर पंचायत कोडरमा, दिनांक 09.10.2025 को 11:00 बजे पूर्वाहन से 03:00 बजे अपराह्न तक |
| 4 | निविदा खोलन का स्थान, तिथि एवं समय | कार्यालय नगर पंचायत कोडरमा, दिनांक 10.10.2025 को अपराह्न 12:30 बजे अपराह्न से अन्तिम निविदा खुलने तक |

| क0 सं0 | वार्ड सं0 | कार्य का नाम | निविदा की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूण्ड्र करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| सडक परिवहन मद | | | | | | |
| 1 | 15 | सुधा स्वीट्स के पास अरघोती नदी पर आर0सी0सी0 पुलिया निर्माण कार्य। | 594860.00 | 11900.00 | 5000.00 | 02 माह |
| 2 | 09 | कोडरमा बजरंग चौक फर्निचर दुकान के सामने पेबर ब्लॉक बिछाने का कार्य। | 442200.00 | 8900.00 | 1000.00 | 01 माह |
| 3 | 02 | जलवाबाद मदिना मस्जिद से पी0सी0सी0 सडक निर्माण कार्य। | 490345.00 | 9900.00 | 1000.00 | 01 माह |
| 4 | 01 | ऑफिसर कॉलोनी में पेबर ब्लॉक बिछाने का कार्य। | 750700.00 | 15100.00 | 5000.00 | 02 माह |
| 15वें वित्त आयोग (UAAM) मद | | | | | | |
| 5 | 15 | UHWC बरसोतियाबर में योगा शेड निर्माण एवं पेबर ब्लॉक बिछाने का कार्य। | 888315.00 | 17800.00 | 5000.00 | 02 माह |
| नागरिक सुविधा मद | | | | | | |
| 6 | 01 | डुमरियाटांड में HYDT के साथ 1.5HP समरसेबल अधिष्ठापन कार्य तथा सार्वजनिक पानी स्टोरेज हेतु पानी टंकी स्टील स्टैण्ड के साथ अधिष्ठापन कार्य। | 454000.00 | 9100.00 | 1000.00 | 01 माह |
| 7 | 01 | फुलवरिया में HYDT के साथ 1.5 HP समरसेबल अधिष्ठापन कार्य तथा सार्वजनिक पानी स्टोरेज हेतु पानी टंकी स्टील स्टैण्ड के साथ अधिष्ठापन कार्य। | 470500.00 | 9500.00 | 1000.00 | 01 माह |
| 05 | 15 | रैन बसेरा भवन, बरसोतियाबर कोडरमा का जिर्णोद्धार कार्य। | 699900.00 | 14000.00 | 5000.00 | 02 माह |
| 09 | 09 | राजकमल कपडा दुकान के पास आर0सी0सी0 नाली कार्य। | 387300.00 | 7800.00 | 1000.00 | 01 माह |
| 10 | 15 | बरसोतियाबर UHWC के सामने गार्डवाल निर्माण कार्य। | 824100.00 | 16500.00 | 5000.00 | 02 माह |
| 11 | 14 | मिथलेश कुमार घर से राजकुमार यादव घर के पास कल्भर्ट तक ढक्कन सहित आर0सी0सी0 नाली के साथ राजकुमार यादव घर के पास कल्भर्ट निर्माण कार्य। | 769500.00 | 15400.00 | 5000.00 | 02 माह |

ह0/–
प्रशासक
नगर पंचायत कोडरमा

PR 363142 Urban Development(25-26).D

### लद्दाख के डीजीपी एसडी सिंह जामवाल ने दी जानकारी

# वांगचुक पर पाकिस्तानी कनेक्शन और विदेशी फंडिंग का शक, हो रही है जांच

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लेह।** लद्दाख के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) एसडी सिंह जामवाल ने शनिवार को बताया कि सोनम वांगचुक के खिलाफ पाकिस्तान से कथित संबंधों को लेकर जांच जारी है। यह जांच पिछले महीने एक पाकिस्तानी खुफिया एजेंट की गिरफ्तारी के बाद शुरू हुई है, जो वांगचुक के विरोध प्रदर्शनों के वीडियो सीमा पार भेज रहा था।

डीजीपी जामवाल ने सोनम वांगचुक को बुधवार को हुई हिंसा का मुख्य सूत्रधार बताया, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हुए। शुक्रवार को वांगचुक को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत हिरासत में लेकर राजस्थान के जोधपुर जेल भेज दिया गया।

**उनकी गतिविधियां संदिग्ध हैं :** डीजीपी ने कहा अब तक जांच में जो सामने आया है, उसे फिलहाल सार्वजनिक नहीं किया जा सकता। लेकिन वांगचुक के भाषणों और गतिविधियों से यह साफ है कि उनकी मंशा लोगों को भड़काने की थी। उन्होंने अरब स्प्रिंग और नेपाल, बांग्लादेश व श्रीलंका में हुए आंदोलनों का जिक्र कर लोगों को उकसाया। उन्होंने बताया कि विदेशी फंडिंग और एफसीआरए उल्लंघन की भी



जांच की जा रही है। एक पाकिस्तानी खुफिया ऑपरेटिव को पकड़ा गया है, जो वांगचुक के नेतृत्व वाले प्रदर्शनों के वीडियो पाकिस्तान भेज रहा था।

## विदेश यात्राएं भी जांच के दायरे में

पुलिस प्रमुख ने वांगचुक की कुछ विदेश यात्राओं को भी संदिग्ध बताया। वांगचुक ने पाकिस्तान के एक मीडिया हाउस 'द डॉन' के कार्यक्रम में हिस्सा लिया था और बांग्लादेश की यात्रा भी की थी।

## शांति भंग करने की कोशिश की

डीजीपी ने कहा कि वांगचुक लेह एपेक्स बॉडी और करगिल डेमोक्रेटिक अलायंस की ओर से चल रहे राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची की मांग को लेकर आंदोलन का चेहरा बने थे, लेकिन उन्होंने संवाद प्रक्रिया को पटरी से उतारने की कोशिश की।

उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार और लद्दाख प्रतिनिधियों के बीच 25 सितंबर को एक अनौपचारिक बैठक प्रस्तावित थी, लेकिन वांगचुक ने उसी दिन भड़काऊ वीडियो और बयान जारी कर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की, जिसका नतीजा हिंसक झड़पों के रूप में सामने आया।

## नेपालियों की भूमिका भी संदेह के घेरे में

एलजी कविंद्र गुप्ता के विदेशी साजिश के बयान का समर्थन करते हुए डीजीपी ने कहा कि तीन नेपाली नागरिकों को गोली लगने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है, और अन्य संदिग्ध विदेशी नागरिकों की भूमिका भी सामने आ रही है। बुधवार की हिंसा के मामले में अब तक 50 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें से 6 प्रमुख षड्यंत्रकारी माने जा रहे हैं। डीजीपी जमवाल ने कहा, साफ है कि वांगचुक ही इस पूरे घटनाक्रम के मुख्य प्रेरक थे, इसलिए उन्हें राज्य से बाहर की जेल में रखा गया है।

# इंडियन आर्मी 'अनंत शस्त्र' एयर मिसाइल वेपन सिस्टम खरीदेगी

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** भारतीय सेना का एयर डिफेंस सिस्टम अब और मजबूत होगा। सेना ने भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड को लगभग 30 हजार करोड़ में 'अनंत शस्त्र' सरफेस टू एयर मिसाइल वेपन सिस्टम खरीदने का टेंडर जारी किया है। इसे रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने बनाया है। पहले इसे क्विक रिएक्शन सरफेस टू एयर मिसाइल कहा जाता था। अब इसका नाम बदलकर अनंत शस्त्र रखा गया है। अनंत शस्त्र की 5 से 6 रेजिमेंट खरीदी जाएंगी और इन्हें पाकिस्तान-चीन की सीमाओं पर तैनात किया जायेगा। अनंत शस्त्र की खासियत यह है कि यह चलते-फिरते भी दुश्मन के टारगेट को हिट कर सकता है। साथ ही बहुत कम समय में फायर कर सकता है। इसकी मारक क्षमता लगभग 30 किलोमीटर तक है। यह सेना के मौजूदा आकाशतीरऔर मीडियम रेंज सरफेस टू एयर मिसाइल मिसाइल सिस्टम का साथ देगा। 'अनंत शस्त्र' की दिन और रात दोनों में सफल टेस्टिंग की जा चुकी है। इसी साल मई में हुए ऑपरेशन सिंदूर के बाद इस प्रोजेक्ट को हरी झंडी दी गयी थी।

# बरेली बवाल: मौलाना भूल गया किसका शासन है: योगी

**बोले, ऐसा सबक सिखायेंगे, तुम्हारी पीढ़ियां दंगे करना भूल जायेंगी**

**इत्तहादे मिल्लत काउंसिल के अध्यक्ष तौकीर रजा गिरफ्तार**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के बरेली में जुमे पर 'आई लव मोहम्मद' को लेकर बवाल के बाद पुलिस एक्शन मोड में आ गयी है। शनिवार शाम को इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गयीं। वहीं, इत्तहादे मिल्लत काउंसिल के अध्यक्ष मौलाना तौकीर रजा समेत 8 लोगों को बरेली पुलिस ने गिरफ्तार



कर लिया। 39 लोगों को हिरासत में लिया है। मौलाना को 14 दिन के लिए जेल भेज दिया गया है। इसके अलावा, 2000 अज्ञात लोगों पर पांच थानों में मुकदमे दर्ज किये गये हैं। 10 मुकदमों में से 7 में तौकीर रजा का नाम है। दरअसल, शुक्रवार को मौलाना तौकीर रजा की अपील पर ही भीड़ सड़क पर उतर आयी थी। पुलिस ने रोका तो पथराव कर दिया था। इसके बाद पुलिस ने दौड़ा-दौड़ा कर पीटा था।

इधर, मुख्यमंत्री योगी ने एक कार्यक्रम में कहा कि मौलाना भूल गया कि शासन किसका है? वो मानता था कि धमकी देंगे और जबरदस्ती जाम कर देंगे। हमने कहा कि जाम नहीं होगा। कर्फ्यू भी नहीं लगने देंगे। ऐसा सबक सिखायेंगे कि तुम्हारी आने वाली पीढ़ियां दंगे करना भूल जायेंगी। इधर, लखनऊ की सड़कों पर नये होर्डिंग लगवा दिये गये हैं। इन पर लिखा है कि 'आई लव श्री योगी आदित्यनाथ जी' और 'आई लव बुलडोजर'।

### बोकारो धर्मशाला मोड़ में प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन का आयोजन

# मोदी के नेतृत्व में विश्व में नयी पहचान बना रहा है भारत : लक्ष्मण प्रसाद सिंह

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बोकारो।** भाजपा के सेवा पखवारा के तहत शनिवार को बोकारो धर्मशाला मोड़ में प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में मोदी सरकार की नीतियों और योजनाओं का बखान किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व आइजी सह वरिष्ठ भाजपा नेताा लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत विश्व में अपनी नयी पहचान बना रहा है।




श्री सिंह ने कहा कि गरीबों के कल्याण, युवाओं के सशक्तिकरण और महिलाओं के उत्थान के लिए सरकार ने अनेक योजनाएं शुरू की हैं। उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना और जन-धन जैसी योजनाओं से करोड़ों लोगों का जीवन संवर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रबुद्ध वर्ग समाज का मार्गदर्शक है और इनके सहयोग से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ और तेजी से हर व्यक्ति तक पहुंच सकता है। भाजपा सरकार की नीतियां गरीबों और किसानों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं। कार्यक्रम में पूर्व आइजी सह वरिष्ठ भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह के साथ पूर्व विधायक बिरंची नरायण समेत कई लोग उपस्थित थे।

# यूपी में कालिया का एनकाउंटर

**● छात्र की हत्या के बाद साथी को छुड़ाने पहुंचा था जुबैर**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गोरखपुर।** गोरखपुर के पिपराइच थाना क्षेत्र के जंगल छत्रधारी के महुआ चाफी टोले में छात्र दीपक गुप्ता की हत्या के बाद मुख्य आरोपी जुबैर गोंडा के अपने साथी वहाब के साथ चोरी-छिपे माहौल भांपने पहुंचा था। वह पकड़े गए अपने साथी अजहर उर्फ अजब हुसैन को छुड़ाने के इरादे से पहुंचा था लेकिन वहां ग्रामीणों के उग्र रूख को देखकर दोनों भाग निकले। दोनों को पुलिस लंबे समय से अंतरराज्यीय पशु तस्करी नेटवर्क का सरगना मानती रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए शासन ने इसकी जांच एसटीएफ को सौंप दी थी। इसके बाद एसटीएफ के साथ रामपुर पुलिस भी दोनों की तलाश में जुट गई थी। जुबैर और वहाब सिर्फ गोरखपुर ही नहीं, बल्कि गोंडा, बहराइच, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर से लेकर बिहार तक फैले मवेशी तस्करी के गढ़ में सक्रिय रहे हैं। जुबैर आठ साल से पशु तस्करी में लिप्त था, लेकिन पिछले साल सितंबर माह में वह पहली बार चर्चा में आया। जब उसने बलरामपुर जिले के तुलसीपुर में पशु तस्करी का विरोध करने पर दो सिपाहियों के सिर पर डंडे से हमला कर लहूलुहान कर दिया था। इसके बाद उसपर 50 हजार का इनाम घोषित किया था।




































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**